देवघर संस्करण वर्ष : 6, अंक : 11 पंजीयन संख्या : JHAHIN/2019/78205 website : www.awazlive.com संवत 2081, बैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा बुधवार, 24 अप्रैल, 2024 पृष्ठ : 16 ₹4:00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



रोहन बोपन्ना पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित



स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने लिया संन्यास

# दिल्ली हाईकोर्ट से शिबू सोरेन को राहत

## झामुमो की संपत्तियों की जांच पर 10 मई तक लगाई रोक




**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन से जुड़ी दो संपत्तियों की जांच पर भारत के लोकपाल को 10 मई तक कोई भी कदम उठाने पर रोक लगाई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने लोकपाल के समक्ष शिकायत दायर करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को झामुमो की याचिका पर नोटिस जारी किया है। याचिका में लोकपाल के चार मार्च के आदेश को चुनौती दी गई है। लोकपाल ने अपने आदेश में झामुमो के स्वामित्व वाली दो संपत्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था।

### 10 मई को होगी मामले की अगली सुनवाई

*दिल्ली उच्च न्यायालय में 10 मई को आगे की सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई को अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में लोकपाल को देने की अनुमति है। हालांकि, सुनवाई की अगली तारीख यानी 10 मई तक लोकपाल द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।*

### झामुमो ने दायर याचिका में क्या कहा !

*दिल्ली उच्च न्यायालय में झामुमो द्वारा दायर की गई याचिका में कहा गया है कि लोकपाल का आदेश प्रथम दृष्टया कानून की दृष्टि से खराब और अधिकार क्षेत्र के बिना है। दावा किया गया कि यह आदेश झामुमो की जानकारी के बिना पारित किया गया था।*

### क्या है मामला !

लोकपाल को दी गई अपनी शिकायत में निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया था कि सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। आगे कहा गया है कि भ्रष्ट तरीकों को अपनाकर अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की गई। भाजपा नेता ने दावा किया कि सोरेन ने ये संपत्ति अपने, अपने परिवार के सदस्यों, दोस्तों, सहयोगियों और कंपनियों के नाम की हैं। इस बारे में लोकपाल ने सीबीआई से मासिक रिपोर्ट भेजकर अपनी जांच की प्रगति के बारे में जानकारी देने को भी कहा है। लोकपाल ने यह भी कहा है कि विचाराधीन दो संपत्तियां झामुमो के नाम पर हैं, जो राज्यसभा सांसद सोरेन द्वारा स्थापित एक राजनीतिक दल है और 2014 में उनके माध्यम से खरीदी गई थी। आगे कहा गया था कि जेएमएम को शिबू सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो भारी राजनीतिक प्रभाव रखते हैं। आदेश में आगे कहा गया था कि झामुमो के नाम पर संपत्तियों की जांच की जानी चाहिए।

# हेमंत सोरेन की जमानत पर एक मई को होगी सुनवाई

- **ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का मांगा था समय**



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया। हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया। ईडी के आग्रह को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए एक मई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने 30 अप्रैल तक ईडी को जबाव दाखिल करने का समय दिया है। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

### अर्जुन मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से भरा नामांकन पत्र

**खूंटी ।** भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने कर्रा के सोनमेर मंदिर और अंगराबारी में मत्था टेका। इस मौके पर पूर्व सांसद व वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो उपस्थित थे।

### पहली बार अलीगढ़ मुस्लिम विवि की वीसी बनी महिला

**अलीगढ़।** एएमयू का वीसी कौन होगा इसको लेकर लंबे समय से तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन अचानक आए एक फैसले ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को एक नया वीसी दे दिया है। प्रोफेसर नईमा खातून को राष्ट्रपति द्वारा यूनिवर्सिटी का नया वीसी बनाया गया है. वह यूनिवर्सिटी की पहली महीला वीसी बनी हैं।

# अभी जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने 7 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

- **शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में हैं दिल्ली के सीएम**

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की आबकारी नीति में हुए कथित घोटाले में अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है. आबकारी नीति में मनी लांड्रिंग के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई. पेशी के बाद स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने आबकारी मामले में अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है.कोर्ट ने मामले से जुड़े दो अन्य आरोपी इफ्र नेता ङ कविता और आम आदमी पार्टी के कथित फंड मैनेजर चरणप्रीत सिंह की भी न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी गई है. मनी लांड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया है था. जिसके बाद से वे दिल्ली की तिहाड़ देल में बंद हैं. दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति में सीएम केजरीवाल के ऊपर मनी लांड्रिंग का आरोप है. उनकी गिरफ्तारी से पहले एऊने उन्हें कई समन भेजे थे. गिरफ्तारी से बचने के लिए केजरीवाल दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खट-खटाया था, जिसको दिल्ली हाइकोर्ट ने खारिज कर दिया था. अब फिर उनकी न्यायिक हिरासत 7 मई बढ़ा दिया गया है.अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी चुनाव से ठीक पहले हुई है. जिसको लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र पर कई सवाल उठाए हैं. विपक्ष का कहना है कि केंद्र सरकार केंद्र एजेंसियों का इस्तेमाल अपने नीजि फायदे और विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिए कर रही है।

### तिहाड़ जेल में पहली बार दी गई इंसुलिन



*शराब घोटाले मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बीमारी और इंसुलिन को लेकर विवाद कम नहीं हो रहा. इंसुलिन को लेकर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जमकर बयानबाजी हो रही है. इस बीच खबर है कि केजरीवाल को तिहाड़ में पहली बार इंसुलिन दी गई है. सूत्रों के मुताबिक, जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार बढ़ रहा था. उनका शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था. इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है।*

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने बरहामपुर में चुनाव स्थगित करने को कहा

- **रामनवमी के दौरान हुई हिंसा को लेकर दाखिल की गई थी याचिका**

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**कोलकाता।** रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग से मौजूदा स्थिति को देखते हुए बरहामपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव स्थगित करने को कहा। दरअसल, मामले की एनआईए जांच की मांग करते हुए याचिका दायर की गई थी। अब अगली सुनवाई 26 अप्रैल को होगी।कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सख्त निर्देश दिए कि वह उन निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव की अनुमति नहीं देगा, जहां रामनवमी के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। अदालत ने कहा, 'अगर लोग 8 घंटे शांति से किसी भी पर्व का आनंद और जश्न नहीं मना सकते, तो हम चुनाव आयोग को ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव नहीं कराने की सिफारिश करेंगे।' अदालत ने सख्त लहजे में कहा, 'यदि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद दो समूहों के लोग लड़ रहे हैं तो एक-दूसरे को अपने प्रतिनिधि को वोट देने का कोई हक नहीं है।'

### 26 अप्रैल को अगली सुनवाई



*रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई थी। इसके बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार से हलफनामा मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग से मौजूदा स्थिति को देखते हुए बरहामपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव स्थगित करने को कहा है। याचिका में एनआईए जांच की मांग की गई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तारीख तय की है। याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि वह उन निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव की अनुमति नहीं देगा। जहां रामनवमी के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई थी।*

# पहले चरण की वोटिंग के बाद भाजपा परेशान : सीएम ममता

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**कोलकाता।** कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी पीएम मोदी के इस बयान के बाद विपक्ष बिफरा हुआ है। कांग्रेस चुनाव आयोग से शिकायत कर चुकी है। अब बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम के बयान पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण की वोटिंग के बाद से बीजेपी परेशान है। यही वजह है कि इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा, मैं पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बयानों से दुखी हूं। मैं उनके शब्दों को दोहराना नहीं चाहती। मगर, ये तय है कि आने



वाले दिनों में उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। विभाजन के बीच बोकर कोई चुनाव नहीं जीत सकता। बता दें कि पीएम मोदी ने बीते रविवार राजस्थान के बांसवाड़ा में चुनावी सभा संबोधित की थी। उन्होंने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के एक बयान का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर हमला किया था। पीएम मोदी ने दावा किया कि मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है। इसके बाद उन्होंने कहा अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी। ये शहरी-नक्सली मानसिकता माताओं-बहनों के मंगलसूत्र भी नहीं छोड़ेगी। पीएम मोदी के बयान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन पर हमला बोला। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा था, मोदी जी के बौखलाहट भरे भाषण से दिखा कि प्रथम चरण के नतीजों में इंडिया जीत रहा है।

*कर्ज न चुकाने वालों के संबंध में बंबई हाई कोर्ट का फैसला*

# लुकआउट सर्कुलर जारी नहीं कर सकते सरकारी बैंक

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। अदालत के फैसले के बाद ऐसे बैंकों द्वारा चूककर्ताओं के खिलाफ जारी किए गए सभी एलओसी रद्द हो जाएंगे। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए वकील आदित्य ठक्कर ने अदालत से अपने आदेश पर रोक लगाने की मांग की, लेकिन पीठ ने इनकार कर दिया। अदालत ने उक्त धारा की वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि आव्रजन ब्यूरो ऐसे एलओसी (चूककताओं के खिलाफ बैंकों द्वारा जारी) पर कार्रवाई नहीं करेगा। अदालत ने यह भी कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा।

## हवाई सफर को लेकर डीजीसीए ने बदला नियम

# 12 साल तक के बच्चों को माता-पिता के साथ मिलेगी सीट

- **लगातार शिकायतों के बाद लिया गया बड़ा फैसला**

**एजेंसी। 23 अप्रैल**


**नई दिल्ली।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने भारतीय एयरलाइंस को आदेश दिया है कि 12 साल तक के बच्चों को उनके माता या पिता में से एक के साथ सीट देना अनिवार्य है. इसके लिए बच्चों को समान पीएनआर पर ही ट्रैवल करने के लिए टिकट अलॉट किया जाना चाहिए. इसके साथ ही इस व्यवस्था का एयरलाइन कंपनियों को रिकॉर्ड भी संभालकर रखना होगा.



डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा है कि एयरलाइन को ये सुनिश्चित करना होगा कि 12 साल तक के बच्चों को उसके अभिभावकों में से किसी एक यानी माता-पिता के साथ ही सीट अलॉट करनी होगी. इसका रिकॉर्ड भी मेंटेन करना होगा और ये देखना होगा कि बच्चे का पीएनआर भी माता-पिता के पीएनआर के समान हो. दरअसल लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि हवाई यात्री खासकर वो जो समूहों में यात्रा कर रहे हैं उनमें बच्चों को अलग बिठाया जा रहा है. ऐसा तब हो रहा है अगर यात्री सीट के लिए एक्स्ट्रा भुगतान करने में इंकार करते हैं. हाल ही में एक मामला सामने आया था जहां एक बच्चे को पूरा हवाई सफर उसके माता-पिता से अलग बैठकर तय करना पड़ा।

### एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर के तहत निकाला गया आदेश

*साल 2024 का एयर ट्रांसपोर्ट सर्कुलर (एटीसी)-01 के तहत निकाले गए इस आदेश में कहा गया है कि 12 साल तक के बच्चों को उनके माता या पिता में से किसी एक के साथ ही सीट अलॉट की जाए. ये नियम उस स्थिति में लागू होगा जब पहले से ही बच्चे की सीट को माता-पिता के साथ ना दिया गया हो. वैश्विक तौर पर एयरलाइंस में पसंदीदा सीट सेलेक्शन के लिए पैसा लिया जाता है और अगर पैसेंजर ऐसा नहीं करता तो सीट प्री-बुक नहीं हो पाती है. इस स्थिति में अक्सर समूहों में यात्रा करने वाली पैसेंजर में उनके बच्चों को माता-पिता या अभिभावकों से अलग सीट पर बैठकर भी सफर करना पड़ता है।*



# झारखंड के पहले चरण के चुनाव में युवा मतदाता होंगे निर्णायक

**एक नजर**

### झारखंड में 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को हुए नामांकन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल को सिंहभूम में चार, खूंटी में चार, लोहरदगा में सात और पलामू में पांच नॉमिनेशन फॉर्म खरीदे गए। इसमें सिंहभूम से तीन, खूंटी से दो, लोहरदगा में तीन और पलामू में तीन प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया। अब तक झारखंड में चौथे चरण को लेकर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। पत्रकार वार्ता में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा भी मौजूद थीं।

■ **पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग**

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** राज्य में 13 मई को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों पर मतदान होने वाला है। इन सीटों पर युवा वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। चुनाव आयोग भी उनपर ज्यादा फोकस कर रहा है। पहले चरण में होने वाले चार सीटों पर मतदान में पहली बार 18 से 19 उम्र के 2,46,159 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए दिखेंगे। इन चारों सीटों पर पहली बार मतदान करने वालों में महिला मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक होगी।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को होने वाले मतदान के दौरान 18 से 19 उम्र के वैसे मतदाता जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे उनमें 1,08,648 पुरुष एवं 1,37,507 महिला मतदाता हैं, जबकि चार ट्रांसजेंडर मतदाता इस चुनाव में भागीदारी निभाएंगे। चुनाव आयोग 18 से 29 वर्ष के मतदाताओं को युवा मतदाता मानती है इसके तहत यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो इन चार संसदीय क्षेत्र में इस उम्र आयु वर्ग में 19 लाख और 38 हजार 241 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार प्रत्येक मतदाता का वोट एक समान है मगर चुनाव के दरमियान यह देखा जाता है कि युवा वोटिंग के प्रति काफी उत्सुक रहते हैं वह न केवल खुद बल्कि परिवार के बुजुर्ग मतदाता को भी मतदान केंद्र पर लाने में सहायक होते हैं। ऐसे में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।



चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार इन चारों संसदीय क्षेत्र में 18 से 29 आयु वर्ग में सबसे अधिक 7 लाख 11 हजार 270 मतदाता पलामू क्षेत्र में हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र है, जहां चार लाख 30 हजार 823 युवा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नजर आएंगे। इन चारों संसदीय क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र भरने के बाद स्क्रूटनी एवं नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 13 मई को इन चारों संसदीय क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

## कल्पना सोरेन 29 अप्रैल, अन्नपूर्णा देवी दो मई और दिलीप वर्मा तीन मई को करेंगे नामांकन

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** झारखंड में चौथे चरण के चुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन भी शुरू हो जायेगा। 29 अप्रैल को गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए इंडी गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और राज्य सरकार के कई मंत्रियों समेत झामुमो के राज्यसभा सदस्य सरफराज अहमद, गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद रहेंगे। कल्पना सोरेन के पर्चा दाखिल करने के बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड़ में चम्पाई सोरेन की जनसभा भी होगी। जानकारी के अनुसार कल्पना सोरेन के प्रस्तावक गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के बनने की बात कही जा रही है जबकि दूसरे प्रस्तावक का नाम फिलहाल सामने नहीं आया है। इनके अलावा दो मई को कोडरमा लोकसभा सीट के लिए ही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह में नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगी। अन्नपूर्णा देवी के नामांकन में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। इसके बाद एक जनसभा का भी आयोजन होगा। गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा तीन मई को पर्चा दाखिल करेंगे।



## कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मां दिउड़ी में की पूजा-अर्चना



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मंगलवार को रांची के तमाड़ स्थित मां दिउड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने समर्थकों के साथ पूजा-अर्चना कर मां दिउड़ी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि दिउड़ी माता रानी पर मेरी अटूट आस्था है। मैं निरंतर माता के दरबार में हाजिरी लगाने आता हूं। चुनाव की तैयारी भी मैंने माता रानी के दरबार से आशीर्वाद लेकर ही शुरूआत की थी।

## जमीन घोटाला मामले में झामुमो नेता अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों की रिमांड अवधि छह दिन बढ़ी

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में मंगलवार को रिमांड पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय की रिमांड अवधि खत्म होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया गया। ईडी ने पूछताछ के लिए फिर से सात दिनों की रिमांड मांगी। इस पर कोर्ट ने छह दिनों (29 अप्रैल) तक के लिए रिमांड अवधि बढ़ा दी। इससे पूर्व ईडी ने गत 16 अप्रैल को अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद के ठिकानों पर छापेमारी की थी। साथ ही लंबी पूछताछ के बाद देर शाम चारों को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी ने फर्जी डीड बनाने के मास्टर माइंड मोहम्मद सद्दाम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने कई अहम जानकारी दी थी। इसी आधार पर ईडी ने इन आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। अब तक की पूछताछ में ईडी को इनसे कई अहम जानकारियां मिली हैं।



### वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार जारी

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी के खिलाफ कुर्की के वारंट का इश्तेहार जारी किया है। पिछले दिनों झारखंड हाई कोर्ट ने भी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। ईडी कोर्ट भी दोनों को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर चुका है। इस केस के मुख्य आरोपित वीरेंद्र राम फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 22 फरवरी, 2023 को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। इस दौरान ईडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के आभूषण सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे।

## बिहार एसटीएफ ने रांची से एक अपराधी को किया गिरफ्तार

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ टीम ने एक अपराधी को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी के तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर से पूजा कर-के निकल रहे एक अपराधी अमित पांडेय उर्फ ब्रजेश को पकड़ा है। बिहार एसटीएफ ने फिल्मी अंदाज में उसे गिरफ्तार किया। फिर उसे स्कॉर्पियो वाहन में बैठाकर टीम निकल गयी। बताया जा रहा है कि इस पर हत्या का मामला दर्ज था। साथ ही सीतामढ़ी कोर्ट से वारंट भी जारी था। वह फिलहाल रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम बस्ती में छुपकर रह रहा था। एसटीएफ ने तकनीकी इनपुट पर आरोपित को रांची से गिरफ्तार किया। आरोपित का लोकेशन मिलने के बाद मंगलवार को एसटीएफ टीम स्कॉर्पियो वाहन से मंदिर के पास पहुंची और उसे पकड़ लिया। युवक की गिरफ्तारी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अमित पांडेय हर दिन की तरह आज भी पूजा करने मंदिर पहुंचा था। इसी बीच करीब 11.30 बजे बिहार एसटीएफ की टीम भी मंदिर के आसपास खड़ी थी। जैसे ही अमित मंदिर से बाहर निकला और फूल दुकान में पैसे देने के लिए गया। उसी दौरान एसटीएफ टीम ने घेर लिया और जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर नामकुम थाना ले गयी। युवक को कुछ लोगों द्वारा जबरन स्कॉर्पियो में बैठाता देख तुरंत पुलिस को आस-पास के लोगों ने सूचना दी। फिर अपहरण होने की बात आग की तरह आसपास में फैल गयी।



## पांच लाख के ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** रांची पुलिस ने ब्राउन शुगर के चार तस्करों को पुंदाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में मो मतिउल रहमान, फैजल अंसारी उर्फ बावला , दानिश खान, मो रिजवान शामिल है। इनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर ( 27.71 ग्राम), 4800 नगद रुपये, चार मोबाइल, एक सवारी ऑटो और एक बाइक बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुन्दाग ओपी क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने पुंदाग ओपी के जाफर टोली स्थित पुराना सामुदायिक भवन के समीप से चार लोगों को संदेह के आधार पर जांच किया गया। जांच के क्रम में उनके पास से 237 पुड़िया ब्राउन शुगर सहित अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों के अंतर्राज्यीय गिरोह के साथ जुडे होने की बात प्रकाश में आयी है। चारों का कनेक्शन बंगाल से है। इन चारों का मेन डीलर बंगाल का है। बरामद ब्राउन शुगर का बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपये है।



## संक्षिप्त खबरें

### कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। इससे पूर्व मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल किया गया। पिछली सुनवाई में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई थी। करोड़ों रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित बुजुर्ग को तीन साल की सजा

**रांची।** पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोपित अमूल कांति लाल (65) को तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 10 हजार जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर उसे एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने आरोपित को आईपीसी की धारा 354 और पॉक्सो की सेक्शन आठ के तहत दोषी पाकर तीन -तीन साल की सजा सुनाई है ।दोनों धारा की सजा साथ-साथ चलेगी। मामले में अभियोजन की ओर से छह गवाह की दर्ज कराई गई थी। आरोपित कांति लाल साहू पेशे से शिक्षक है। 22 अप्रैल 2018 को नाबालिग को उसके गांव से पढ़ाने के नाम पर रांची लाया था और उसके साथ छेड़छाड़ किया करता था। मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ।

### लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों संग डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को लेकर विधि-व्यवस्था समेत अन्य बिंदुओं को लेकर बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में वल्नरेबल मतदान केंद्रों का निरीक्षण, लाइसेंसी हथियारों की जब्ती की स्थिति, जिला में निर्वाचन को लेकर विधि व्यवस्था की स्थिति का प्रतिवेदन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम व स्टैटिक सर्विलांस टीम के द्वारा की जा रही नियमित जांच व कार्रवाई की स्थिति, उत्पाद विभाग द्वारा की जा रही छापेमारी व कार्रवाई की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

### रांची में हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी की जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक 12 बोर की एक नाली बंदूक, पांच गोली, एक पेचकस, लखनऊ जिले से निर्गत हथियार का फर्जी लाइसेंस, आधार कार्ड, मोबाइल और बैग बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो अज्ञात व्यक्ति बैग में हथियार और गोली लेकर बिक्री के लिए घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन के पास दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में गुजराल कुमार सिंह और गुड्डू चौधरी शामिल हैं।

## बल-बुद्धि के भंडार हैं श्रीहनुमान जी : देवी सिंह

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**रांची।** राजधानी के कांके स्थित नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान जी को पूजन और पुष्पांजलि कर सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा श्री हनुमान जी हर काल में रहने वाले भगवान हैं। श्री हनुमान जी बल बुद्धि के भंडार हैं, जो भी भक्त उनके शरण में जाते हैं सदैव बलवान और विवेकशील होने का वरदान पाते हैं। उन्होंने कहा महाभारत काल में भी अर्जुन के रथ के ध्वज के साथ हनुमान जी विराजमान थे, जिसके कारण अर्जुन का रथ सुरक्षित रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद विशेष संपर्क विभाग के प्रांत सहप्रमुख प्रिंस अजवानी ने कहा कि अनुशासन हम मानवों का श्रृंगार होता है। इस अनुशासन रूपी श्रृंगार के धारण से सदैव मानव कल्याण और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री हनुमान जी भी अनुशासन के धुरी के समान है। वे सदैव सेवा करने वाले लोगों के प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र साहु ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को यदि पाना है तो सबसे पहले हनुमान जी को शरण में लेना पड़ेगा।



## सड़क दुर्घटना पर झालसा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क के समीप सोमवार रात हुई सड़क दुर्घटना पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) को इस दुर्घटना में घायल लोगों के समुचित इलाज के लिए निर्देश दिया है। इसके बाद डालसा के सचिव राकेश रंजन और रांची सिविल कोर्ट के जज कमलेश बेहरा ने मंगलवार को रिम्स जाकर घायलों से मुलाकात की और रिम्स प्रबंधन को घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि मोरहाबादी में ऑक्सीजन पार्क के पास तेज रफ्तार कार (एसयूवी) ने सोमवार की शाम पांच लोगों टक्कर मार दी थी। इस घटना में जल संसाधन विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी मधु रानी की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को रिम्स सहित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



चास मेन रोड, चंद्रा टॉकीज के पास, फर्स्टक्राई स्टोर के बगल में चास
9263001480 / 9263001481

## पलामू में रैली निकालकर नामांकन के लिए पहुंचे उम्मीदवार

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**
**पलामू।** पलामू लोकसभा सीट के लिए मंगलवार को तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। बहुजन समाज पार्टी से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां और पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम ने नामांकन किया। नामांकन दाखिल करने के लिए सभी उम्मीदवार रैली निकालकर गाजे-बाजे के साथ समाहरणालय पहुंचे।

**उम्मीदों पर खरा उतरने की रहेगी कोशिश : अभय**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां ने कहा कि यदि उन्हें पलामू लोस क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है तो वे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। पलामू और गढ़वा की मुलभूत समस्याओं का निदान त्वरित गति से किया जायेगा। भाकपा जिला सचिव रूचिर तिवारी ने कहा कि नामांकन में जिस तरह से समर्थन देकर लोग पहुंचे, उससे अभय भुइयां की स्थिति मजबूत लग रही है। लोग बड़ी उम्मीद भाकपा उम्मीदवार से लगाए हुए हैं। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो ने कहा कि देश में संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है, जिसको बचाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी का जितना बहुत जरूरी है। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड में तमाम तरह की खनिज संपदा होने के बावजूद भी झारखंड के लोग अभाव का दंश झेल रहे हैं। जिला सचिव ने कहा कि यह लड़ाई गरीबी और अमीरी के बीच बढ़ती खाई को लेकर है। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि इस बार पलामू की जनता बाहरी को हराकर पलामू के युवा प्रत्याशी अभय भुइयां को संसद में भेजेगी।



**पलामू के लिए जारी रहेगा संघर्ष: कामेश्वर**

नामांकन दाखिल करने के बाद बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि जिस समाज के लोग उन्हें वोट करते हैं, उनके लिए लंबे समय तक संघर्ष किया है। यह संघर्ष जारी है। सांसद बनने के बाद तेजी से जरूरी समस्याओं पर फोकस किया जायेगा। बेरोजगारी, महंगाई, सिंचाई, शिक्षा, स्वच्छ शहर के लिए कार्य किया जायेगा। उन्होंने वर्तमान सांसद से पूछा कि पिछले 10 साल के कार्यकाल में पलामू-गढ़वा के विकास के लिए उन्होंने क्या किया। कामेश्वर बैठा ने कहा कि बसपा गरीबों की पार्टी है और दबे-कुचले लोगों की आवाज बनकर हमेशा मुखर रहती है। इस सिलसिले को बरकरार रखना है।

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित






**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम | वर्षा |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 40 | 26 | 1% |
| देवघर | 40 | 26 | 1% |
| हजारीबाग | 39 | 22 | 0% |
| आसनसोल | 42 | 27 | 1% |
| रांची | 36 | 23 | 1% |
| पटना | 41 | 27 | 0% |

## संक्षिप्त खबर

### खुदाई के दौरान ढही मिट्टी एक की मौत, दो घायल

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सेक्टर-92 में बिल्डर की साइट पर बेसमेंट की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूर दब गए जिसमें से एक की मौत हो गई जबकि दो को सेक्टर-10 सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गुरुग्राम में सेक्टर 92 में बेसमेंट की खुदाई करते समय अचानक मिट्टी गिर गई. इस दौरान तीन मजदूर दब गए. एक मजदूर की मौत हो गई और दो घायल हो गए. घायलों सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना की सूचना पाकर सेक्टर-10 थाना पुलिस मौके पर पहुंची. सेक्टर-92 के गांव मेवका में सिग्नेचर ग्लोबल का प्रोजेक्ट चल रहा है. इसमें करीब 50 फीट बेसमेंट का निर्माण करने के लिए खुदाई की जा रही थी।

### भाजपा ने लद्दाख के सांसद का टिकट काटा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले लद्दाख से मौजूदा सांसद जमयांग सेरिंग नामग्याल का टिकट काट दिया है. मंगलवार (23 अप्रैल, 2024) को पार्टी की ओर से इस सीट पर नए उम्मीदवार के नाम की घोषणा बीजेपी उम्मीदवारों की 14वीं सूची के तहत की गई. बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने इस सीट पर ताशी ग्यालसन के नाम पर मुहर लगाई. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी बयान में इसकी जानकारी दी गई. ताशी ग्यालसन पेशे से वकील हैं, जिन्होंने बाद में राजनीति का रुख किया. उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ है और वह फिलहाल लेह में लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल के चेयरमैन/सीईसी हैं।

# राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए : राजनाथ सिंह

- खूंटी में अर्जुन मुंडा के समर्थन में रक्षा मंत्री ने की जनसभा

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**खूंटी।** राज्य के खूंटी लोकसभा सीट से मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के लिए लोगों से जनसमर्थन मांगा। साथ ही केंद्र सरकार के स्तर से जनजाति समाज के लिए किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए अर्जुन को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा के बारे में बताने की जरूरत नहीं। यहां मुख्यमंत्री के तौर पर और केंद्र में मंत्री के तौर पर उनके योगदान को सभी ने देखा है। राजनाथ ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद झारखंड में बाबूलाल, अर्जुन और रघुवर दास यहां मुख्यमंत्री बने लेकिन भ्रष्टाचार का दाग किसी पर भी नहीं लगा। हेमंत सोरेन का नाम लिए बगैर कहा कि इस राज्य के एक पूर्व मुख्यमंत्री कहां हैं, बताने की जरूरत नहीं। अपने इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने कभी नहीं सुना कि कोई मुख्यमंत्री डेढ़ दिनों तक लापता रहा। राजनीति परिवार नहीं, समाज और देश के लिए की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आप जानते हैं।



# रांची में छह करोड़ का डोडा लोड ट्रक जब्त, आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**रांची।** राजधानी की नामकुम थाना पुलिस ने हुवांगहातु स्कूल के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान ट्रक पर लोड किया हुआ (नशीला पदार्थ) डोडा के साथ राजस्थान के एक आरोपित हरपाल सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 158 बोरा (3950 किलो) डोडा, दो मोबाईल, एक ट्रक, एक पैन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक वोटर कार्ड, एक वीजा कार्ड, एक प्लेटिनम कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया है। बरामद डोडा की बाजार मूल्य लगभग छह करोड़ आंकी गयी है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि नामकुम थाना के हुवांगहातु की तरफ से रायसा मोड़ की ओर एक डोडा लदा ट्रक आ रहा है। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में नामकुम थाना प्रभारी, टाटीसिलवे, ओपी प्रभारी खरसीदाग और क्यूआरटी टीम को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। उटीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुवांगहातु स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाकर ट्रक (एचआर 62-7267) को पकड़ा। वाहन की जांच करने पर डोडा से भरे हुए 158 प्लास्टिक बोरे मिले।




# तृणमूल का कट मनी कल्चर हम खत्म करेंगे : अमित शाह

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**कोलकाता।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी एक तरफ घुसपैठियों को बढ़ावा देती हैं तो दूसरी तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध कर शरणार्थियों की नागरिकता रोक रही हैं। शाह पश्चिम बंगाल के मालदा दक्षिण में रोड शो किया। यहां शाह ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा राज्य की 30-35 लोकसभा सीटें जीतेगी। अमित शाह ने कहा, तृणमूल जैसे भ्रष्टाचारियों को बंगाल से हटाना होगा। यहां कट मनी की संस्कृति खत्म करनी होगी। अमित शाह ने कहा कि पूरे देश के साथ पश्चिम बंगाल की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। यहां वसूली कल्चर को खत्म करने के लिए तृणमूल की हार को सुनिश्चित करना होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने राममंदिर का जिक्र करते हुए कहा, बंगाल वालों ने 2019 में 18 सीटें दीं और राममंदिर का केस भी जीता, मोदीजी ने राममंदिर का भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी।



# गोड्डा में डीजे पर डांस करने के दौरान चल गई गोली, दो लोग हुए घायल

- पहले एक राउंड हवाई फाईरिंग भी हुई
- एसडीपीओ जांच को पहुंचे सिमरडा गांव

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**गोड्डा।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिमरडा गांव में एक घर में एक लड़की की शादी थी। उसी शादी में गोली चलने की घटना से ग्रामीण जितेन्द्र मंडल और उनके बहनोई विभूति साह, बांका राजौन निवासी घायल हो गये। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात को बारात आने से पहले यह लोग डीजे पर डांस कर रहे थे। जितेन्द्र ने एक राउंड हवाई गोली चलाई, उसके बाद लोडेड पिस्टल कमर में रख लिया। डांस करने के क्रम में लोडेड पिस्टल से फायर हो गया जिससे जितेन्द्र के जांघ में 2 गोली लगी और उसी में एक गोली पार करती उसके बहनोई के पैर के निचले हिस्से में लगी। दोनों साथ में डांस कर रहे थे। इसके बाद दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी, मुफस्सिल थाना प्रभारी कृष्णा साह घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने घटनास्थल डीजे के फ्लोर से खून लगा चप्पल बरामद किया है।

### पूरे गांव में हो गया अफरा-तफरी का माहौल

*सिमरडा गांव में उस वक़्त अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब ग्रामीणों को मध्य रात्रि में पता चला कि गांव के जितेन्द्र मंडल और उनके बहनोई विभूति साह को गोली लगी है। ग्रामीणों ने आनन फानन में घायल साला बहनोई को सदर अस्पताल पहुचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने दोनों घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस को सुचना मिलते ही घटना स्थल पहुची और पुरे मामले की छान बिन की जा रही है। पुलिस को प्राथमिक अनुसन्धान में प्रतीत हो रहा है कि शादी में डीजे में नाचने के क्रम में जितेन्द्र मंडल के कमर में रखी लोडेड पिस्टल से फायर हुआ था। जिसके वजह से दोनों साला बहनोई घायल हुए थे।*

### क्या कहते है सदर एसडीपीओ

*इस मामले में सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी ने कहा कि प्राथमिक अनुसन्धान के अनुसार डांस करने के क्रम जितेन्द्र को अपने कमर में रखे लोडेड पिस्टल से गोली लगी है और उसी से एक गोली पार करते हुए उसके बहनोई के तलवे में लगी है। फिलहाल कांड दर्ज कर मामले का अनुसन्धान किया जा रहा है।*

**रेल मंत्री बोले, नहीं रहेगा वेटिंग का झंझट !**

# अब सभी यात्रियों को मिलेगा कन्फर्म टिकट

**एजेंसरी। 23 अप्रैल**



**नई दिल्ली।** रेल से यात्रा करने वाले कई लोगों को कन्फर्म टिकट मिलने में परेशानी होती है। इसकी शिकायत अक्सर लोग सोशल मीडिया पर भी करते रहते हैं। कई बार ऐसा होता है कि काफी समय पहले बुकिंग करने के बाद भी उनका टिकट वेटिंग में ही रह जाता है। हालांकि, अब सरकार इस समस्या को जड़ से खत्म करने की दिशा में काम रही है। रेल मंत्री और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि अगले पांच वर्षों में लगभग सभी यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिलने लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि रेल यात्रा करने वाले सभी लोगों को कन्फर्म टिकट मिले। तेजी से बन रहे नए रेलवे ट्रैक केंद्रीय मंत्री ने एक इंटरव्यू में कहा, 'अगले पांच साल में रेलवे की क्षमता इतनी बढ़ा दी जाएगी कि जो भी रेलवे से सफर करना चाहेगा, उसे आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सकेगा।' उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक दशक के दौरान रेलवे में डेवलपमेंट की रफ्तार काफी तेज हुई है।

# लोस : अब तक 35 उम्मीदवार निर्विरोध हो चुके हैं निर्वाचित

- राहुल के बयान पर बोले हरदीप सिंह पुरी

**एजेंसरी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के निर्विरोध जीतने पर राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीनना संविधान खत्म करने की तरफ बढ़ाया गया कदम है। राहुल गांधी के आरोप पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पलटवार किया है और बताया कि देश के संसदीय इतिहास में ये पहली बार नहीं है कि किसी को निर्विरोध संसद के लिए चुना गया हो, इससे पहले 35 उम्मीदवार निर्विरोध जीत चुके हैं। राहुल गांधी के आरोप पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जवाब दिया। सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पुरी ने लिखा कि 'सूरत का चुनाव पहला नहीं है, जहां संसद का निर्विरोध चुनाव हुआ है। देश की आजादी के बाद से 35 उम्मीदवार संसद के लिए निर्विरोध चुने जा चुके हैं। एक बार फिर बिना पूरी जानकारी के टिप्पणी की गई है। सूरत में मुकेश दलाल के निर्विरोध चुनाव पर ऐसी टिप्पणी कर कांग्रेस के युवा नेता ने एक बार अपने मशहूर निकनेम को सार्थक किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'उनकी लोकतंत्र में आस्था तब मजबूत होगी, जब उन्हें पता चलेगा कि निर्विरोध चुने गए 35 उम्मीदवारों में से आधे कांग्रेस के थे।

# शाहजहां के भाई के खिलाफ सीबीआई ने जारी किया लुक आउट नोटिस

***कोलकाता।*** *सन्देशखाली मामले में शाहजहां शेख के भाई सिराजुद्दीन शेख के नाम से लुक आउट नोटिस जारी किया गया है। ईडी उन्हें कई बार समन भेज कर पेश होने के लिए कह चुकी है लेकिन हर बार सिराजुद्दीन हाज़िरी टालता रहा है। इस बार केंद्रीय जांच एजेंसी ने सिराजुद्दीन के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। ईडी अधिकारियों को डर है कि सिराजुद्दीन ने जांच से बचने के लिए विदेश भागने की कोशिश की होगी। ईडी ने देश के सभी एयरपोर्ट अथॉरिटीज को अलर्ट कर दिया है ताकि वह देश छोड़कर न जा सकें। सिराजुद्दीन की तस्वीर और उनके बारे में अहम जानकारी भी भेजी गई है। संदेशखाली और नजात पुलिस स्टेशनों में 2018 से 2024 तक महिला उत्पीड़न, जमीन पर कब्जा, स्थानीय निवासियों पर उत्पीड़न की सभी शिकायतों में शाहजहां के भाई, शिबू हाजरा और अन्य के नाम थे।*




**नेस्ले विवाद के बाद सरकार ने सख्त कदम उठाने शुरू किये**

# बेबी फूड्स बनाने वाली कंपनियों की होगी जांच

- होगी बड़ी कार्रवाई

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** नेस्ले विवाद के बाद सरकार की ओर से सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. अब सरकार के टॉप अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जो कंपनियां बेबी फूड फार्मूला तैयार करती हैं, उन तमाम कंपनियों की जांच की जाएगी. साथ ही जो भी नियमों का सख्ती के साथ पालन ना करता हुआ पाया गया, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. मीडिया रिपोर्ट में एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि बाजार में उपलब्ध सभी कंपनियों के बेबी मिल्क पाउडर की जांच होगी. अगर किसी कंपनी की ओर से गाइडलाइन से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह कदम बाजार में उपलब्ध बच्चों के दूध की क्वालिटी और कंपोजिशन से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए उठाया गया है. फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड (फूड्स फॉर इंफैंट न्यूट्रिशन) रेगुलेशन 2020 के अनुसार, कुछ स्टैंडर्ड को पूरा किया जाना चाहिए, जिसमें बेबी मिल्क पाउडर में लैक्टोज और ग्लूकोज के प्रतिशत पर लिमिटेशन हैं. सूत्रों ने कहा कि बच्चों के फूड में पोषण के लिए लैक्टोज और ग्लूकोज पॉलिमर जैसे काबोर्हाइड्रेट होंगे. सुक्रोज और/या फ्रुक्टोज को एड नहीं जाएगा।



### नेस्ले इंडिया ने दी सफाई

*नेस्ले इंडिया द्वारा जारी एक बयान में संकेत दिया गया है कि कंपनी पहले से ही वैरिएंट के आधार पर 30 फीसदी तक कम चीनी का उपयोग कर रही है. नेस्ले इंडिया ने एडेड शुगर को कम करने की अपनी कमिटमेंट पर जोर देते हुए कहा कि चीनी में कमी नेस्ले इंडिया के लिए प्रायोरिटी है. पिछले 5 सालों में, हमने पहले ही वैरिएंट के बेस पर चीनी को 30 फीसदी प्रतिशत कम कर दिया है. हम नियमित रूप से अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करते हैं और न्यूट्रिशन, क्वालिटी, सेफ्टी और स्वाद से समझौता किए बिना, शुगर के लेवल को कम करने के लिए अपने प्रोडक्ट्स में इनोवेशन में सुधार जारी रखते हैं।*

संक्षिप्त खबर

## छुट्टी में घर आ रहा आईआरबी जवान गायब



आवाज संवाददाता।

**देवघर।** झारखंड के खूंटी जिला में तैनात आईआरबी का जवान के ट्रेन से गायब होने की शिकायत देवघर नगर थाना में दिया गया है। गायब हुए जवान का नाम पप्पु कुमार तिवारी है जो नगर थाना इलाके के फांड़ी नंबर तीन कास्टर टाउन का रहने वाला है। नगर थाना में दिये आवेदन में जवान का भतीजा सुमीत तिवारी ने कहा है कि वे रात 12 बजे से ट्रेन से लापता है। उनका मोबाइल पर कॉल करने पर रिंग भी हो रहा है लेकिन कोई रिसपोंस नहीं मिल रहा है। नगर पुलिस आवेदन लेकर छानबीन में जुट गयी है।

## अवैध गांजा व ब्राउन शुगर के कारोबार के आरोपी को भेजा जेल

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** मंगलवार को नगर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर साकेत बिहार में छापेमारी कर नगर पुलिस ने अवैध गांजा व ब्राउन सुगर बिक्री के कारोबार में लगे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. इसको लेकर एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव के निर्देश पर नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इंदिरा नगर साकेत बिहार में छापेमारी कर अवैध रुप से दो पुडिया 1.20 ग्राम ब्राउन सुगर, 27 पुडिया 30 ग्राम गांजा व 6600 रुपया बरामद किया गया. जिसमें एक आरोपी राजीव कुमार सोनी उर्म 25 वर्ष पिता राजन पोद्दार को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया. इस छापेमारी में नगर थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित कई जवान मौजूद थे.

## निशा सिंह के सहयोग से मिला व्हीलचेयर

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** जिनका कोई नहीं होता उनके भगवान होते हैं सिर्फ प्रयास करने की जरूरत है।देवघर जिला के विलियम्स टाउन मोहल्ला नियर जटाई मोड़ निवासी जयदेव पंडित के सुपुत्री आराध्या भारती दोनों पैरों से विकलांग थी चल नहीं पा रही थी,इनको मानव के रूप में भगवान मिला है,जी हां व्हीलचेयर उपलब्ध कराया गया है व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में निशा सिंह और संजय कुमार की अहम भूमिका मानी जा रही है।आपको बता दें कि विकलांग होने की सूचना निशा सिंह अपने फेसबुक आईडी पर पोस्ट की थी।संजय कुमार ने पोस्ट को देखा तो तुरंत मैसेंजर के माध्यम से मैसेज कर सूचना दिया गया कि मैं इस बच्ची को व्हीलचेयर दे रहा हूं।और उन्हें तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध करवाया गया।

## सड़क हादसे में दो घायल

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** अलग- अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गये। घायलों में देवीपुर थाना क्षेत्र के टटकियो निवासी चरकू दास और रिखिया निवासी मुकेश कुमार मरीक के नाम शामिल हैं। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## अवैध गिट्टी लदा हाइवा जब्त

आवाज संवाददाता।

**देवघर।** जिला परिवहन पदाधिकारी ने कुंडा थाना इलाके में भारी वाहन जांच अभियान चलाकर एक ओवर लोड गिट्टी लदा हाइवा को जब्त किया है। जब्त ट्रक को कुंडा थाना के संरक्षण में रखा गया है। डीटीओ अमर जॉन आइन्द ने बताया कि जांच अभियान के क्रम में हाइवा को ओवर रहने कि स्थिति में जब्त किया गया है। इस मामले की जांच अभी की जा रही है।

# बहुमत से जितेंगे गोड्डा लोकसभा सीट : प्रदीप



कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते प्रदीप यादव

आवाज संवाददाता

**देवघर।** 21 अप्रैल सोमवार को कांग्रेस आलाकमान के द्वारा लोकसभा की गोड्डा से उन्हें महगठबंधन का प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रदीप यादव देवघर पहुंचे. जहां उन्होने बाबा भोलेनाथ की पूजा कर बाबा व तीर्र्थ पुरोहितों से जीत का आशीर्वाद लेकर चुनाव यात्रा की शुरूआत की. इसको लेकर पहली बार महागठबंधन के सभी नेताओं से मिलना हुआ. इन सभी का उत्साह देखकर लगता है कि इस बार बहुमत से गोड्डा लोकसभा का सीट जीतेगें. जिसको लेकर गोड्डा लोकसभा चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव ने एक होटल सभागार में महागठबंधन के कार्यकताओं के साथ बैठक कर गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने के लिए कार्यकताओं के साथ बैठक कर गोड्डा से महागठबंधन को जीत दिलाने का संकल्प लिया. इस दौरान प्रदीप यादव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया की मेरे 30 साल के राजनीतिक कैरियर में ऐसा माहौल कभी नहीं बना था. जो इस बार देखने को मिल रहा है. महागठबंधन कार्यकताओं में उत्साह भरा है, इस बार लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने मुझपर भरोसा जताया है और उसके भरोसे पर खरा होने का प्रयास करुगा. इसके बाद उन्होंने कहा कि भजपा एक तानाशाह पार्टी है, जबकि कांग्रेस लोकतांत्रिक दल है. इसमें पार्टी कार्यकताओं को अपने मन से पार्टी के लिए कार्य करने की आजादी है. महगठबंधन इस बार गोड्डा लोकसभा में बहुमत के साथ जीत कर आएगी. इसके बाद दीपिका पांडे के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दीपिका सिंह पाडे और फुरकान अंसारी दोनों ही पार्टी के लिए प्रचार प्रसार करेंगे और पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे. इसके साथ ही निशिकांत दुबे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निशिकांत दुबे ने कहा था कि अब प्रचार प्रसार नहीं करेंगे. हमारे नाम की घोषणा होते ही वह गंगटी में घुघनी व मुड़ी और चाय के लिए जाना पड़ रहा है.

## गोड्डा कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप ने की पूजा-अर्चना, भोलेनाथ से जीत का मांगा आशीर्वाद

आवाज संवाददाता

**मंदिर परिसर घुमकर तीर्थ पुरोहितों से लिया आशीर्वाद**



मंदिर में पूजा कर बाहर निकलते सांसद प्रत्याशी प्रदीप यादव

**देवघर।** लोकसभा की गोड्डा सीट से महागठबंधन के बदले गये कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को टिकट मिलने के बाद वो कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बाबा दरबार पहुंचे. जहां उन्हे उनके पुश्तैनी पुरोहित में संकल्प पूजा कर बाबा वैद्यनाथ की पूजा अर्चना करायी. महागठबंधन की प्रत्याशी प्रदीप यादव ने बाबा मंदिर सहित मां तारा मंदिर, पार्वती मंदिर, गणेश, मां बगला, महाकाल भैरव आदि मंदिरों में पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में मौजूद तीर्थ पुरोहितों से आशीर्वाद लिया. इसके बाद उन्होंने बाबा मंदिर परिसर में आरती कर देश प्रदेश के विकास की कामना की. इसके पहले महागठबंधन की ओर से गोड्डा लोकसभा सीट के लिए दीपिका सिंह पांडे का नाम बदल कर प्रदीप यादव को गोड्डा लोकसभा से महागठबंधन का प्रत्याशी बनाया गया है. जिसको लेकर प्रदीप यादव सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे. वो लगभग 12:30 बजे बाबा मंदिर पहुंचे. जहां उन्हें बाबा मंदिर प्रशासनिक भवन ले जाया गया. जहां उन्हें पुश्तैनी पुरोहित ने षोडशोपचार विधि से संक्लप पूजा करायी, इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था के बीच पिल पाया के रास्ते गर्भगृह में प्रवेश कराया गया. जहां उन्होंने बाबा वैद्यनाथ पर गंगाजल, दूध, दही, घी, अक्षत, मधु अर्पित कर बाबा पर जल अर्पित कर षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना की. इस दौरान बाबा से विजय होने का आशीर्वाद मांगा. इसके बाद पत्रकारो से बातचीत में प्रदीप यादव ने कहा कि हम सभी की संस्कृति और दिनचर्या में पूजा पाठ जुड़ा है. इसलिये वो बाबा दरबार में हाजरी लागते रहते हैं. उन्होंने बताया की जनता 15 साल से परेशान है एवं गोड्डा लोकसभा में बदलाव चाहती है कांग्रेस के आलाकमान ने हम पर विश्वास कर यहां का प्रत्याशी बनाया है, और में गोड्डा लोकसभा को जीतकर कांग्रेस के झोली में डालने का प्रयास करेंगे. वही उन्होंने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के बारे में कहा कि वह बड़े लोग हैं बड़ी बातें करते हैं. उन्होंने बताया कि हम जमीन के लोग हैं और जमीन से जुड़े हैं. जहां मोदी जी अदानी एवं अंबानी के कर्ज को माफ करते है, हम किसानों के कर्ज को माफ कराने का काम करेगें, और जनता की आवाज उठाने का काम करेगें. प्रदीप यादव ने कहा कि 25 सालों से जनता की आवाज बनकर काम कर रहे हैं। इस बार कांग्रेस की 25 वचन और 5 गारंटी को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। रोजगार, महंगाई, बेरोजगारी से लोग परेशान हैं इसलिए हमें उम्मीद है और जनता हमारे लिए भगवान हैं. इस बार जरूर जीतेंगे हवा हवाई वाले को लोगों ने बहुत झेला अब परिवर्तन निश्चित है.

## राजनाथ सिंह पहुंचे देवघर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



एयरपोर्ट पर राजनाथ सिंह का स्वागत करते विधायक नारायण दास

आवाज संवाददाता

**देवघर।** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन देवघर एयरपोर्ट पर हुआ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं देवघर विधायक नारायण दास ने एवं पार्टी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद एवं जिला के पदाधिकारी ने केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया केंद्र मंत्री का चुनावी कार्यक्रम हेतु आगमन को लेकर देवघर एयरपोर्ट पर से वह चार्टर्ड विमान के द्वारा भागलपुर के लिए रवाना हुए। उनका स्वागत करने वालों में विधायक नारायण दास जिला अध्यक्ष सचिन रवानी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद प्रदेश कार्य समिति सदस्य दुमका जिला प्रभारी संजीव जजवाड़े प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य रिता चौरसिया अधिर चंद्र भैया पंकज सिंह भदोरिया सचिन सुल्तानिया रूपा केसरी राजीव सिंह पप्पू यादव सुनीता सिंह प्रज्ञा झा विनय चंद्रवंशी विजया सिंह अतुल सिंह विश्वनाथ रामानी दिलीप सिंह जूनियर बाबूलाल मरांडी संतोष मूर्मू आदि कार्यकताओं ने अपने नेता का जोरदार स्वागत किया।

## समीक्षा बैठक : इन्नोवेटिव तरीके से हो यूथ बूथ का निर्माण, महिला बूथों पर हो महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति

आवाज संवाददाता

**देवघर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में कार्मिक कोषांग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान कार्मिक कोषांग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर युथ बूथ, महिला बूथ, पीडब्ल्यूडी बूथ पर आवश्यक सभी सुविधाओं के साथ युनिक और इन्नोवेटिव तरीके से बूथों का निर्माण करायें, ताकि इन बूथों को आकर्षक रूप देते हुए महिला, युथ, पीडब्ल्यूडी बूथों को फोकस करते हुए बनाया जाय। साथ ही महिला बूथों पर प्रेजाईडिंग ऑफिसर, पोलिंग ऑफिसर और सभी मतदान कर्मी महिलाएं होंगी और वैसे की पीडब्ल्यूडी बूथ व युथ बूथों पर अधिकारियों व कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जायेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेष कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी प्रकाश बैठा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अभय परासर, स्थापना उप समाहर्ता मनोज कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सरीता भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी व अन्य मौजूद थे।



दिशा निर्देश देते उपायुक्त

### सभी बूथों पर रहे व्हीलचेयर की सुविधा

उपायुक्त विशाल सागर ने पीडब्ल्यूडी बूथों पर रैम्प, साईनेज, हेल्पडेस्क, व्हीलचेयर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया, ताकि दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आराम से मतदान कर सकें। साथ ही सभी बूथों पर एएमएफ की सुविधा के अलावा मेडिकल सुविधा सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित कोषांग के अधिकारियों को दिया।

### कार्मिक पोषण को सक्रियता से कार्य करने का दिया निर्देश

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट से कराये जाने वाले मतदान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही कार्मिक कोषांग के तहत कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, अद्यतन डेटा इन्ट्री की स्थिति, प्रशिक्षण कार्यों की स्थिति, पीडब्ल्यूडी मतदान केन्द्र हेतु दिव्यांग मतदान कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता यूथ मतदान केन्द्र हेतु युवा मतदान कर्मियों की आवश्यकता एवं उपलब्धता, पर्दानशी मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया।

## बजरंगबली को लगा 101 किलो विशाल लड्डू का भोग



आवाज संवाददाता।

**देवघर।** मंगलवार को चैत पुणीर्मा हनुमान जयंती पर वैद्यनाथधाम रेलवे स्टेशन के पास शनि मंदिर में धूमधाम से हनुमान जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर बजरंगबली को 101 किलो के मोतीचुर लड्डू का भोग लगाया गया, इसक साथ ही 21 किलो खोवे का केट काट कर भक्तों के बीच वितरण किया गया. इसको लेकर पुरोहित उत्तम ठाकुर ने बताया कि हनुमान जयंती पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी. हनुमान जयंती पर सुबह से शाम तक तीन बार चार वैदिक पंडितों द्वारा दुग्धाभिषेक करने के साथ भव्य श्रृंगार किया गया. इसके बाद शाम होते ही मंदिर में छप्पन भोग और सवा क्विंटल का मोहन भोग हलवा हनुमान को अर्पित करने के साथ आरती की गयी.

## वाहन चोरी करने वाले अंतराज्य गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार



प्रेस वार्ता करते एसडीपीओ व गिरफ्तार आरोपी

आवाज संवाददाता

**देवघर।** नगर थाना की पुलिस ने चार पहिया वाहन चोरी करने वाले अंतरराज्य गिरोह का पदार्फाश कर एक स्विफ्ट गाडी व एक बोलरो के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया. इस अंतरराज्यीय चार पहिया वाहन चोरी गिरोह को लेकर देवघर एसडीपीओ ऋत्विक श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर बताया की 8 अप्रैल को नगर थाना स्थित रंगामोड़ के पास से एक घर के बाहर एक बोलेरो की अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी थी. जिसको लेकर कार्रवाई करते हुए नगर थाना पुलिस के द्वारा टीम गठित कर विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गयी, इस छापेमारी के दौरान बिहार के मुंगेर जिला तारापुर से दो चोरों को गिरफ्तार किया. जिसमें रांगामोड से चोरी की गई बोलोरो सहित एक स्विफ्ट भी पुलिस ने बरामद किया, वहीं इस अंतरराज्य चार पहिया वाहन गिरोह को लेकर दो लोगों को भी गिरफ्तारी किया गया, गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने खुलासा किया, कि यह सभी अंतरराज्य चोर हैं जो चार पहिया वाहन चोरी करके नंबर प्लेट बदलकर चोरी की गाड़ी की बिक्री किया करते थे. इसके साथ ही इस कांड में दो अपराधी रतन कुमार उर्म 22 वर्ष पिता दिलीप सिंह पता संग्रामपुर, मो शहंशाह उर्म 21 वर्ष पिता नौशाह पता गाजीपुर मुंगेर को गिरफ्तार किया गया. तथा उनकी निशान दही पर घटना में शामिल चार पहिया वाहन स्विफ्ट कार डब्लु बी06- 9705 तथा चोरी की गई बोलेरो वाहन जेएच15 डी 1422 को जिस पर फर्जी नंबर बीआर 39ई 0329 लगाकर रखा गया था. इसके साथ ही इन अंतरराज्य वाहन चोर अपराधियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किया गया. इस छापेमारी में धर्मनगर थाना के धर्मवीर भगत दिलीप मुंडा एवं रिजर्व गार्ड के जवान मौजूद थे.

## महिला का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

आवाज संवाददाता।



**देवघर।** मंगलवार को साइबर थाना की पुलिस ने महिला का दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. इस कांड में आवेदन के आधार पर कार्यवाही करते हुए साइबर पुलिस ने रिखिया थाना क्षेत्र के बांध स्थित किराये के मकान में छापेमारी कर जबरन अवैध संबंध बनाकर वीडियो बना लेने एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बराबर अवैध संबध बनाने के आरोप में आरोपी रमेश मंडल उर्म 36 वर्ष पिता पैंतर मंडल जो दुमका तालझारी थाना क्षेत्र के लोरीघाघर गांव का रहने वाला है. जिसे साइबर थाना की टीम ने गिरफ्तार का जेल भेज दिया, इसके पास से कांड में प्रयुक्त एक मोबाइल सहित एक सिम कार्ड भी बरामद किया गया. इस घटना को लेकर एसपी राकेश रंजन ने साइबर डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया. जिसमें साइबर थाना की टीम ने तकनीकी अनुसंधान में मोबाइल लोकेशन व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कुंडा के हथगढ़ स्थित निमार्णाधीन मकान में छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी रमेश मंडल को गिरफ्तार कर लिया. इस छापेमारी दल में साइबर थाना प्रभारी राजा कुमार मित्रा, कृष्णानंद सिंह, छोटू राम गोंड, प्रफुल्ल कुमार मांझी, सपन कुमार मंडल, धनंजय कुमार, सुमित कुमार गुप्ता व रिर्जव पुलिस मौजूद थे.

## शहरी स्वास्थ्य मिशन की प्रमण्डलीय बैठक, मिलेगी बेहतर स्वास्थ सुविधा



समीक्षा बैठक करते चिकित्सक

आवाज संवाददाता

**देवघर।** मंगलवार को शहरी स्वास्थ्य मिशन को लेकर प्रमंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन एक निजि हॉल मे किया गया. जिसमें नोडल पदाधिकारी डॉ रंजीत प्रसाद, डॉ आर एन झा, सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. इस बैठक के बारे में नोडल पदाधिकारी ने गुणवत्ता आश्वासन के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं को नीति आयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित कायाकल्प तथा एनकास के तहत प्रमाणीकरण का लक्ष्य को अर्जित किया जाना है. जिसके लिए संथाल परगना के सभी जिलों के स्वास्थ्य संस्थाओं जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का प्रमाणीकरण किया जाना है. इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को बेहतर तरीके से संचालित किया जाये तथा इनका भी कायाकल्प एवं सर्टिफिकेशन किया जायेगा. इसको लेकर संथाल परगना के स्वास्थ्य संस्थानों के अब तक की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे. क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ आर एन झा द्वारा जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो को कायाकल्प एवं एनक्यूएएस का लक्ष्य अर्जित करना अति आवश्यक बताया.

# हथियारों की तस्करी करने वाली महिला को पुलिस ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार

## दो देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस हुआ बरामद

**आवाज प्रतिनिधि**

**मधुपुर :** मंगल को मधुपुर अनुमंडल के मारगोमुंडा थाने की पुलिस को अगामी लोक सभा चुनाव से पहले एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मधुपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमीत सौरभ लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सुचना पर मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र के किशन पूर में हथियारो की तस्करी करने वाली एक महिला रूबिया खातुन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रूबिया के घर से दो देसी कट्टा व चार जिंदा गोली बरामद की है । पुलिस ने रूबिया खातुन को मेडिकल जाँच के बाद जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में एसडीपीओ सुमित सौरभ लकड़ा ने पत्रकारों को बताया की आरोपी रूबिया खातुन आर्म्स खरीद बिक्री मामले में गिरफ्तार की गई है। वही बिहार के जमुई व मुंगेर से देशी हथियार लाकर देवघर सहित आस पास के जिलो में खपाने का काम करती थी। छापेमारी टीम में अंचल पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मारगोमुंडा अमित कुमार, थाना प्रभारी पथरोल दिलीप कुमार बिलुंग, महिला थाना प्रभारी ललिता कुजूर, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार मंडल बुढैई थाना प्रभारी एएसआई वैजयंती कुमारी, भागीरथ महतो और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



प्रेसवार्ता करते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमीत सौरभ व अन्य।

## गोड्डा से प्रदीप यादव के नाम की घोषणा से सोनारायदाठाढ़ी में लोगों ने मनाया जश्न



खुशी जाहीर करते कार्यकर्ता।

**आवाज प्रतिनिधि**

**सारठ :** गौड्डा से दीपिका पांडे के जगह प्रदीप यादव की नाम की घोषणा किए जाने पर सोनारायठाडी में जिप सदस्य राजीव कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने जश्न मनाया। सभी ने पटाखे फोड़कर व मिठाई खाकर खुशियां जाहिर किया। बताते चले कि गोड्डा लोकसभा से पूर्व में दीपिका पांडे को टिकट देने पर लगातार उनके द्वारा ताबड़तोड़ चुनावी जनसंपर्क में जुट गया था। वहीं कई जगह में भारी विरोध को लेकर कांग्रेस पार्टी ने दीपिका पाण्डेय के जगह प्रदीप यादव के नाम की घोषणा किया।

वही जिप सदस्य राजीव कुमार कुमार ने बताया कि इस बार हम लोग निश्चित गोड्डा लोकसभा से फतह हासिल करेंगे।

## कांग्रेस प्रत्याशी में बदलाव कर प्रदीप यादव को मनोनीत करने पर मिलने पहुंचे मुखिया



कांग्रेस के गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी से भेंट करते मुखिया।

**आवाज प्रतिनिधि**

**पालोजोरी :** गोड्डा लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व में केंद्र की ओर से भ्रमित अवस्था में मनोनीत गोड्डा सांसद प्रत्याशी दीपिका पांडेय के स्थान पर दोबारा विचार करते हुए कांटे के टक्कर देने वाले कांग्रेस संगठन क्षेत्र में निरंतर जनता के बीच समय बिताने वाले गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी के रूप में प्रदीप यादव को मनोनीत किया गया। जो क्षेत्रीय जनता की मांग के अनुसार आशा के अनुकूलित विचार है। जिसको लेकर क्षेत्र व प्रक्षेत्र की जनता जनता द्वारा खुशियां व्यक्त करते हुए प्रतिदिन गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव से मिलने की झड़ी लगी हुई है। जिसके आलोक में आज मंगलवार को पालोजोरी प्रखंड अंतर्गत कचुवासोली पंचायत मुखिया सह जिला व प्रखंड मुखिया संघ सचिव कुमार राजीव रंजन ने उसके निजी कार्यालय पहुंचकर उन्हें इस चुनावी पर्व में सही स्थान पर संघर्ष के लिए कांग्रेस संगठन द्वारा मनोनीत किए जाने पर औपचारिक मुलाकात करते हुए बधाई दिया।साथ ही क्षेत्र के चर्चित पूर्व मंत्री श्री सुरेश पासवान से मुलाकात कर अपने क्षेत्रीय स्थिति के विषय में जानकारी दिया।

# छात्र-छात्राओं को खेल-खेल में पठन-पाठन से बच्चों की उपस्थिति व नामांकन में होगी बढ़ोतरी

**आवाज प्रतिनिधि**

**चितरा :** क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के नामांकन में दिन प्रतिदिन हो रही कमी को लेकर जिला शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा के स्तर उठाने व अधिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बच्चों को मनोरंजन के माध्यम से शिक्षा दिलाने के कला से क्षेत्रीय प्राथमिक विद्यालय में एक से लेकर पांच क्लास के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति लुभावने जागरूकता के माध्यम से जिला शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करते हुए प्रति प्राथमिक विद्यालय में इसका भरपूर उपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को खेल-खेल में पठन-पाठन कला के माध्यम से शिक्षा ग्रहण कराने से बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी के साथ-साथ शिक्षा के स्तर भी दिन प्रतिदिन बेहतर होते जा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप प्राथमिक विद्यालय के बच्चे भी अंग्रेजी स्कूल के बच्चों के तरह हिंदी से लेकर इंग्लिश की शिक्षा कम ही दिनों में मनोरंजन के माध्यम से प्राप्त कर प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से जानकारी में टक्कर दे रहे हैं। जिसका नमूना आज सारठ प्रखंड अंतर्गत बड़बाद पंचायत के प्राथमिक विद्यालय धावाबाद व पालोजोरी प्रखंड के जमुआ प्राथमिक विद्यालय में देखने को मिला। जिसमें अंग्रेजी अक्षर ए से लेकर जैड तक के 26 अक्षर, हिंदी ककहरा एवं 1 से लेकर 100 तक की गिनती के लिए शिक्षकों द्वारा सजाए गए कार्ड के माध्यम से बच्चे फुदक फुदक कर मनोरंजन पूर्वक खेल-खेल में बेहतर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिसके लिए प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा गांव के बच्चों को घर-घर पहुंचकर शिक्षा के प्रति सजग करते हुए लुभावने शिक्षा से आकर्षित कर विद्यालय में प्रतिदिन आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस बेहतर कल से गांव के बच्चों का विद्यालय में अधिक नामांकन होने के साथ-साथ बेहतर शिक्षा का महत्वपूर्ण तकनीक प्रतीत हो रहे हैं।इस आलोक में धावाबाद प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि इस तकनीक की जानकारी घर-घर घुम कर बच्चों के देने पर दिन प्रतिदिन उपस्थिति बढ़ रहे हैं। साथ ही सरकारी स्कूलों में बच्चों को लगातार बेहतर शिक्षा मिलने से नामांकन में भी बढ़ोतरी हो रही है। मौके पर सहयोगी अध्यापक उज्जवल सेन व रसोईया के अलावे दर्जनों छात्र है उपस्थित थे।



खेल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देते अध्यापक।

## सारवां में चलाया मतदाता जागरुकता रैली, मतदान के लिए किया प्रेरित

**आवाज प्रतिनिधि**

**सारवां :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने को ले सारवां प्रखण्ड अन्तर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी संतोष कुमार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सारवां रजनीश कुमार की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता रैली में पुरूष-महिलाएं एवं युवा मतदाताओं ने काफी संख्या में भाग लिया। मतदाताओं को जोड़ते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता रैली के तहत ग्रामीण मतदाताओं को मत के महत्व बतलाने के साथ-साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इसके साथ हीं मतदाताओं को ईभीएम, भीभीपैट सहित मतदान संबंधी विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है। साथ हीं मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करें और दूसरों को भी ऐसा करने हेतु प्रेरित करें। सिर्फ इतना हीं नहीं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं की जिज्ञासाओं एवं मतदाताओं के निर्वाचन से संबंधित सवालों के जवाब भी दिये गये। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए मजबूत लोकतंत्र हेतु शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान मतदाताओं को सी-विजिल व पीडब्लयूडी एप्प की विस्तृत जानकारी के साथ इसके उपयोग और इससे होने वाले फायदे की जानकारी दी गयी।

## कोलियरी में कार्यरत महिला कोलकर्मी के आकस्मिक निधन पर मातम

**आवाज प्रतिनिधि**

**चितरा :** चितरा कोलियरी में कार्यरत 50 वर्षीय अलोदी मरांडी कुछ दिनों से बीमार रहने के कारण उनके परिजनों द्वारा जामताड़ा अराय अस्पताल से बीमार मां को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहे थे । जिसको लेकर इलाज के दौरान सब कुछ ठीक-ठाक रहने के बावजूद बीमार महिला कोयलाकर्मी अलोदी ने एकाएक दम तोड़ दी। घर परिवार में आर्थिक आमदनी के एकमात्र सहयोगी के अकस्मात मृत्यु हो जाने के कारण परिवार के सभी जनों में मातम सा छा गया।इस आकस्मिक अनहोनी घटना की जानकारी होते ही संग्राम डीह व पड़ोसी गांव चितरा, तुलसी डाबर, खून,जमनीटांड़ से अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे सैकड़ों महिला एवं पुरुषों के अलावे चितरा पंचायत मुखिया सुमन देवी एवं प्रतिनिधि सुजीत रजक ने पंचायती जनता के असमय में एकाएक आकस्मिक निधन पर अत्यंत गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतका की आत्मा के शांति के लिए परमेश्वर से निवेदन किया। साथ ही मृतका के पुत्र, पुत्री वह परिजन को संतावना देते हुए इस दुख की घड़ी से निकालने के लिए मनोबल बढ़ाया। मौके पर काली किस्कु,मंगल किस्कु,युगल रजवार,छोटेलाल किस्कु,धनंजय दास, संतोष दास, विवेक दास आदि उपस्थित थे।

## नायकधाम में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**आवाज प्रतिनिधि**

**करौं :** प्रखंड मुख्यालय गंजोबारी में स्नेहस्थल के रूप में प्रसिद्ध नायकधाम में दो दिवसीय वार्षिक पूजनोत्सव चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को सम्पन्न हो गया।इस दौरान प्रत्येक वर्ष पूर्णिमा को नायक धाम में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।प्रथम दिन झारखंड, बिहार, बंगाल, ओड़िसा समेत अन्य राज्यों से बड़ी संख्या श्रद्धालु पहुँचकर पूजा अर्चना किया। इस दिन कई धार्मिक अनुष्ठान किए गये।बाबा का श्रृंगार व पूजन के बाद प्रसाद वितरण व सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। संध्या बेला में नायक चालीसा व रात में भजन कीर्तन होता है। दूसरे दिन कोलकता के बाबा नायक सेवा ट्रस्ट की ओर तैली वैश्य साहू समाज का सम्मेलन होता है। दो दिनों तक नायकधाम में भक्ति की अविरल धारा बहते रहती है। वैश्य समुदाय के कुल देवता बाबा नायक : बाबा नायक को वैश्य समुदाय का कुल देवता माना जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक साल झारखंड समेत ओड़िसा, बिहार, बंगाल आदि प्रदेशों से वैश्य व वणिक समुदाय के सैकड़ों भक्तगण दर्शन एवं पूजा अर्चना करने पहुचते हैं। धाम में मिट्टी के नौ पिडी बना है। पांच मंदिर के अंदर व चार पिडी बाहर इमली पेड़ के नीचे स्थित है। भक्तगण इन्हीं पिडियों की पूजा करते हैं।



यहां मुख्य तौर पर चैत्र, कार्तिक व माघ मास पूजा आयोजित होती है। भगवान विष्णु की पूजा बाबा नायक के रूप में की जाती है। इन्हें वैश्य व वणिक समुदाय का सृष्टिकर्ता माना जाता है।

## स्टेशन रोड जीआरपीएस बैरेक स्थित शिव व हनुमान मंदिर में दो दिवसीय अष्टायाम संपन्न

**आवाज प्रतिनिधि**

**मधुपुर :** मधुपुर स्टेशन रोड जीआरपीएस बैरेक स्थित शिव व हनुमान मंदिर में सोमवार से वार्षिक पूजन यानी अष्टायाम शुरू किया गया। पुरोहित के द्वारा शिव मंदिर व हनुमान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अष्टयाम प्रारंभ हुआ । मंदिर में आयोजित अष्टयाम में हरे रामा हरे कृष्णा हरे हरे के मंत्रोच्चारण से पूरा ईलाका भक्तिमय माहौल बना हुआ है । मंगलवार को पूणार्हुति के पश्चात दो दिवसीय अष्टयाम सम्पन्न हो गया।आज संध्या में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा।साथ ही शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन जागरण का भी आयोजन किया जायेगा इस कार्यक्रम का सफल आयोजन में रेल थाना प्रभारी कार्तिक महतो, सब इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह, अवधेश राय, रविकास सिंह, मुकेश दास, दुलाल पांडे, राजेश यादव, तितु यादव, विनोद प्रसाद, गोपी बर्मन राहुल जायसवाल, संतोष शर्मा, दीपक मिश्रा सहित अन्य लोक शामिल है।



# बरसात से पहले ही सपाहा-मंजूरगिला पुल निर्माण, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

**आवाज प्रतिनिधि**

**चितरा :** सारठ प्रखंड अंतर्गत फूलचूआं व बड़बाद पंचायत के बीच जोरिया में पुल निर्माण कर दर्जनों गांव के जरूरतमंदों को सुविधा प्रदान कराने के लिए स्थानीय विधायक रणधीर सिंह द्वारा विशेष प्रमंडल के तहत स्वीकृति दिलाते हुए सपाहा-मंजूरगिला जैसे महत्वपूर्ण पुल निर्माण के लिए अखिल चंद्र कंस्ट्रक्शन को इस 70 मीटर के लंबे पुल निर्माण के लिए टेंडर मिला था। जिसको लेकर विधायक द्वारा विधिवत शिलान्यास कर ग्रामीणों के जरूरत को देखते हुए संवेदक को जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण पुल को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर दर्जन से भी अधिक ग्रामीण राहगीरों को सुविधा प्रदान कराने का निर्देश गया दिया गया था। जिसका पालन करते हुए संवेदक द्वारा गुणवत्ता पूर्वक युद्ध स्तर पर निर्माण कार्य में लगातार गति दी जा रही है। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ आवागमन सुविधा जनक होंगे। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा दिन-रात मेहनत कराते हुए जल्द से जल्द काम को निपटारा करने में लगे हैं। ताकि ग्राम वासियों को आगामी बरसात से पूर्व ही वृहत जोरिया पार करने के लिए आवागमन सुविधा जनक कराते हुए एक गांव से दूसरे गांव जाने के लिए कई किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़े। मौके पर कामगारों ने बताया कि इस योजना के संचालन से हम दर्जनों स्थानीय मजदूरों को तत्काल रोजगार मिलने के साथ-साथ बेहतर आवागमन सुविधा भी उपलब्ध होंगे।



पुल निर्माण कार्य होते हुए।

**संक्षिप्त खबर**

### टोटो पलटने से चालक हुआ घायल

आवाज प्रतिनिधि।

**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर-सिराशिन मुख्य पथ पर राधानगर चार नंबर पुल के पास मंगलवार को एक टोटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में टोटो के चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के बेगमगंज के इसराक शेख (45) अपनी टोटो लेकर सिराशिन की ओर से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही साइकिल चालक को बचाने के क्रम में टोटो चालक ने अपना संतुलन खो दिया और टोटो सड़क के नीचे खाई में जाकर गिर गया। इससे टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से टोटो को खाई से बाहर निकाला गया। इस घटना में टोटो क्षतिग्रस्त हो गया है। वही स्थानीय लोगों ने घायल को एक निजी क्लीनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया।

### बाइक चोरी प्राथमिकी दर्ज

आवाज प्रतिनिधि।

**बरहेट/साहिबगंज।** थाना क्षेत्र के शिवगादी रोड स्थित संत मेरी स्कूल के समीप घर से अज्ञात चोरों ने सीमलढाब निवासी एहसान अंसारी के बाइक की चोरी कर ली गई। इस संबंध में सिमलढाब निवासी एहसान अंसारी ने बरहेट थाना को आवेदन देकर बताया है कि 2 अप्रैल को संत मेरी स्कूल के समय घर में अपना बाइक जेएचझ18एनआई/6949 रख कर अपनी पत्नी के साथ इलाज कराने के लिए बाहर चला गया था। 12 दिन बाद वापस आने के बाद देखा कि उसकी मोटरसाइकिल घर से गायब है। एहसान अंसारी के आवेदन पर बरहेट थाना में आ गया चोरों के विरुद्ध कांड संख्या 41/ 24 दर्ज कर पुलिस मामले की आवश्यक पड़ताल में जुट गई है।

### लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को जेल

आवाज प्रतिनिधि।

**उधवा/साहेबगंज।** राधानगर पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए वारंटी को पुलिस ने मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के श्रीधर हबीब टोला निवासी मासूद शेख के विरुद्ध उसकी पत्नी ने राजमहल व्यवहार न्यायालय में परिवाद दायर किया था। वही न्यायालय से उक्त अभियुक्त के गिरफ्तारी को लेकर वारंट निर्गत जारी किया गया था। न्यायालय के निर्देश पर राधानगर पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना पर छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को स्वास्थ्य जांच के उपरांत मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में एसआई फुलेश्वर कुमार अकेला के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### मारपीट मामले के एक आरोपी को भेजा जेल

आवाज प्रतिनिधि।

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने बीती रात एक युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वही इस मामले में मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने बताया की मारपीट के आरोपी बबलू रविदास को गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी ने निर्देश पर थाना क्षेत्र के सभी फरार वारेंटियो को गिरफ्तार कर जेल भेजने का निर्देश प्राप्त है, उसी के आलोक में सभी फरार वारेंटियों को गिरफ्तार करने को लेकर छापेमारी अभियान जारी है, यह अभियान जारी रहेगा।

# भीषण आगजनी की घटना में एक दुकान समेत सात घर जलकर राख

## लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान





आग को बुझाते ग्रामीण, पीड़ित दिखे बेबस और लाचार

- आग बुझाने में एक व्यक्ति भी हुआ घायल
- आगजनी की घटना में दो बकरी की जलकर मौत
- दुकान को भी पहुंचा भारी नुकसान
- ग्रामीणों के सहयोग से आग पर पाया गया काबू

आवाज प्रतिनिधि

**उधवा/साहेबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी घोष टोला गांव में मंगलवार की दोपहर भीषण आगजनी की घटना में एक दुकान समेत सात घर जलकर राख हो गया। आग कैसी लगी है इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। आशंका जताई जा रही है कि आग रसोई घर से निकली चिंगारी से लगी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी गांव निवासी बिशु मंडल के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल रूप धारण कर लिया।

#### आखों के सामने जल गई आशियाना

इस दौरान हवा तेज चलने के कारण घिसु मंडल, अशोक मंडल, मोजिया मंडल, साधिन घोष के घर को अपनी चपेट में ले लिया। आगलगी की घटना सुनते ही ग्रामीणों में अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी राधानगर पुलिस को दी। वही ग्रामीणों ने पंपसेट लगाकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि तेज हवा चलने से उनके पड़ोसी, राजु मंडल, सुनिल मंडल, दिलीप मंडल के घर को भी अपने चपेट में ले लिया और सभी घर को जलाकर राख कर दिया। साथ ही विपिन मंडल का पुवाल का पाला भी जल गया है। इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने बताया कि आग बिसु मंडल के रसोई घर से लगी होगी। घटना में दो बकरी भी झुलस कर मर गई है। वही आग बुझाने में अमित मंडल का सिर फट गया है।

#### फायर ब्रिगेड के कर्मियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर पाया काबू

उधर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना राधानगर पुलिस को दिया। इधर सूचना पाकर दमकल को मौके पर भेजा गया। राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। हालांकि फायर ब्रिगेड के कर्मियों ,ग्रामीण तथा परिजनों की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। आग लगी की घटना में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। पीड़ित के अनुसार घर में रखे दो बकरी, जलावन, अनाज सहित घर में रखें सभी समान जलकर राख हो गया है।अग्नि पीड़ित परिवारों ने स्थानीय प्रशासन से सहयोग की मांग की है।

लोकसभा चुनाव को सफल बनाने को लेकर

## सेना के अधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की बैठक



बैठक में सेना के अधिकारी के साथ डीसी और एसपी

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** लोकसभा आम चुनाव को सफल बनाने को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को मतदान केंद्र एवं सेना गृह स्थल पर मूलभूत सुविधाएं को लेकर बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बताया जिला में सभी मतदान बूथो पर बिजली, पानी, पंखा, मोबाइल चार्ज, शौचालय, सेड निर्माण, रैंप के लिए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यरत हैं। इसे ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सेना के जवान को भी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से तैनात किया जाएगा, जिसको लेकर अहम चर्चा की गई। मौके पर जयदेव केसरी, डीआईजीपी, सीआरपीएफ, रांची, सीआरपीएफ की कंपनी कमांडर- सह- नोडल पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, एसएसबी कंपनी कमांडर एवं अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने विरोध के बाद उपायुक्त ने ग्राम प्रधान पर कानूनी कार्रवाई का निर्देश

### जनसमस्याओं से अवगत हुए उपायुक्त

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने मंगलवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में आए आम जनों की समस्या सुनी। कार्यालय प्रकोष्ठ में समस्याओं को लेकर तालझारी प्रखंड के संबलपुर में एकलव्य आवासीय विद्यालय के रोकथाम को लेकर ग्रामीण ने उपायुक्त के समक्ष विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के प्रधान द्वारा हम ग्रामीण को भड़काया जा रहा है एवं ग्रामीणों के महिलाओं के व्यवसाय करने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान को 53 हजार भी दिए जो आज तक हमें उनका लाभ नहीं मिला। उपायुक्त ने समस्याओं को सुन गहरी चिंता व्यक्त की एवं प्रधान को अति शीघ्र प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए आईपीसी धारा 353 के तहत ग्राम प्रधान पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय ग्रामीण के हित के लिए निर्माण किया जाना है, जिसमें ग्रामीणों के बच्चे शिक्षा लेकर अपनी उज्जवल भविष्य को सवाँरेगें। साथ ही विभिन्न प्रखंडों से आए आमजन तन्नु प्रिया, सोनाराम मड़ैया, अनिल लोहार ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष साझा। उपायुक्त ने समस्याओं को शीघ्र ही हल करने का आश्वासन दिया गया।

### राजमहल सभागार में हुई सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक

आवाज प्रतिनिधि।

**राजमहल/साहिबगंज।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, विभागीय पदाधिकारी/कर्मी, अभियंता, पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक के साथ सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचन, मनरेगा, आवास, 15वे वित्त का समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारी को लगातार मतदान केन्द्र का निरिक्षण करने तथा उनमें मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया।

### पुलिस ने संवेदनशील स्थानों का लिया जायजा

आवाज प्रतिनिधि।

**साहिबगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसबी के जवानों ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मंगलवार को स्थानीय थाना पुलिस के साथ मिलकर मार्ग स्वच्छता व इलाका प्रभुत्व अभियान चलाया। इलाके के हर सड़क व गली, पुल व पुलिया की टोह ली। चप्पा-चप्पा छान मारा। साथ ही क्षेत्र में अपनी ताकत का अहसास कराया। गड़बड़ी के इरादे पालने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने की अपनी शुरूआती स्टेप का रिहर्सल किया। रास्ते में पड़ने वाले संदिग्ध चीजों की पड़ताल की। इसके साथ ही एसएसबी ने संदेश दे दिया कि अब किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## वाहन अधिग्रहण को लेकर मालदा बस संगठन के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक



बैठक में शामिल डीटीओ, एमवीआई समेत अन्य

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** जिला परिवहन कार्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज विष्णु देव कश्यप की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को मालदा बस एसोसिएशन के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में लगने वाले वाहन अधिग्रहण जैसे बस एवं छोटे गाडियां जैसे बोलेरो, स्कॉर्पियो इत्यादि पर चर्चा हुई। मौके पर मोटरयान निरीक्षक साहेबगंज, सार्जेंट साहेबगंज, एवं वाहन कोषांग के कर्मी मौजूद रहे।

### बीडीओ और सीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

आवाज प्रतिनिधि।

**बोरियो/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय नवगछी पहाड़ बूथ नंबर 102 का बीडीओ नागेश्वर साव तथा सीओ विजय हेमराज खालको ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पहुंच पथ, बिजली, मोबाइल नेटवर्क शौचलय एवम पेयजल का जायजा लिया गया। इस क्रम में पर्यवेक्षक राजेंद्र साह, सेक्टर अधिकारी सौरभ कुमार, निर्वाचन नोडल पदाधिकारी जय शंकर मिश्रा, प्रखंड समन्यवयक मनीष रंजन, बीएलओ नेहा मुर्मू समेत अन्य मौजूद रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर दर्जनों छात्र छात्राओं को फॉसिल पार्क में मिला शैक्षणिक प्रशिक्षण

आवाज प्रतिनिधि



फॉसिल पार्क में भ्रमण करते छात्र व छात्राएं

**मंडरो/साहिबगंज।** राजमहल पहाड़ी में फॉसिल होना विश्व भर के लिए प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है, हमें इसे सुरक्षित और संरक्षण करना चाहिए। करोड़ों साल के भू वैज्ञानिक घटना का साक्षी है। राजमहल पहाड़ को हमे बचाने की जरूरत है। इसी कड़ी में मंगलवार को मंडरो फॉसिल पार्क में भू विज्ञान विषय का चयन, महत्व और राजमहल पहाड़ी संसाधन का भू वैज्ञानिक महत्व लखनऊ के भू वैज्ञानिक शोधार्थी के द्वारा छात्र छात्राओं के बीच भू वैज्ञानिक और तकनीकी जानकारी का संवाद किया। जिसमें 9वें, 10वीं, 11वीं और 12 वीं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। भू विज्ञान भूगोल और विज्ञान विषय के महत्व, लोकप्रिय रुचिकर पहलू को छात्र छात्राओं के बीच बताया गया। बी एस आई पी लखनऊ, उत्तर प्रदेश के शोधकर्ता, झारखंड से सूरज कुमार साहू, मध्य प्रदेश के आनंद राजोरिया, झारखंड के रामानंद सागर ने सभी छात्र छात्राओं को भू विज्ञान विषय के बारे में बिस्तर से बताया साथ ही साथ लाए प्लांट्स फॉसिल का डिस्प्ले कर इसके बारे में बताया गया। साथ में डॉ रणजीत कुमार सिंह भू विज्ञान विभाग मॉडल कॉलेज राजमहल सह प्राचार्य भी छात्र छात्राओं को राजमहल पहाड़ के बनने के प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि आज हमारी पृथ्वी और पर्यावरण बीमार है। इसका इलाज पेड़ पौधे लगाएं जल बचाए और प्लास्टिक पॉलिथीन थमोकौल को न कहें । कार्यक्रम को सफल बनाने में डीएफओ मनीष तिवारी और वन्य विभाग का सहरनीय योगदान रहा। विषय वर्ल्ड अर्थ डे कनेक्टिंग जियोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी विषय पर चर्चा किया। एसएस हाई स्कूल माल मंडरो के शिक्षक तन्मय कुमार , राजकिशोर सोरेन, रुखसाना तरन्नुम अमित कुमार साह, एचएम अन्य कर्मी, सलीम जफर अंसारी समीम खान, अखिलेश मरांडी, लक्षण मुर्मू, मुख्तार आलम, उत्तम मंडल, असित कुमार, नारायण सोरेन आदि उपस्थित थे।

## पुलिया और गार्डवॉल निर्माण में मुखिया ने लगाया अनियमितता का आरोप




गार्डवॉल और पुलिया निर्माण कार्य करते मजदूर

- योजना में बालू के जगह डस्ट का हो रहा इस्तेमाल
- ठिकेदार, जेई व संवेदक के मिलीभगत से योजना चढ़ रही भ्रष्टाचार की भेंट

आवाज प्रतिनिधि

**उधवा/साहेबगंज।** नाशघाट से प्राणपुर जाने वाली आरईओ सड़क पर चिमनी ईट भट्ठा के पास सड़क सुरक्षा को लेकर गार्डवॉल और पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर दक्षिण पियारपुर पंचायत के मुखिया साहिदुल रहमान ने योजना स्थल पर पहुंचकर कार्य में अनियमितता का आरोप लगाकर विरोध जताया है। उन्होंने कार्य में ठिकेदार,जेई व संवेदक के मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गार्डवॉल व पुलिया निर्माण में बालू के जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। मनमानी तरीके से कार्य को लिपापोती कर सरकारी राशि का बंदरबांट करने के फिराक में है। योजना में बोल्डर भी घटिया किस्म का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट न के बराबर दिया जा रहा है। बालू के जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्राक्कलन को ताक पर रखकर सरकार के राशि का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है। इससे योजना कुछ ही दिनों में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाने से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने मामले की शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही है।

## चपगांवा में सड़क रहेगा चुनावी मुद्दा पगडंडी के सहारे चलने को मजबूर

- आजादी के 75 साल बीत जानें के बाद भी नहीं बन पाया सड़क
- उम्मीदवारों के झांसे में नहीं आएंगे, हक के लिए वोट करेंगे: ग्रामीण

संजय कुमार मोदी

**बोरियो/साहिबगंज (आवाज)।** लोकसभा चुनाव में इस बार जनता अलग मूड में दिख रही है। चुनाव को लेकर तमाम दल के नेता प्रत्याशी बड़े बड़े वादे कर अपने पक्ष में मतदान कराने में भरसक प्रयास कर रहे हैं, परंतु कई क्षेत्रों में विकास के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। जनता ने इस बार किसी पार्टी के उम्मीदवार को नहीं देख रही है, मुद्दा सिर्फ क्षेत्र के विकास से जुड़ा रहेगा और उम्मीदवारों से इसका हिसाब मांगा जाएगा।

#### हमारा गांव विकास से कोसों दूर

इसी तरह का नजारा जिले के प्रखंड क्षेत्र के बिचपुरा पंचायत के करीब पांच सौ के आबादी वाले चपगांवा गांव में सड़क न होने के कारण प्रत्याशी के प्रति आक्रोश है। कारण चपगांवा गांव पहुंचने के लिए आपको पगडंडियों का सहारा लेना पड़ेगा, गांव तक मोटरसाइकल व साइकिल भी पहुंचना मुस्किल हैं, गांव के ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक पूर्व विधायक व सांसद से लेकर प्रशासनिक विभाग पर ध्यान न देने का आरोप लगाया है। गांव के प्रधान प्रकाश दर्वे बताते हैं गांव में सड़क न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को हॉस्पिटल कंधो पर लाद कर ले जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा मुस्किल बरसात के मौसम में होता है, आने जाने के लिए कोई रास्ता ही नहीं रहता है, खेतों में धान की फसल तथा पानी के कारण कोई रास्ता ही नहीं बचता है, वर्षो से हमलोग भारी समस्या का सामना करना पड़ता है, चुनाव के समय नेता लोग आते हैं देखते है, वादे करते हैं और जितने के बाद सब भूल जाते है।



चपगांवा गांव के ग्रामीण हुए एकजुट

#### क्या कहते है ग्रामीण

गांव के वार्ड सदस्य सोनी देवी बताते हैं कई बार आला अधिकारी को सड़क की समस्या से निजात दिलाने के लिए आवेदन कर चुका हूं। पंरतु कोई सुनवाई नहीं होती हैं, डिजिटल युग में सड़क का ना होना दुर्भाग्य की बात है, सड़क ना होने के कारण कई परिवार अन्य जगह गांव से बाहर चले गए हैं। गांव में सड़क न होने के कारण कोई भी इस गांव में रिश्ता जोड़ना नहीं चाहते हैं, गांव के कई युवा शादी की उम्र पार कर चुके हैं, गांव में की सड़क समस्या को देखकर कोई भी रिश्ता नहीं जोड़ता है। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए नोटा पर मतदान करने का बात कहे है। कहा आज तक किसी नेता विधायक सांसद ने हमारे गांव का सुध नहीं लिए है। वहीं इस मौके पर प्रधान प्रकाश दरवे, वार्ड सोनी देवी, चंदन कुंवर, अमित कुंवर, सन्नो देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजुद थे।

# डीसी ने सुनी आम आदमी की फरियाद

आवाज प्रतिनिधि

**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मंगलवार को जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही।

गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने को लेकर आदेश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। जिससे शिकायत के रूप में मिले आवेदन का समाधान जल्द किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि आमजन की सुनवाई में कोई कोताही न बरती जाए और इसे प्राथमिकता से लिया जाए। जनता दरबार में जमीन, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, भू- अर्जन आदि विभाग से संबंधित मामले शिकायत के रूप में प्राप्त हुए।



समस्या सुनते डीसी।

# सहिया की मौत पर शोक सभा का आयोजन



मौन रखते कर्मी।

आवाज प्रतिनिधि

**पाकुड़िया (पाकुड़) :** बीते दिन कालीडीह गांव के स्वास्थ्य सहिया संचिता उरींडा की हाइवा ट्रेलर के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। इसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया प्रांगण स्थित सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भरत भूषण भगत के नेतृत्व में मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वास्थ्य सहियाओं ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर चिकित्सक डॉ गंगाशंकर साह, डॉ पूनम भगत, डॉ बिनोद ठाका एवं नित्य कु पाल, प्रभात दास, केटीएस संजय कुमार, योगेश कुमार साथ में अन्य उपस्थित थे।

# 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन



कीर्तन प्रस्तुति करते कीर्तनीया।

आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** सुंदरपुर में सोलोआना द्वारा आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का कुंजविलास के साथ समापन हुआ। इस दौरान कुंज विलास पाला में पश्चिम बंगाल सामडी के मशहूर कीर्तनीया संगीता भंडारी के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कलियुग में एक मात्र मोक्ष का साधन भगवान श्रीकृष्ण का नाम जाप है। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम सदा जपना चाहिए, तभी मोक्ष प्राप्त होगी। कहा कि भगवान प्रेम का भूखा होता है, समर्पण भाव से उन्हें पुकारने पर भक्त की पुकार अवश्य सुनते हैं। मनुष्य को सभी रिपुओं का त्याग कर प्रभु के शरणापन्न हो जाना चाहिए। तभी मानव जीवन जन्म की सार्थकता होती है।इस अवसर पर महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किए।इस धार्मिक अनुष्ठान काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त जन मौजूद थे। मालूम हो कि इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पुरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर नित्यानंद भंडारी, जनार्दन भंडारी, ब्रेज गोपाल भंडारी, मंगल भंडारी, दयामय मंडल, गया भंडारी, लालमोहन भंडारी, बलराम भंडारी,जगत मोहन भंडारी,सायन भंडारी,बांकबिहारी भंडारी,शुभांकर भंडारी सहित सोलोआना के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

# दूर से राशन लाने में हो रही है परेशानी, एमओ से शिकायत

आवाज प्रतिनिधि

**पाकुड़िया (पाकुड़) :** बासेतकुंडी पंचायत अंतर्गत बरमसिया गांव के जनवितरण प्रणाली के दर्जनों कार्डधारी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे। लाभुकों ने मोहुलपहाड़ी के जनवितरण प्रणाली दुकानदार महिला विकास स्वयं सहायता समूह के पास से अनाज लेने की मांग को लेकर बीपीआरओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी त्रिदीप कुमार शील को आवेदन सौंपा है। बरमसिया के कार्ड धारक बिट्टीमय टुडू सहित दर्जनों ने बताया कि सभी कार्डधारक ज्योति किरण स्वयं सहायता समूह बरमसिया के पास राशन पाते थे, लेकिन कार्ड धारियों को इस राशन दुकानदार द्वारा बार-बार राशन कम देने के शिकायत पर पाकुड़ जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा ज्योति किरण स्वयं सहायता समूह दुकानदार को निलंबित कर दिया गया है। जिसके कारण तत्काल सभी कार्डधारी जनवितरण प्रणाली दुकानदार कपिलदेव भगत लगडुम से राशन ले रहे है। लगडुम अधिक दूरी एवं आवागमन में सुविधा न होने के कारण हम नजदीक गांव मोहुलपहाड़ी के महिला विकास स्वयं सहायता समूह के पास से राशन लेने की मांग करते है। आवेदन के आलोक में बीपीआरओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि आवेदन को जिला आपूर्ति पदाधिकारी पाकुड़ को भेज दिया जाएगा, वहां से आदेश आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आवेदन देते लाभुक।

# पंचायत में संध्या चौपाल के माध्यम से मतदान करने हेतु किया गया जागरूक



संध्या चौपाल में मौजूद अधिकारी व ग्रामीण।

आवाज प्रतिनिधि

**कुंडहित (जामताड़ा) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती कुमुद सहाय के निर्देश पर जामताड़ा जिले में स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाताओ को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार शाम को कुंडहित प्रखंड के बाबूपुर पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के नेतृत्व में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान आम मतदाताओ को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। संध्या चौपाल में लोकसभा चुनाव में निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की कहा कि लोकतंत्र को जीवित व जागृत बनाये रखने में मतदान अति आवश्यक है। जिला में लोकसभा चुनाव के निमित सातवें चरण मे मतदान होना सुनिश्चित है, इस दिन एक एक मतदाताओं को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है। मतदान के लिए दूसरे को भी प्रेरित कर बूथ तक ले जाना है। परिवार या गांव में एक भी मतदाता वोट डालने से नहीं चुके इस पर भी ध्यान द्रिरत रखने की जरूरत है। वहीं कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा इसबार के चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी का मतदान करना जरूरी है।इस मौके पर सभी संबंधित उपस्थित थे।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न बूथों में चलाया जागरुकता कार्यक्रम



जागरूक कार्यक्रम चलाते नोडल पदाधिकारी एवं अन्य।

आवाज प्रतिनिधि

**नाला :** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में स्वीप कार्यक्रम के तहत धोबना पंचायत अंतर्गत केंदुआ गांव में नोडल पदाधिकारी निमाई चंद्र देवांशी की देखरेख में मतदाता जागरूकता को लेकर संकल्प पाठ कराई गई।इसके पूर्व उन्होंने मतदान की महत्ता तथा मतदान करने की विभिन्न प्रक्रिया वीवीपैट आदि की जानकारी दी । इस दौरान उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान करना हम नागरिकों का कर्तव्य बनता है। लोकतंत्र में मतदान का बहुत ही महत्व है। इस दौरान सभी सहिया एवं सहिया साथी, बीएलओ सहित अन्य ग्रामीणों को मतदाता संकल्प पाठ कराई। इस दौरान सबों ने सामूहिक रूप से संकल्प लेते हुए कहा कि रहम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि नुनुधन किस्कु,बीएलओ सुपरवाइजर मुस्ताक अहमद, बीएलओ जबा मिश्रा ,रोजगार सेवक स्वाधीन घोष, शिक्षिका अनंदिता मिश्रा उर्फ काकन,पंचायत सचिव संगीता कुमारी सहित अन्य ग्रामीण मतदाता मौजूद थे।

## हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका कर्ताओं पर जुर्माना सही !

*दिल्ली हाईकोर्ट मे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत दिए जाने की याचिका दायर की गई थी। शराब घोटाले के आरोप में वह तिहाड़ जेल में बंद है। अदालत ने जमानत याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 75000 का जुर्माना लगा दिया। पिछ्ले कुछ वर्षो से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जो जनहित याचिकाएं दायर की जाती हैं उन याचिकाओं को खारिज कर भारी जुर्माना लगाए जाने की नई परम्परा शुरू हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दल के प्रतीक चिन्ह के आवंटन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिका निरस्त की, और 25000 रुपए का जुर्माना लगा दिया। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण नीति बनाने की मांग को लेकर याचिका को निरस्त करते हुए उसे पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया। जाति व्यवस्था के वर्गीकरण की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 35000 रुपए का जुर्माना लगाते हुए याचिका निरस्त कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका को निरस्त कर 50000 रुपए का जुर्माना लगाया। जनहित से जुड़े एवं आय मामलों को लेकर अब सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेना बंद कर दिया है। जनहित की याचिकाएं या जनहित से जुड़े हुए मामलों की कई महत्वपूर्ण याचिकाएं कई वर्षों तक सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में लंबित बनी रहती हैं। जिस पर लंबे समय तक सुनवाई नहीं होती है। सुनवाई हो भी जाती है, तो फैसला सुरक्षित रख लिए जाते हैं। ऐसी स्थिति कुछ ही वर्षों में न्यायपालिका में देखने को मिल रही है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं दायर की जाती हैं। उसमें याचिकाकर्ता को वकील की नियुक्ति करनी पड़ती है। उसकी फीस भी देनी पड़ती है। हाईकोर्ट ओर सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय में प्रारंभिक जांच भी होती है। न्यायालय फीस के रूप में याचिकाकर्ता से शुल्क जमा कराया जाता है। उसके बाद ही याचिका सुनवाई के लिए लिस्ट होती है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को लगता है, याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, तो उन्हें निरस्त कर दिया जाता है। जिन वकीलों द्वारा याचिका दायर की जाती है। उन्हें भी हाईकोर्ट के नियमो और कानून की जानकारी होती है। जनहित याचिकाओं में या अन्य याचिकाओं को खारिज करने के बाद जुर्माना लगाए जाने से अब लोगों में भय का वातावरण बन गया है। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट जाकर न्याय पाने की कल्पना अब आम नागरिकों के बस की बात नहीं रह गई है। वकीलों की हजारों रुपए की फीस, न्यायालयों की फीस जमा करने, शपथ पत्र इत्यादि एवं मुकदमे की तैयारी करने में याचिकाकर्ता को हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। यदि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाने पर लोगों में भय का वातावरण बन गया है। इससे न्यायिक व्यवस्था से आम आदमी का विश्वास भी खत्म हो रहा है। जब लोग हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाते हैं, निश्चित रूप से वह कहीं ना कहीं इस आशा के साथ जाते हैं, कि उनके मामले की सुनवाई होगी और उन्हें राहत मिलेगी। धारा 370, दिल्ली में हो रहे दंगे, चुनाव बांड की याचिका, महाराष्ट्र में उद्धव सरकार को गिराने में हुए दल बदल और ऐसे दर्जनों मामले हैं। जिनकी सुनवाई में कई वर्षों तक का विलंब किया गया। मामले हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के बीच झूलते रहे। तारीख पर तारीख मिलती रही। समय पर फैसला नहीं मिला। जब न्याय मिला, तो वह भी आधा अधूरा था। जिस महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बताया। दल बदल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से जिस तरह से विधानसभा अध्यक्ष और चुनाव आयोग के बीच झलता रहा। वह सबके सामने है। ऐसी स्थिति इसके पहले न्याय पालिका की कभी नहीं थी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आए दिन याचिकाओं को खारिज करने और उस पर जुर्माना लगाने की खबरें निरंतर मिल रही हैं। जुर्माना लगाने से लोग जनहित के मामलों में आवाज उठाने से डरने लगे हैं। सरकार सुनती नहीं है, प्रदर्शन नहीं करने दिया जाता है।*

# छत्तीसगढ़ के जंगलों में 'मौत' के खौफ से नक्सली सरेंडर को मजबूर

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

जिंदगी की कीमत हर किसी के लिए इतनी अधिक है कि उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती । नक्सली हो या अन्य आतंक के रास्ते पर चलनेवाले लोग, जो भले ही किसी की जान लेने में जरा भी देरी नहीं करते, लेकिन बात जब उनकी अपनी जान पर बन आए तो ये हर कीमत पर इसकी हिफाजत करने के लिए कुछ भी कर गुजरने हैं । पहले नक्सली संगठन भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सरकार से वार्ता करने के लिए तैयार होती है, वह भी सशर्त, फिर जब बात शर्त के साथ बातचीत की नहीं बनती और सरकार साफ चेता देती है कि आमजन, नेता और व्यापारियों को यदि नक्सलियों ने अपना निशाना बनाया तो उन्हें फिर इसका अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए, और फिर एक गलती जैसे नक्सलियों के लिए काल बनकर आ गई, देखते ही देखते जंगल से उनका सफाया शुरू हो गया, ऐसे में अब उनके पास जंगल से भागने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

वस्तुतः इन दिनों छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर सरकार सख्त है। लम्बे समय से चल रहे नक्सली घातों के बाद अब वक्त इस राज्य में सरकार बदलने के बाद प्रतिघात कर नक्सलवाद को समाप्त करने का है। यहां अभी भाजपा की सरकार बने बहुत दिन नहीं बीते हैं, लेकिन भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार हकीकत में अपने छत्तीसगढ़वासियों से जो नक्सलवाद के खात्मे का वादा कर सत्ता में आई, वह बहुत शिद्दत से उसे निभाती नजर आ रही है। यही कारण है कि नक्सली बैकफुट पर हैं और इनामी नक्सली तक राज्य से पलायन करने या सरकार के समक्ष सरेंडर को मजबूर हो उठे हैं।

अब आंध्र प्रदेश की ओर भाग रहेः ये कहानी उन छह बड़े इनामी नक्सलियों की है, जो हर हाल में जिंदा रहना चाहते हैं। इनकी ये जिंदा रहने की चाह इन्हें छत्तीसगढ़ से भागने को मजबूर करती है और ये आंध्र पुलिस के सामने सरेंडर करते हैं। सभी नक्सली सरेंडर करने के दौरान आंध्र प्रदेश की पुलिस के सामने गुहार लगा रहे थे, मैं नक्सली हूं, मुझे मेरी जिंदगी से प्यार है... इस जिंदगी में अभी बहुत कुछ देखना और करना है ... जिंदा रहना है साहब...। फिर सभी की समवेत आवाज आई, हम सभी नक्सली हैं, हमें गिरफ्तार कर जेल में डाल दो साहब...। कहने को ये ऊपर लिखा वाक्य किसी को भी पटकथा का कोई संवाद लग सकता है, लेकिन यह संवाद इन दिनों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्य सरकारों की नक्सली सोच पर कड़े प्रहार के बाद चहुंओर साफ घटता नजर आ रहा है । वास्तव में इस वक्त छत्तीसगढ़ की साय सरकार समेत मध्य प्रदेश की मोहन सरकार और महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने नक्सलियों की वह हालत कर दी है कि अब उनके पास चार ही विकल्प शेष बचे हैं। पहला- सरेंडर करें। दूसरा- राज्य से पलायन कर जाएं। तीसरा- पुलिस एवं अन्य सुरक्षा फोर्स से लड़ाई लड़ें या फिर नक्सलवाद का रास्ता छोड़ राज्य के विकास में अपना भरपूर योगदान देवें। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के मतदान से ठीक दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली और उन्होंने बस्तर संभाग के कांकेर जिले के हिदूर और कलपर के बीच जंगलों में 29 दुर्दांत नक्सलियों को मार गिराया। इनमें शीर्ष नक्सली कमांडर जैसे शंकर राव, ललिता, माधवी और राजू जैसे लाखों रुपये के इनामी नक्सली शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ में कुछ ही दिन में 90 से ज्यादा नक्सली मारे गएः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बताते भी हैं कि लगभग सौ दिनों में 63 मुठभेड़ों में 54 नक्सलियों के शव, 77 हथियार और 135 विस्फोटक बरामद किए गए हैं। 304 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। 165 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सल संबंधी कुल 26 प्रकरणों को एनआईए को सौंपा गया है। विगत 4 माह में 24 अग्रिम सुरक्षा शिविरों की स्थापना की गई है। निकट भविष्य में 29 नए आधार शिविरों की स्थापना प्रस्तावित है। यह एक तथ्य है कि पिछले तीन महीने में बस्तर के अलग-अलग जिलों में हुई मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने अब तक 90 से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बीते चार माह के दौरान सुरक्षाबलों ने अकेले बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ घेराबंदी को मजबूत करते हुए 24 नई छावनियां स्थापित की हैं।

मध्य प्रदेश में भी मारे जा रहे हैंः इससे कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में नकद इनामी दो नक्सली मारे गए । जिनकी पहचान सजंती उर्फ क्रांति और रघु उर्फ शेर सिंह के रूप में हुई । इसके तुरंत बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बयान भी सामने आया। उन्होंने कहा, ह्व29 लाख रुपए के इनामी डिविजनल कमांडर को मारा जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। दूसरा, 14 लाख के इनामी नक्सली को मारना मध्य प्रदेश पुलिस की सजगता को बताता है। हम नक्सलाइट मूवमेंट को कभी भी पनपने नहीं देंगे। तीन महीने पहले सरकार बनने के तीसरे दिन भी बड़ा एनकाउंटर हुआ था, अब जब तक नक्सलियों का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता, इस प्रकार की कार्रवाइयां होती रहेंगी।ह्ल ऐसी ही एक बड़ी कार्रवाई महाराष्ट्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत घटी। यहां के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने चार नक्सली को मार गिराया। इन चारों नक्सलियों पर सरकार ने 36 लाख रुपये के इनाम रखा था। महाराष्ट्र पुलिस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक बड़ा नक्सल ग्रुप लोकसभा चुनावों में बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए गढ़चिरौली के जंगलों में छिपा है, जिसके बाद एक्शन में आई महाराष्ट्र पुलिस ने ये बड़ी कार्रवाई की।

महाराष्ट्र में अर्बन नक्सलियों पर नकेलः महाराष्ट्र नक्सल ऑपरेशन को लेकर पुलिस अधिकारी आईपीएस संदीप पाटिल ने बताया भी कि महाराष्ट्र के नागपुर, पुणे, नासिक, मुंबई,थाने,नासिक और गोंदिया जैसे शहरों में नक्सली घुसपैठ हुई है। माओवादियों से जुड़े अर्बन नक्सली स्लम इलाकों में युवाओं का ब्रेन वास कर उन्हें शासन, प्रशासन के खिलाफ लडाई लड़ने के लिए तैयार कर रहे हैं। पिछले दिनों पुलिस ने ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के गोपनीय दस्तावेज जब्त किए थे। इससे साफ पता चला है कि नक्सली शहरी भागों में खास तौर पर स्लम इलाकों में सक्रिय हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** — शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** — नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** — कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** — बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दें। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** — सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेंगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-5-6-7

**मीन** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

# पंचायती राज करवाता है स्वशासन का दिग्दर्शन

**बाल मुकुन्द ओझा**

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है। हर साल सत्ता के विकेंद्रीकरण के ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए के लिए भारत 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाता है। महात्मा गाँधी ने कहा था, भारत का दिल गांवों में बसता है और देश की समृद्धि उसके गांवों से ही है। भारत में करीब छह लाख से अधिक गांव हैं जो छह हजार से अधिक ब्लॉक और 750 से अधिक जिलों में बंटे हुए हैं। पंचायती राज का तात्पर्य स्वशासन से है और यह व्यवस्था शासन के विकेंद्रीकरण के तहत की गई है।

पंचायती राज संस्था को भारत के सबसे पुराने शासी निकायों में माना जाता है। देश में 15 वां राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप भारत में प्रचीन काल से ही पंचायती राज व्यवस्था आस्तित्व में रही हैं। सबसे पहले ब्रिटिश शासन काल में 1882 में तत्कालीन वायसराय लार्ड रिपन ने स्वायत्त शासन की स्थापना का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इसके उपरांत ब्रिटिश शासकों ने स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की स्थिति की जांच करने तथा उसके संबंध में सिफारिश करने के लिए 1882 तथा 1907 में शाही आयोग का गठन किया, जिसके तहत 1920 में संयुक्त प्रांत, असम, बंगाल, बिहार, मद्रास और पंजाब में पंचायतों की स्थापना के लिए कानून बनाए गए। पंचायती राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक जामा पहनाने का काम आजादी के बाद शुरू हुआ। भारत की शासन व्यवस्था में ग्राम पंचायत बहुत ही पुरानी अवधारणा है गाँधी जी के शब्दों में अगर हम इसे समझने की कोशिश करें तो इसे बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। स्वतंत्रता से पूर्व उन्होंने पंचायती राज की कल्पना करते हुए कहा था कि सम्पूर्ण गाँव में पंचायती राज होगा, उसके पास पूरी सत्ता और अधिकार होंगे।

अर्थात सभी गाँव अपने-अपने पैरों पर खड़े होंगे और अपनी जरूरतों की पूर्ति उन्हें स्वयं करनी होगी। साथ ही दुनिया के विरुद्ध अपनी रक्षा स्वयं करनी होगी यही ग्राम स्वराज में पंचायती राज हेतु मेरी अवधारणा है। स्वतंत्र भारत में पंचायतीराज व्यवस्था महात्मा गांधी की देन है। वे स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही ब्रिटिश सरकार पर पंचायतों को पूरा अधिकार देने का दबाव बना रहे थे। आजादी के बाद देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रयास हुए । इन्हीं प्रयासों में से एक है- पंचायतीराज व्यवस्था की स्थापना। पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत बनाने की सिफारिश करने के लिए 1957 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में ग्रामोद्धार समिति का गठन किया गया।

इस समिति ने गाँवों के समूहों के लिए प्रत्यक्षतः निर्वाचित पंचायतों, खण्ड स्तर पर निर्वाचित तथा नामित सदस्यों वाली पंचायत समितियों तथा ज़िला स्तर पर ज़िला परिषद् गठित करने का सुझाव दिया गया। मेहता समिति की सिफारिशों को 1 अप्रैल, 1958 को लागू किया गया और इस अधिनियम के प्रावधानों के आधार पर 2 अक्टूबर,1959 को राजस्थान के नागौर ज़िले में पंचायती राज का उदघाटन किया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने साल 1959 में दो अक्टूबर गांधी जयन्ती के दिन पंचायतीराज व्यवस्था की नींव रखी थी। 1993 में संविधान में 73वां संशोधन करके पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता दी गई। बाद में संविधान में भाग 9 को फिर से जोड़ कर तथा इस भाग में सोलह नए अनुच्छेदों को मिलाकर संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़कर पंचायत के गठन, पंचायत के सदस्यों के चुनाव, सदस्यों के लिए आरक्षण तथा पंचायत के कार्यो के संबंध में व्यापक प्रावधान किए गए। पंचायतीराज व्यवस्था ने विकास का विकेंद्रीकरण करके उसका लाभ आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है। आज ग्रामीण जीवन की सकारात्मक प्रगति से साफ है कि जिस उद्देश्य से पंचायतीराज व्यवस्था का ताना-बाना बुना गया था, वह अपने लक्ष्य को आसानी से साध रहा है। प्रत्येक पंचायत एक छोटा गणराज्य होता है, जिसकी शक्ति का स्त्रोत पंचायतीराज व्यवस्था है। भारतीय लोकतंत्र की सफलता भी इसी गणराज्य में निहित है। भारत गांव और ग्रामीण के विकास और उन्नति के लिए वहां की ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि देश की हर एक ग्राम पंचायत पूरी ईमानदारी और सजगता से अपने कर्तव्य पूरे करे, तो फिर कोई ग्रामीण रोजी-रोटी की तलाश में शहरों में नहीं भटकेगा।

## परिणाम तय है इसलिए मतदाता उदासीन

**सुरेन्द्र चतुर्वेदी**

अठारहवीं लोकसभा के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान हो गया। सभी 102 सीटों में से ज्यादातर में मतदान के प्रतिशत में कमी आई है। इससे यह माना जा रहा है कि मतदाताओं में चुनाव के प्रति वह उत्साह और उमंग नहीं था, जिसकी उम्मीद राजनीतिक दल विशेष रूप से भाजपा लगाए बैठी थी । तो क्या भाजपा को इससे निराश होने की जरूरत है ? या कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों को इसमें से किसी अप्रत्याशित परिणाम की उम्मीद रखनी चाहिए ? दोनों ही प्रश्नों का एक ही जवाब है, नहीं। यह सही है कि भारतीय जनता पार्टी को मोदी सरकार के कामकाज पर मतदाताओं की ओर से जोरदार समर्थन की उम्मीद थी और विपक्षी दलों को लगता था कि जनता महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सड़क पर आ जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसका एक ही मतलब है कि मतदाता ने परिवर्तन करने से ही इनकार कर दिया। हां, अब बहस सिर्फ इस बात पर हो सकती है कि भाजपा गठबंधन 400 सीटों से पार जा पाएगा या नहीं ? जहां तक मतदाताओं में उल्लास या वोटिंग प्रतिशत गिरने का सवाल है, तो कोई भी निष्कर्ष निकालते समय हमें इस तथ्य को भी देखना होगा कि क्या किसी एक ही दल का मतदाता निष्क्रिय था ? या सभी मतदाताओं को पहले से ही चुनाव परिणामों का अंदेशा है, इसलिए चुनाव में उसका उत्साह नदारद था। टेलीविजन पर होने वाली बहस को छोड़ दें तो गांव-चौपाल में भी मतदान और प्रत्याशी को लेकर कोई उत्सुकता नजर नहीं आई । तो भारत जैसे देश में जहां चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है, वहां मतदाता की उदासीनता का कारण क्या हो सकता है ? यह याद रखे जाने की जरूरत है कि 2014 का चुनाव परिवर्तन के नारे के साथ लड़ा गया था। भारत की जनता मनमोहन सरकार की अक्षमता के खिलाफ अपना मन बना चुकी थी, और अबकी बार मोदी सरकार व अच्छे दिन के नारे पर उसने मतदान किया था। 2019 का चुनाव भी पाकिस्तान को सबक सिखाने की मोदी सरकार की क्षमता पर हुआ। यह ऐसा चुनाव था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पीछे छूट गए थे और मतदाताओं ने मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए एकतरफा मतदान किया। लेकिन इस बार ऐसा नहीं है।

## अंकजाल - 7527

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 24 | 21 | 10 | ■ | 33 | 23 | 12 | 21 | ■ |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 26 |
| 17 | | 2 | | ■ | | 4 | | 6 | 15 |
| 16 | 7 | | ■ | | 7 | | 5 | | 24 |
| 33 | | 5 | | 8 | | 2 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | 5 | | 7 | | 32 |
| 22 | | 4 | | 2 | | ■ | | 3 | 9 |
| 27 | 4 | | 7 | | ■ | | 8 | | 19 |
| 25 | | 6 | | 7 | ■ | 6 | | 1 | 14 |
| ■ | 14 | 17 | 31 | 36 | ■ | 11 | 28 | 13 | ■ |

अंकजाल 7526 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 16 | 27 | 21 | ■ | 14 | 19 | 23 | ■ |
| 25 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | 7 | 2 | 5 | 14 |
| 20 | 5 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 7 | 6 | 20 |
| 25 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 10 |
| ■ | ■ | ■ | 4 | 2 | 7 | 2 | 5 | 7 | 27 |
| 30 | 8 | 9 | 2 | 3 | 8 | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 13 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 20 |
| 14 | 5 | 6 | 3 | ■ | 4 | 7 | 8 | 6 | 27 |
| 19 | 5 | 8 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 25 |
| ■ | 24 | 32 | 9 | ■ | 31 | 24 | 21 | 17 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6771

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -6770 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

# नक्सल विरोधी कार्रवाई पर हमदर्दी भरा दृष्टिकोण क्यों !

**डॉ. रमेश ठाकुर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर में पिछले सप्ताह केंद्रीय सुरक्षाकर्मियों ने एक ऑपरेशन के तहत बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया। सूचनाएं थी कि नक्सली चुनाव में गड़बड़ी करने वाले थे। उनका निशाना पोलिंग बूथ थे। उनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ। नक्सलियों पर इस कार्रवाई को लेकर एक दफा फिर कांग्रेस ने प्रमाणिकता पर सवाल उठाए हैं। वाजिब सवाल ये है कि आखिर चुनाव के बीच नक्सल और सुरक्षाबलों के बीच चले इस संघर्ष को राजनीतिक रंग देने में किसका भला होगा? भूपेश बघेल तो मुठभेड़ को फर्जी भी बता रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भी बिना सोचे समझे नक्सलियों से हमदर्दी जताई। हालांकि, विरोध होने पर अब दोनों अपने बयानों को लेकर लीपापोती करने में लगे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं ने इससे पूर्व भी नक्सलियों को शहीद बताकर उनके प्रति हमदर्दी जताई थी। यह तो जगजाहिर है ही कि कांग्रेस नक्सल आंदोलन के हिंसावादी रवैये की प्रति शुरू से नरम रही है। जबकि, कायदे से देखें तो नक्सलियों ने उनके भी कई नेताओं को मौत के घाट उतारा है।

बहरहाल, कांकेर मुठभेड़ को लेकर कांग्रेस और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच जमकर वाकयुद्ध जारी है। पर, नक्सलवाद की समस्या चुनाव तक ही सीमित नहीं रहने वाली? क्योंकि देश विगत 70 वर्षों से नक्सल आतंकवाद झेलता आया है। अब समय की मांग है कि इसे जड़ से खत्म किया जाए। केंद्र की योजना फिलहाल इसी ओर अग्रसर भी है। अभी तक हजारों नक्सली मारे गए हैं जिनमें बड़ी संख्या में हमारे जवान भी शहीद हुए हैं। इसलिए इस समस्या को राजनीतिक चश्मे से देखने कतई औचित्य नहीं? इस समस्या को जड़ से मिटाने की राष्ट्रीय नीति के प्रति सभी को एक समान विचार रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने गत दस वर्षों में नक्सल उन्मूलन की नीति पर एक निरंतरता बनाया हुआ है जिसके बेहतरीन परिणाम भी मिले हैं।

आंकड़ों पर गौर करें तो 2004-14 के यूपीए के दस सालों के नक्सली हमलों या मुठभेड़ों में 1,750 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई थी, लेकिन 2014-23 में करीब 72 फीसदी तक कमी आई। इस दौरान 485 सुरक्षाबलों के जवानों की जान गई। इसी अवधि में नागरिकों की मौत की संख्या भी 68 प्रतिशत घटकर 4,285 से 1,383 हुई। कांग्रेस सरकार अपने वक्त में ये तय नहीं कर पाई थी कि वह आर्म्ड वाम विद्रोह के खिलाफ केंद्रीय नीति किस तरह की रखे। कांग्रेस के नेताओं में इस पर एकमत था ही नहीं। प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह उच्चस्तरीय सुरक्षा सम्मेलनों में तो यह कहते रहे कि नक्सलवाद देश के लिए खतरा है। पर, गृहमंत्री के रूप में चिदंबरम ने सशस्त्र विद्रोह के प्रति कोई आक्रामक नीति कभी बनाई ही नहीं? मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह ने नक्सलवाद के मूल कारणों को ढूंढने के अपने सिद्धांत बना लिए और उसी की वकालत करते रहे।

सन 2009 में यूपीए सरकार ने ऑपरेशन 'ग्रीन हंट' शुरू किया था। तब कहा गया था कि सरकार नक्सलियों को पूरी तरह खत्म कर देगी। सीआरपीएफ को इसके लिए खास तरह के टास्क दिए गए। इस अभियान में भारतीय सेना को भी लगाया गया। लेकिन, यह ऑपरेशन सुरक्षा बलों के लिए ही काल बन गया। अप्रैल-2010 में नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक ही दिन 76 सीआरपीएफ के जवानों की हत्या कर दी। घरेलू मोर्चे पर यह ऑपरेशन 'ब्लूस्टार' के बाद सुरक्षाबलों की सबसे ज्यादा मौतों की यह घटना बन गई। यूपीए में तीन-तीन गृह मंत्री बनाए गए, शिवराज पाटिल, चिदंबरम और सुशील शिंदे। नक्सलवाद को लेकर तीनों की अपनी अलग-अलग राय थी। यूपीए सरकार में ही हिंसक नक्सलियों को गुमराह और नेक इरादे वाले लोगों के रूप में वर्णन किया गया। यूपीए सरकार ने ही मलकानगिरी के कलेक्टर विनील कृष्णा के बदले में आठ माओवादियों को रिहा किया। उसी दौरान माओवादी समर्थकों का एक पढ़ा लिखा वर्ग भी तैयार हुआ, जिन्हें आज अर्बन नक्सली कहा जाता है। फिलहाल केंद्र सरकार अब ये दावा करती है कि उसने हिंसक वाम आंदोलन और उग्रवाद खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ा है। नक्सल वामपंथी उग्रवाद को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी। 2015 में मोदी सरकार ने आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ ह्लराष्ट्रीय नीति और कार्ययोजनाह्ल शुरू की थी, जिसमें हिंसा के प्रति ह्वजीरो टॉलरेंसह्ल की बात कही गई थी। सरकार ने उसी समय से किसी भी तरह की हिंसा से निपटने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों का आधुनिकीकरण करना शुरू कर दिया। प्रशिक्षण के लिए विशेष तौर पर फंड जारी किए। इसके साथ ही सरकार ने हिंसा प्रभावित राज्यों की सहायता के लिए विशेष बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना पर काम शुरू किया। सुरक्षा जरूरतों में आने वाले खर्चों के लिए अलग से धनराशि जारी की। इतना ही नहीं इस पूरे काम की निगरानी करने के लिए सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमित शाह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय में एक अलग डिवीजन बनाया। इसे वामपंथी उग्रवाद प्रभाग का नाम दिया गया। वामपंथी उग्रवादियों का मुकाबला करने और राज्य पुलिस बलों की क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों में इंडिया रिजर्व बटालियन का भी गठन किया गया। लगातार ऑपरेशन से माओवादियों और नक्सलियों के पांव उखड़ गए हैं। हिंसा और अपराधों के आकड़े में लगातार कमी आई है। वर्ष 2014 से 2023 के बीच में वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हिंसा में 52 फीसदी से अधिक की कमी आई है। इस तरह कुल मौतों में भी 69 फीसदी की कमी आई है। सुरक्षाबलों के हताहतों की संख्या इस समय काफी कम है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये तभी संभव हुआ जब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके चलते ही विगत वर्षों में उग्रवादी गुटों के कई सदस्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण करने को भी मजबूर हुए। केंद्र सरकार ने कई मर्तबा वामपंथी उग्रवादियों को हिंसा छोड़ने और बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। उनके लिए केंद्र ने कई विकास परियोजनाएं भी शुरू करने की बात कही।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सेक्टर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## कहा-ससमय सभी मतदान केंद्रों पर मॉक पोल एवं मतदान प्रारंभ हो इसे सुनिश्चित करेंगे

■ **सरैयाहाट,जरमुंडी तथा गोपीकांदर प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारियों ने बैठक में लिया भाग**







**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**दुमका :** लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने सरैयाहाट,जरमुंडी तथा गोपीकांदर प्रखंड के सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक की एवं उनके कर्तव्यों से अवगत कराया'जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर लें।अगर किसी प्रकार की कोई कमी दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना दें ताकि उक्त कमियों को ससमय दूर कर लिया जाय।कहा कि अपने सेक्टर से मतदान केंद्रों की दूरी की भी मैपिंग कर लें ताकि मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार के संशय की स्थिति की उत्पन्न नहीं हो।उन्होंने कहा कि पूरे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त सभी निदेशों का अक्षरसः पालन हो,इसे सुनिश्चित करें'जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों तक जाने के लिए रूट चार्ट बनाए गए हैं।निर्धारित रूट चार्ट का सत्यापन सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी अपने स्तर से कर लें एवं किसी प्रकार की कोई कमी रहने पर अपने एईआरओ को अवगत कराएं।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में जो भी जानकारियां दी गयी हैं। मतदान दिवस के दिन उक्त जानकारियों के मदद से आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी गलती के कर सकेंगे।उन्होंने एईआरओ को होम वोटिंग हेतु रुट चार्ट बनाने का निदेश दिया'उन्होंने कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम सुरक्षा बल की देख रेख में मतदान केंद्र से कलेक्शन सेंटर तक पहुँचाया जाएगा'बैठक में विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना सभा में वीर कुंवर सिंह की मनाई गई जयंती



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**दुमका :** विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दुमका के वंदना सभा मे वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश जी ने बताया की वीर कुंवर सिंह का जन्म 23 अप्रैल 1777 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव के एक क्षत्रिय जमीनदार परिवार में हुआ था। इनके पिता बाबू साहबजादा सिंह एक साधारण किसान थे। वे अंग्रेजी सरकार के प्रति विश्वासपात्र बने। जिसके कारण उन्हें भोजपुर जिले की जमींदारी मिली थी। उनके माताजी का नाम पंचरत्न कुंवर था।उनके छोटे भाई अमर सिंह, दयालु सिंह और राजपति सिंह एवं इसी खानदान के बाबू उदवंत सिंह, उमराव सिंह तथा गजराज सिंह नामी जागीरदार रहे तथा अपनी आजादी कायम रखने के खातिर सदा लड़ते रहे।वीर कुंवर सिंह पाठ का उद्देश्य भारत के लोगों में राष्ट्रीय भावना जगाना है। कुंवर सिंह की देशभक्ति और वीरता का उल्लेख कर यह सन्देश दिया गया है कि यदि मनुष्य के मन में किसी कार्य को करने की दृढ़ इच्छा हो, तो उसके मार्ग में आने वाली कोई बाधा उसे विचलित नहीं कर सकती।विद्यालय के भैया बहनों ने वीर कुंवर सिंह जी पर अपना विचार व्यक्त किया।जयंती महोत्सव का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन रमाकांत मौर्य एवं मंटू जी ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं भैया -बहन उपस्थित थे।

# जो भक्त महारास के पांच अध्याय का श्रवण करता है,वह भवसागर पार कर जाता है : देवी वसुंधरा श्री



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड के ठाडीहाट गाँव मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचिका देवी वसुंधरा ने गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर पर कथा व्यास ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया।कथा व्यास ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ।भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई।कथा वाचिका ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। वहीं कथा का श्रवण कर भक्तजन भक्ति के वातसल्य मे डुबकी लगाते हुए नजर आए।

# विभागीय उदासीनता से परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त से लगायी जलमीनार चालू कराने की गुहार



■ **जलमीनार खराब होने से पेयजल की भारी किल्लत**

**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**दुमका :** सदर प्रखंड दुमका के पारसिमला गांव में स्थित एकमात्र जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा हैग्रामीणों ने बताया कि इस तपती धूप व जानलेवा गर्मी में यहां गांव का एक मात्र जलमीनार दो महीने से खराब पड़ा हैं।ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दुमका के कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से यहां बने सौर ऊर्जा संचालित जलमीनार की मरम्मती कराकर चालू कराने की गुहार लगायी है, लेकिन बार बार आग्रह करने के बावजूद विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की कोई चिंता नहीं है वे गुहार लगाकर कर थक हार चुके हैंमंगलवार को ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर यहां जल मीनार चालू कराने की गुहार लगायी हैं।गांव के पाण्डेश्वर रजक,मुक्तेश्वर रजक,नरेश रजक,सुनील रजक,सष्टि रजक,अली बक्स अंसारी,समसुल अंसारी,मुस्लिम अंसारी,मुर्तजा अंसारी,सुमन पाल एवं बिनोद पाल ने उपायुक्त को आवेदन देकर पेयजल समस्या का निदान कराने का आग्रह किया है।

# स्वीप और प्रवाह शाखा के तत्वाधान में चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान





**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**शिकारीपाड़ा :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में हर एक योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे इसे ध्यान में रखते हुए स्वीप और प्रवाह शाखा- शिकारीपाड़ा के संयुक्त तत्वधान में नये युवा और महिला मतदाताओं को जागरूक किया गया'शिकारीपाड़ा प्रखंड के अमराडोभा और सुंद्राफलन गाँव में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अतर्गत मतदान का महत्व, लोकतंत्र में जनता की भागीदारी, जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि कैसे सरकार का गठन करते है और उचित तथा कदाचारमुक्त चुनाव के बारे में सभी जागरुक किया गया।

# जलमीनार चापाकल खराब रहने से आदिवासी बाहुल्य गांव में घोर पेयजल संकट



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**रानीश्वर :** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी एवं आग उगलती धूप में रानीश्वर प्रखंड अन्तर्गत महुलबोना पंचायत के आदिवासी बाहुल्य निझोरपाड़ा एवं कैराबनी गांव में घोर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया हैंवीगत बीस दिनों से यहां पानी के लिए हाहाकार मचा हैगांव में पेयजल का कोई श्रोत नहीं रहने से ग्रामीणो को दूर के जलाशय से पानी लाकर अपनी व अपने परिवार बुझानी पड़ रही हैग्रामीणों ने बताया कि यहां के सभी जलमीनार एवं चापाकल खराब रहने से तकरीबन दो हजार की आबादी को जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है।दूसरी ओर पंचायत के मुखिया मुनमुन मरांडी जल संकट से बेखबर हैंग्रामीणों के अनुसार विभागीय उदासीनता से जलमीनार एवं चापाकल की मरम्मती नहीं हो रही है जिसके कारण इस चिलचिलाती धूप में सारे काम-धंधे छोड़कर पानी के जुगाड़ में भटकना पड़ रहा हैग्रामीणों ने जिला प्रशासन व विभाग से जल्द से जल्द जलमीनार एवं चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है।

# स्वीप के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन कल



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत रामगढ़ प्रखंड में 25 अप्रेल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित करते हुए रक्तदान करते समय मतदाताओं से मतदान(1 जून) के दिन अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग करते हुए जागरूक किया जाएगा। रक्तदान शिविर में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी दुमका के ज्ञापांक 1275/20.04.2024 के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर हेतु चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों को प्रति नियुक्त करने हेतु सूचित किया गया है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 25 अप्रेल को स्वीप के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।कहा कि नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एचबीएसएजी, एचसीवी, वीडीआरएल आदि जांचें हो जाती हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मीडिया के द्वारा आम जनों से अपील की है कि रक्तदान के महत्व को लोगों तक पहुंचाएं तथा उन्हें रक्तदान हेतु प्रेरित करें। हालांकि जेटी न्यूज ऐसे नेक कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहती है।जेटी न्यूज रामगढ़ के पाठकों से अपील करती है कि रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और लोगों को अपना बहुमूल्य रक्त देकर जीवन दान दें।बैठक मे थाना प्रभारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# नाबालिग से विवाह करने के मामले में सेवानिवृत्त शिक्षक के विरुद्ध बाल विवाह अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज



**आवाज प्रतिनिधि। 23 अप्रैल**

**रानीश्वर :** रानीश्वर थाना क्षेत्र में नाबालिग से विवाह करने के मामले में सेवानिवृत्त शिक्षक कुसुम कानन दास के विरुद्ध बाल विवाह अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई हैबताते चलें कि गोबिंदपुर पंचायत की पंचायत सचिव सह ग्राम स्तरीय बाल विवाह समिति की सचिव दीप्ति दास ने रानीश्वर थाना में सेवानिवृत्त शिक्षक कुसुम कानन दास के विरुद्ध प्राथमिक विद्यालय श्यामपुर की नाबालिग छात्रा के साथ विवाह करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कारवाई का आग्रह किया था।कुसुम बीरभूम जिला के आबदारपुर गांव के निवासी हैं।वह यहां श्यामपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पद पर कार्यरत थेसाथ ही सिउड़ी से आना जाना कर ड्यूटी करते थे पिछले साल वह सेवानिवृत्त हो गए थे। बावजूद श्री दास का यहां आना-जाना जारी था।साथ ही विद्यालय की एक नाबालिग आदिवासी छात्रा के साथ उसका अवैध संबंध थोबीते दिन वह श्याम पुर आए थे।ग्रामीणों ने कुसुम को उस किशोरी के साथ संदेहास्पद स्थिति में पकड़कर उस लड़की के साथ उसकी शादी करा दी थी। सेवानिवृत शिक्षक कुसुम कानन दास उस नाबालिग के साथ कथित शादी रचा कर सिउड़ी स्थित श्री भूमि एपार्टमेंट ले गया, परन्तु स्थानीय थाना को घटना की सूचना नहीं दी बेंच ऑफ मैजिस्ट्रेट बाल कल्याण समिति दुमका ने मामले को गंभीरता से लेकर एक एनजीओ के माध्यम से मामले की जांच करायीजांच में छात्रा की उम्र कम पायी गयी।विद्यालय के वर्तमान प्रभारी प्रधान अध्यापक एवं वार्ड सदस्य से छात्रा की उम्र का सत्यापन कराया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी शिबाजी भगत के आदेश पर श्री मति दीप्ति दास ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया था।थाना प्रभारी ने 22-04-24 को कांड संख्या 17/24 बाल विवाह अधिनियम 2006 की धारा 09 के तहत मामला दर्ज कर एसआई सुरेश कुमार को मामले का अनुसंधान का आदेश दिया है।

# शांतिनगर मोहल्ला के लोगों ने किया सड़क जाम

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** बिजली समस्या को लेकर परेशान मोहल्ले वासियों ने आंदोलन करने का निर्णय लिया। काफी दिनों से तरसते मोहल्ले के लोगों ने अधिकारियों को समस्या के प्रति ध्यान आकृष्ट करने के लिए आक्रोशपुर्ण प्रदर्शन किया है। शांतिनगर मोहल्ला गली नबंर चार के लोगो ने सरकंडा-मिशन चौक बायपास मार्ग को गली के बहार जाम कर दिया। भीषण गर्मी में बिजली की समस्या को लेकर मोहल्ले के महिला और बुजुर्ग बिच सड़क पर कुर्सी लगा कर बैठ गये। नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने मोहल्लेवासियों से वार्ता कर, समझाबुझा कर करीब 2 घंटे बाद जाम खत्म करवाया। मोहल्ले वासियों ने बताया की मोहल्ले में जर्जर बिजली का तार कभी भी टूट कर सड़क पर गीर जाता है। घंटो बिजली बाधित रहती है। जान माल का खतरा बना रहता है। बीती रात एक ट्रक ने बिजली के खम्भे को टक्कर मार दी जिससे पुरे मोहल्ले की बिजली बाधित हो गयी। इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या भी हो गयी। अब जब विभाग नया खम्भा लगा रहा है तो हमारी मांग है की जर्जर तार बदला जाये। लकिन अधिकारीयों का कहना है कि नया तार उपलब्ध नहीं है। इन मांगो को लेकर लोगो ने सड़क जाम किया।


सड़क जाम करते लोग।

# डीजल चोरी मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल


गिरफ्तार आरोपी और पुलिस।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के निदेर्शानुसार जिलान्तर्गत विभिन्न काण्डों में फिरार वांछित अभियुक्तों/वांरटियों के गिरफ्तारी एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु लगातार छापामारी किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत सोमवार को विभिन्न थाना द्वारा अभियुक्त वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं ललमटिया थाना कांड संख्या 69/23 दि० 05.08.237 धारा 147/448/353/ 379/506 भा०द०वि० के तहत अभियुक्त अजीरूद्दीन अंसारी, पे० निजाम अंसारी, सा० रिहैब, ओ०बी० डम्प साइड, इमरान अंसारी, पे० जमशेद अंसारी, उम्प साइड, समी, सा० ललमटिया कॉलोनी एवं तजीमुद्दीन उर्फ छोटू अंसारी, पे० मो० अली अंसारी, सा० रिहेब ओ०बी० थाना ललमटिया, जिला गोड्डा को डीजल चोरी करने के आरोप में कांड अंकित किया गया था, जिसमें उक्त सभी अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

# पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट के धड़ले से बेचा जा रहा है पेट्रोल

आवाज प्रतिनिधि

**पथरगामा :** पथरगामा प्रखंड में सभी पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट के पेट्रोल धड़ले से बेचा जा रहा है। पिछले वर्ष जिला प्रशासन के द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालक को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने का सख्त निर्देश जारी किया था। कुछ दिन तो नियमों का पालन किया गया पर कुछ दिन बाद ही नियमों की खुलकर धज्जी उड़ाई जाने लगी। एक तरफ जिला प्रशासन सड़क दुर्घटना को देखते हुए लगातार वाहन जांच कर बिना हेलमेट चलने वाले वाहन चालकों के चालान काट रही है वहीं पेट्रोल पंप संचालक नियम को ताक पर रखकर पेट्रोल बेच रहे हैं। कुछ दिन पूर्व जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पथरगामा पेट्रोल पंप के समीप ही हेलमेट वाहन जांच अभियान चला कर कई लोगों के चालान काटे हैं ताकि लोगों को दुर्घटना से बचाए जा सके। शायद पेट्रोल पंप संचालक किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं तब जाकर नियमों का पालन करेंगे क्योंकि जब बड़ी दुर्घटना होती है तो प्रशासन भी जागती है और नियमों का पालन भी करवाती है। समय रहते यदि नियमों का कड़ाई से पालन नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# खाना बनाने के दौरान घर में लगी आग, हजारों का क्षति

आवाज प्रतिनिधि

**बसंतराय :** प्रखंड क्षेत्र के कैथपुरा गांव में मंगलवार सुबह 9 बजे सतनारायण दास के घर में खाना बनाने के क्रम आग लग गयी।गांव में आग लगने की सूचना मिलते ही दर्जनों की संख्या में गांव के लोग बाल्टी बर्तन आदि में पानी लेकर दौड़े व आग बुझाने की भरपूर कोशिश की। भीषण गर्मी की वजह से आग तेजी से फैलता जा रहा था इस दौरान पास के समरसेबल पंप से पानी डाला गया फिर जाकर आग पर काबू पाया गया। घटना को लेकर पीड़ित व्यक्ति ने कहा कि मिट्टी के चूल्हा में खाना बना रहे थे। इसी दौरान तेज हवा आने से आग की चिनगारी उड़ी और घर में आग लग गयी। इससे घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। जिसमें बर्तन,कपड़े, धान,चावल, खाद्य सामग्री आदि शामिल हैं। उन्होंने करीब 50 हजार रुपये से अधिक के नुकसान का दावा किया है। पीड़ित व्यक्ति ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। बता दे कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों आग का आतंक जारी है। बीते दिनों कई गांव सोरायकित्ता, बाघाकोल, हरगाम्मा आदि में भीषण अग्निकांड हो चुकी है। जिसमें गरीबों का आशियाना उजड़ गया और खुले आसमान में जीने को मजबूर हो गए। स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा लगातार प्रखंड मुख्यालय में अग्निशमन वाहन रखे जाने की मांग जिला उपयुक्त से की जा रही है बावजूद मुख्यालय में अब तक अग्निसमन वाहन को नहीं रखा गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रभास चंद्र दास ने बताया की सूचना मिली है, जांच करा कर हर संभव मदद साथ ही उचित मुआवजा दिया जायेगा।


पीड़ित परिवार।

# कई जगह पर हुई अगलगी की घटना


बोहा में लगी आग।

आवाज प्रतिनिधि

**पथरगामा :** मंगलवार को प्रखंड के कई जगह पर अगलगी की हुई घटना। तेज हवा एवं चिलचिलाती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, घर से निकलना लोगों का मुश्किल हो गया है ' वही अगलगी की घटना से लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बोहा में लगभग 1500 पुआल के टाल में आग लग गई। तेज हवा में आग की लपेटे इतनी तेज और गर्म थी कि लोगों को बुझाने में काफी परेशानी उठाना पड़ा। ग्रामीणों के काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। बोहा निवासी रंजीत महतो, बिहारी पोरिया, बाबूचंद पोरिया आदि के पुआल जल जाने से काफी क्षति हुआ है। वही बाबूपुर मोड़ के समीप पेड़ में आग लग गया, जिस कारण दमकल गाडी को बुलाना पड़ गया। सूचना देने के एक घंटे बाद दमकल कर्मी पहुंचे तब जाकर आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया होता तो बडी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। बताते चले कि जिस पेड़ पर आग लगी थी उस पेड़ के उपर से हाई टेंशन बिजली की तार गुजरी हुई है। ज्यादा देर होने से तार गर्म होकर नीचे गिर सकता था फिर तो भयानक स्थिति हो जाती। आग बुझाने काफी देर बाद दमकल कर्मियों के आने के कारण ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से प्रखंड मुख्यालय में एक दमकल गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की है ताकी समय रहते किसी का घर जलने से बचाया जा सके।

# राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में मनाया परिवार कल्याण दिवस



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के शहरी क्षेत्र में वार्ड नम्बर 04 एवं 05 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। वहीं मौके पर सीमित परिवार एवं बच्चों के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखने वाली तीन महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रशिक्षक बेबी कुमारी ने बताया कि परिवार कल्याण दिवस का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ावा देना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जानकारियां उपलब्ध कराना है। इसके अलावा परिवार नियोजन की भ्रांतियों को भी दूर करना है। उन्होंने कहा कि दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर रखने से उनका बेहतर तरीके से पालन पोषण किया जा सकता है। इसके लिए परिवार नियोजन किट का उपयोग करना चाहिए।कार्यक्रम में प्रियंका कुमारी, शबनम कुमारी, गुड़िया देवी, बेबी देवी के अलावा नव विवाहिता प्रिया कुमारी को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर एएनएम अलबिना सोरेन, साहिया प्रेमलता कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# महाकाली पूजा को लेकर 801 कन्याओं ने सुंदर नदी से निकाला भव्य कलश यात्रा


कलश लेकर जाती महिला श्रद्धालु।

आवाज प्रतिनिधि

**पथरगामा :** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत घाट कुराबा श्री श्री 108 मां वैष्णवी महाकाली पूजा को लेकर सुंदर नदी से 108 कन्याओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया। सुंदर नदी में आचार्य गोपाल शास्त्री के द्वारा विधि पूर्वक पूजन संपन्न कराकर 801 कलश में जल भरकर लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय कर कलश यात्रा घाट कुराबा पहुंचा। कलश यात्रा सुंदर नदी से तेलनी मोड़, कलाली मोड़, पथरगामा मुख्य चौक, द्वारीचक, अमडीहा, पंझरहार, रामसुंदरीया आदि जगह होते हुए घाट कुराबा काली मंदिर पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह समाज सेवियों के द्वारा शरबत, पानी एवं फल वितरण किया गया। सभी महिला श्रद्धालुओं को महाप्रसाद ग्रहण कराया गया। पूजा कमेटी के सदस्य ने बताया कि कार्यक्रम 23 अप्रैल से लेकर 29 अप्रैल तक चलेगा। बताया कि सुबह 9:00 से दोपहर 12:00 तक रामलीला का कार्यक्रम होगा तो वही रात्रि 9:00 बजे से लेकर 12:00 तक रासलीला का कार्यक्रम होगा जो वृंदावन से आए टीम के द्वारा किया जाएगा।

# पुलिस से डरे नहीं, बल्कि सहयोग करे : मधूसूदन

आवाज प्रतिनिधि

**सुंदरपहाड़ी/गोड्डा :** सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक मधुसुदन मोदक ने थाना क्षेत्र में आसपास के सुदूर ग्रामीण इलाकों का भ्रमण किया। इस दरम्यान थाना प्रभारी मोदक ने कई गांव के ग्रामीणों से बातचीत की तथा ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस से डरे नहीं, बल्कि सहयोग करे। पुलिस आपका दोस्त है तथा पुलिस आपकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। थाना प्रभारी मोदक ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की घटना और दुर्घटनाओ की जानकारी पुलिस को तुरंत दें, ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सकें। उन्होंने कहा कि गाँव मे आप आपस में भाईचारा बनाकर रखें। आपस मे विवाद न करें। किसी भी विवाद की सूचना पुलिस को अवश्य दें। इस दौरान उन्होंने छोटे बच्चो के बीच चॉक्लेट भी वितरण किये। थाना प्रभारी मोदक के साथ पुलिस अवर निरीक्षक साईंबा मुर्मु एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सुंदरपहाड़ी में पुलिस की गोली लगने से एक आदमी जनजाति की मौत होने के बाद से क्षेत्र में थोड़ा पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से तेज तर्रार थाना प्रभारी की ओर से क्षेत्र में जाकर ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। ताकि आम ग्रामीण एवं पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित हो सके। मालूम हो कि इसके पूर्व थाना में थाना प्रभारी की ओर से अपने सहयोग पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर नैतिक जिम्मेदारी के प्रति ताकिद किया गया था।


ग्रामीणों से बातचीत करते थाना प्रभारी, साथ में पुलिस कर्मी।

# डीसी ने जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कराते उपायुक्त व अन्य।

**आवाज प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने वरीय पदाधिकारियों संग समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र युक्त जागरूकता रथ को रवाना किया।
जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में भ्रमण कर आम लोगों को आडियोझवीडियो विजुअल के माध्यम से मतदान के महत्व को बताएगा एवं 01 जून 2024 को मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित करेगी। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती रश्मि सिन्हा ने बताया कि वैन में हेड माउंटेड डिस्प्ले वीआर बाक्स के माध्यम से आमजन वर्चुअल रियलटी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो को देख सकते हैं। यह जागरूकता रथ नियमित रूट चार्ट के अनुसार जामताड़ा जिला अंतर्गत सभी निकायों एवं प्रखंडों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेगी। जागरूकता वाहन टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, जीपीएस, ध्वनि विस्तारक यंत्र से सुसज्जित है। जिसका प्रयोग कर मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रे कीर्तिबाला लकड़ा, जिला शिक्षा पदाधिकारी गोपाल कृष्ण झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिता केरकेट्टा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती रश्मि सिन्हा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण

**कारा में संसीमित बंदियों के नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण को ले उपायुक्त ने दिए निर्देश**



मडल कारा का औचक निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

**आवाज प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा कुमुद सहाय एवं पुलिस अधीक्षक जामताड़ा अनिमेष नैथानी के द्वारा संयुक्त रूप से अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लांगुरी एवं पुलिस अधिकारी एवं महिला एवं पुरुष बल के साथ आज दिनांक 23.04.2024 को प्रातः में मंडल कारा, जामताड़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा के सभी वार्डों की गहन तलाशी ली गई। जिसमें कारा के अंदर से कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। वहीं इस दौरान उन्होंने मंडल कारा में प्रतिदिन संधारित की जाने वाले विभिन्न पंजियों आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कारा सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे, वार्ड, बैरक आदि की सुरक्षा का जायजा लिया एवं संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं कहा कि कारा की सुरक्षा में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखें। वहीं उन्होंने कारा में संसिमित बंदियों के नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा प्रभारी कारा अधीक्षक, जामताड़ा पंकज कुमार रवि, प्रभारी कारापाल प्रिय रंजन, कारा कर्मी मुकेश कुमार राम सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं सुरक्षा बल मौजूद रहे।

## नेशनल आर्म रेसलिंग के लिए पियूष और करण चयनित

**आवाज प्रतिनिधि**



आर्म रेसलिंग के खिलाड़ी।

**गोड्डा :** तमिलनाडु में 7 से 11 जून तक आयोजित 46वीं नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए आर्म रेसलिंग एसोसियेशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक दुबे द्वारा घोषित झारखंड टीम में गोड्डा के दो आर्म रेसलर्स पियूष कुमार साह एवं करण कुमार शामिल किए गए हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आर्म रेसलिंग के गोड्डा जिला प्रभारी सुरजीत झा ने बताया की उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन सोमवार शाम जामताड़ा में आयोजित एक दिवसीय स्टेट लेवल आर्म रेसलिंग ट्रायल में इनके प्रदर्शन के आधार पर अंडर 18 आयु वर्ग के क्रमशः 90 केजी तथा 55 केजी वेट कैटेगरी मुकाबले के लिए किया गया है। बताया कि उक्त ट्रायल में गोड्डा से पहली बार चार प्रतिभागी शामिल हुए थे। जिसमें उपरोक्त दोनों चयनित खिलाड़ियों के अलावा संजय कुमार एवं मनीष कुमार का नाम शामिल है।

## भाजपा महिला मोर्चा की बूथ स्तरीय हुई बैठक

**आवाज प्रतिनिधि**



संबोधन करते प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष आरती सिंह

**कुंडहित :** कुंडहित में भाजपा महिला मोर्चा का बूथ स्तरीय बैठक महिला मोर्चा संयोंजीका बीथीका झा के अध्यक्षता में हुआ.बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महिला मोर्चा के अध्यक्ष आरती सिंह,उपाध्यक्ष अमिता रक्षित,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बबीता झा उपस्थित थे. उपस्थित वक्ताओं ने कहा की टोली बनाकर हर घर पहुंच कर मोदी जी के जन कल्याणकारी योजना के बारे में जन-जन तक पहुंचना है.साथ ही साथ हर बुत को मजबूत करने की दिशा में महिला मोचाओं के सदस्यों कोई टिप्स दिए. मोके पर महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा की पूरे प्रदेश में महिला जनसंपर्क अभियान चल रहा है. उसी के निमित्त जामताड़ा जिला के नाला विधानसभा के अंतर्गत कोई प्रखंड को मिलाकर महिलाओंके बीच बैठक कर 2024 के लोकसभा चुनाव के रणनीति के बारे में चचाएं की.विशेषरूप से महिलामोर्चा के टीएम बूथ स्तर से लेकर पंचायत स्तर टोलिया बनाकर काम करेगी तथा घर-घर जनसंपर्क कर मोदी जी का जन कल्याणकारी योजना बारे जानकारी देंगे। मौके पर प्रखंड स्तर के भाजपा महिलामोर्चा के सदस्यगण उपस्थित थे।

## मोहनपुर में डायरिया ने पसारा पांव, नाला सीएचसी में कई लोग इलाजरत

**आवाज प्रतिनिधि**

**नाला :** नाला प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर कासीडंगाल में डायरिया से लोग प्रभावित हो रहे हैं। नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया के शिकार अभी वर्तमान में कुल 12 लोग इलाजरत है। मालूम हो कि नाला सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी की देखरेख व पर्यवेक्षण में डॉ० अरविंद कुमार सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों के द्वारा सभी मरीजों की समुचित इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० लियाकत अंसारी ने कहा कि आज सुबह ही डॉ० रामकृष्ण बाबु सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को उक्त गांव में भेजा गया था और लोगों की देखभाल करते हुए लोगों को उचित सलाह दी गई थी। इस अवसर पर नाला मेडिकल टीम के एएनएम लोबन डुंगडुंग, सीमा मुर्मू, मेनका वर्मा,भीम हाजरा,रंजीत भट्टाचार्य, सईद अंसारी,संतोष कुमार,श्रवण कुमार आदि मौजूद थे।

**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, देवघर**

**-: आमंत्रित निविदा का स्थगन :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जता है कि मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 में गुणवत्तापूर्ण फलदार पौधों की आपूर्ति हेतु दर निर्धारण के लिए आमंत्रित निविदा ज्ञापांक–360/DRDA दिनांक – 07.03.2024 को आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 अन्तर्गत आर्दश आचार संहिता लागू होने के कारण निविदा डालने एवं खोलने की तिथि एवं समय लोकसभा आम चुनाव 2024 के समाप्ति के उपरान्त दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन एवं जिले के NIC के वेबसाईट के माध्यम से सूचना दी जायेगी।

PR. No.-322115(Deoghar)23-24_D

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
अति० जिला कार्यक्रम समन्वयक, देवघर।

PR.NO.324033 Deoghar(24-25):D

## वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आईटीडीए की अध्यक्षता में हुई बैठक

**मतदान कवरेज के लिए प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने मतदान**

**आवाज प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जिला जनसंपर्क कार्यालय के कार्यालय प्रकोष्ठ में वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज की अध्यक्षता में मतदान कवरेज के लिए प्राधिकृत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में आवश्यक सेवा, जिसमे मीडिया भी शामिल है, में लगे अब्सेंटी वोटर को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, उन्होंने पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु सभी जरूरी प्रक्रियाओं प्रपत्रों के बारे में बताते हुए अपील कर कहा कि आप लोग पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट करें।

वहीं इस संबंध में उन्होंने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड द्वारा जारी डाक मतपत्र सुविधा संबंधी वीडियो को दिखा कर उन्हें इसकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने बताया कि जो भी रजिस्टर्ड मीडिया संस्थानों से जुड़े मीडिया प्रतिनिधि हैं, इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यथोचित प्रपत्र को भरकर जिला जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि संकलित प्रपत्रों को जांचोपरांत पोस्टल बैलेट सेल को भेजा जा सके। इस अवसर पर मीडिया के प्रतिनिधि,रघुवंश सहाय, राजकिशोर सिंह, अंतिम चौधरी, मिथलेश निराला, धनेश्वर सिंह, अरविंद ओझा, अजित कुमार, उज्वल सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे,

## साइबर पुलिस ने छापेमारी कर जामताड़ा से एक और नारायणपुर से एक साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**आवाज प्रतिनिधि**



प्रेसवार्ता करते पुलिस अधिकारी।

**जामताड़ा :** जामताड़ा पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक देवेंद्र कुमार वर्मा एवं अन्य पुलिसकर्मी को शामिल करते हुए जामताड़ा थाना अंतर्गत ग्राम : - मोहड़ा एवं नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुचियाडीह में साइबर अपराधियों के विरुद्ध छापेमारी कर साइबर अपराध करते हुए।दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमे (1) अकबर अंसारी, उम्र :- 26 वर्ष, पिता नूरुद्दीन अंसारी, ग्राम :- मोहड़ा थाना जामताड़ा (2) गुल मोहम्मद अंसारी, उम्र :- 19 वर्ष, पिता इम्तियाज मियां, ग्राम :- मुचियाडीह, थाना नारायणपुर दोनों जिला जामताड़ा का रहने वाला था। दोनों साइबर अपराधियों को फर्जी मोबाइल, सिम, एटीएम,पासबुक,पैन कार्ड,आधार कार्ड,मोटर कार्ड के साथ पकड़ा गया है। उक्त विषय की जानकारी साइबर डीएसपी अशोक कुमार राम ने साइबर थाना में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर के बताया कि इन सभी गिरफ्तार साइबर अपराधियों की विरुद्ध जामताड़ा साइबर थाना कांड संख्या 26 /2024 दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई करते हुए,न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।आगे उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से 10 मोबाइल,14सिम कार्ड,03 एटीएम कार्ड, 01 पासबुक,01 आधार कार्ड,01 भोटर कार्ड के साथ पुलिस ने बरामद की है। इन दिनों साइबर अपराधियों का अपराध करने की शैली :- मोबाइल एवं सिम का प्रयोग करके एसबीआई डेबिट-क्रेडिट कार्ड बंद होने की बात बताकर एवं लोगों को झांसा में लेकर उनके मोबाइल में स्क्रीन शेयरिंग एप जैसे एनीडेस्क,टीम,व्यूअर, डाउनलोड करवा कर क्रेडिट डेबिट कार्ड के सभी तरह का गोपनीय जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी करना एवं मोबाइल एवं सिम का प्रयोग करके वूहू अप से फोनपे में □2000 का कैशबैक ऑफर का मैसेज भेजते हैं। तथा ग्राहक को एक्सेप्ट करने के लिए बोलते हैं जैसे ही एक्सेप्ट करता है तो इन लोगो का वुहू अप में पैसा आ जाता है। उक्त पैसे से गिफ्ट कार्ड खरीदने हैं फिर गिफ्ट कमीशन पर भेज देते हैं।अपराधिक इतिहास में (1) अभियुक्त अकबर अंसारी के विरोध पूर्व में भी जामताड़ा साइबर थाना कांड संख्या 68/2022 के आरोपित है।वहीं (2) अभियुक्त गुल मोहम्मद अंसारी के विरुद्ध जामताड़ा साइबर थाना कांड संख्या 53 / 2020 के आरोपित है।आगे उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में थाना अशोक कुमार राम, देवेंद्र कुमार वर्मा, अभय कुमार मिश्रा ,विष्णु मांझी ,सुनील हांसदा , दीपक सोरेन, रंजीत दास, रविंद्र ठाकुर आदि शामिल थे।

**समाहरणालय, गोड्डा (जिला सामान्य शाखा)** **द्वितीय नोटिस**
(generalsectiongodda1@gmail.com)

**आदेश सं0–38/2024**

लोक सभा आम चुनाव–2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु Manual on MCC, शस्त्र नियमावली 1962 के नियम–63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त अंतर्गत गोड्डा जिला के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। इस संबंध में इस कार्यालय के आदेश सं0–07/2024 सह पठित ज्ञापांक–362/सा0, दिनांक–21.03.2024 के आलोक में सभी थाना प्रभारी, गोड्डा जिला से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अपना शस्त्र बिक्री करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों को इस कार्यालय का आदेश सं0–35/2024 सह पठित ज्ञापांक–436/सा0, दिनांक–13.04.2024 द्वारा विधिवत रूप से बिक्री करने की आदेश की प्रति अथवा उनके अनुज्ञप्ति पर शस्त्र धारित है अथवा नहीं ? से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया था, परन्तु अभी तक निम्नलिखित अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा कार्यालय को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दिया गया है :–

| क्र | थाना | अनुज्ञप्तिधारी का नाम एवं स्थाई पता | अनुज्ञप्ति स0 | UIN | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Meharma | मो0 इकबाल पे0–आलमगीर मियां, सा0–पिरोजपुर, थाना–मेहरमा, जिला–गोड्डा | 02/1981 | 163270022688252015 | |
| 2 | Meharma | मो0 अली हुसैन पे0–मो0 जुनाव, सा0–पत्तीचक, पिरोजपुर, थाना–मेहरमा, जिला–गोड्डा | 10/2020 | 163271002668782020 | |
| 3 | Mahagama | मो0 कबीरूद्दीन पे0–शेख शखावत हुसैन, सा0–समरी, थाना–महागामा, जिला–गोड्डा | 04/1980 | 163270017717962015 | |
| 4 | Godda Town | राजेश कुमार झा पे0–बद्री नारायण झा, सा0–साकेतपुरी, वार्ड नं0–07, गोड्डा जिला–गोड्डा | 07/1999 | 13270008731312015 | |
| 5 | Godda Town | केदार नाथ साहु पे0–दयाल साहु, सा0–पन्दाहा, पो0–पथरा, थाना–गोड्डा नगर | 01/1959 | 16327001776244215 | मृत |

अतः उपरोक्त सभी अनुज्ञप्तिधारियों को पुनः अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि दिनांक–28/04/2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों का विधिवत बिक्री किया हो तो आदेश की छायाप्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए वर्तमान उक्त अनुज्ञप्ति पर कोई शस्त्र धारित है अथवा नहीं एवं अनुज्ञप्तिधारी जीवित अथवा मृत्यु है ? लिखित रूप में कार्यालय को सूचना देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मृत अनुज्ञप्तिधारियों के उत्तराधिकारी को उनके अनुज्ञप्ति रद्द कराने संबंधी आवेदन–पत्र कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यालय को सूचना प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उपरोक्त अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।


उपायुक्त, गोड्डा के आदेश से
शस्त्र दण्डाधिकारी गोड्डा।

PR.NO.324041 District(24-25):D

# सीएम नीतीश ने बिहार के लोगों को जारी की भावुक चिट्ठी,जंगलराज की दिलाई याद

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 का सीजन जारी है और सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों को तेज कर रहे हैं। इस चुनाव में 40 लोकसभा सीटों वाले राज्य बिहार पर पार्टियों की विशेष नजर है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के नाम भावुक पत्र जारी किया है। नीतीश कुमार ने लोगों को साल 2005 से पहले बिहार के जंगलराज की याद दिलाई है और इसके बाद उनके द्वारा किए गए कार्यों की भी चर्चा की है। नीतीश ने एनडीए को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि हम सबका लक्ष्य इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का है।



**बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी- नीतीश :** नीतीश ने पत्र में कहा कि यह कहना ठीक नहीं होगा कि बिहार में व्यवस्था चौपट हो चुकी थी, सच तो यह है कि उस समय बिहार में कोई व्यवस्था ही नहीं थी। बिहारवासियों को देश-दुनिया में अपमान झेलना पड़ता था। लेकिन 2005 में घना अंधेरा छंटा। उम्मीदों का नया सूरज उगा। बिहार की देवतुल्य जनता ने राज्य में एनडीए की सरकार को मौका दिया। और हमने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था से बाहर निकालकर, उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लिया।

**हमने बिहार का नव-निर्माण किया- नीतीश :** नीतीश ने कहा कि आप सब लोग जानते ही हैं कि हमने बिहार का नव-निर्माण किया। हमने सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था सहित हर क्षेत्र में बहुत काम किया है। सड़कों का जाल बिछाया है, सुशासन सुनिश्चित करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि बिहार में अब बड़े-बड़े निवेश आ रहे हैं। नौकरी-रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। इन सबसे लोगों की आमदनी और बढ़ेगी। बिहार समृद्धि के नए आयाम छुएगा। नीतीश ने आगे कहा है कि हमने 10 लाख सरकारी नौकरियां और 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी। शिक्षा, पुलिस सहित अन्य विभागों में लाखों युवकों-युवतियों को सरकारी नौकरियां मिल चुकी हैं। हम आगे भी लाखों लोगों को सरकारी नौकरियां और रोजगार देते रहेंगे।

### डॉक्टरों तक का अपहरण होता था : नीतीश

नीतीश ने अपने पत्र में जनता से कहा कि आपको याद होगा कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था। बिहार का खजाना खाली था। सड़क, बिजली, स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर कोई बात करने वाला नहीं था। घोटाले, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज इत्यादि बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। अपराधियों के डर से व्यापारी-कारोबारी बिहार से पलायन कर गए थे। और तो और चिकित्सकों तक का फिरौती के लिए अपहरण हो जाया करता था।

### किसान, अस्पताल और बेटियों की बात

नीतीश ने अपने पत्र में कहा है कि पहले सुविधाओं के अभाव में लड़कियां पढ़ाई-लिखाई नहीं कर पाती थीं लेकिन हमारी सरकार की विभिन्न योजनाओं की मदद से बेटियां पढ़ने लगी हैं और आगे बढ़ रही हैं। जीविका समूहों से जुड़कर एक करोड़ 30 लाख से अधिक महिलाएं अपने परिवार की आजीविका का सहारा बन रही हैं। नीतीश ने कहा है कि राज्य में किसानों की आय बढ़ी है। सात निश्चय-2 के तहत हम हर खेत तक पानी पहुंचाने की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के हर जिले में हम मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर रहे हैं।

## समस्तीपुर में दिलचस्प मुकाबला, नीतीश कुमार के 2 मंत्रियों के बेटा-बेटी में भिड़ंत



सन्नी हजारी और शांभवी चौधरी

**पटना।** लोकसभा चुनाव में इस बार समस्तीपुर सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस सीट पर 12 मई को चुनाव होने हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खास बात यह है कि इस सीट पर दो कद्दावर नेताओं के बेटा-बेटी चुनावी मैदान में हैं। बता दें, एनडीए ने जहां इस सीट पर नीतीश सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है, वहीं दूसरी तरफ आईएनडीआई अलायंस ने सन्नी हजारी को कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित किया है।

**पूर्व आईपीएस अधिकारी की बहू चुनावी मैदान में :** सन्नी हजारी बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह नीतीश सरकार के दो मंत्रियों के बेटे-बेटी के बीच ये मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। एक एनडीए की ओर से दूसरा महागठबंधन की ओर से। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शांभवी चौधरी 19 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल कर चुकी हैं। वहीं, सन्नी हजारी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। शांभवी चौधरी पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल की बहू हैं। दलित समुदाय से आने वालीं शांभवी के पति भूमिहार समाज से आते हैं। शांभवी को समस्तीपुर सीट से जैसे ही टिकट मिला, वह भावुक हो गईं और अपने पिता मंत्री अशोक चौधरी के गले लग गईं। शांभवी समाज सेवा के कार्य से जुड़ी रही हैं। महेश्वर हजारी समस्तीपुर सीट से सांसद भी रह चुके हैं। वह बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और फिलहाल नीतीश कैबिनेट में मंत्री हैं। खुद सन्नी लगातार स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली है।

## कांग्रेस देश में शरिया कानून लाना चाहती है : योगी आदित्यनाथ



**बागपत।** बड़ौत में चुनावी विजय संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश में शरिया कानून लाना चाहती है । कांग्रेस बहन बेटियों की संपत्ति को लूटकर बंदर बांट कर देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को बागपत पहुंचे। उन्होंने मंच से भाजपा रालोद गठबंधन के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान को जिताने की अपील की। कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस 65 साल में गरीबी तक नहीं मिटा पाई। कांग्रेस के घोषणा पत्र में दो मुख्य बातें सामने आई है। पहले तो कांग्रेस देश में तालिबानी शासन लाना चाहती है यह लोग अंबेडकर के संविधान को समाप्त कर शरिया कानून लागू करने के फिराक में है लेकिन भाजपा सरकार ऐसा नहीं होने देगी। दूसरा कांग्रेस कह रही है कि हम गरीबी हटा देंगे लेकिन 65 साल में यह लोग गरीबी नहीं हटा पाए दादी का नारा पोटा तोते की तरह रटा हुआ है। कांग्रेस गरीबों नहीं मिटाएगी बल्कि बहन बेटियों की संपत्ति को लूटकर बंदर बांट कर देगी। उनकी साजिश बहन बेटियों की संपत्ति जब्त करने की है उनके गहने भी यह लोग लूट कर खा जाएंगे। ऐसी सरकारी देश क्या चलाएंगे जिन्होंने केवल देश के खिलाफ ही आग उगली है। विदेश में बैठकर यह लोग भारत को बदनाम करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का मान बढ़ाया है आज दुनिया में भारत का डंका बजता है।

# काशी में हनुमान जन्मोत्सवः 60 फीट के रथ पर सजी रामलला की झांकी, 11 हजार ध्वज लहराए

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**पटना।** भगवान शिव की नगरी काशी में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमत प्रभु के जयकारे गूंजे। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में चारों तरफ हनुमान जी के जन्मोत्सव की धूम रही। मंगलवार को घर से लेकर हनुमान मंदिरों तक प्रभु की पूजन- अर्चन और महिमा गण होती रही। विभिन्न इलाकों से निकली शोभायात्राएं और प्रभात फेरिया संकट मोचन मंदिर पहुंचीं, जहां पर भक्तों ने ध्वजा अर्पण कर हनुमान चालीसा का पाठ किया।

वहीं पूर्वांचल के सबसे बड़े 60 फीट के रथ पर 25 इंच की श्री रामलला की झांकी सजाई गई, तो 11000 ध्वज लहराए गए। 251 डमरू के निनाद और जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पुरा वातावरण गूंजता रहा। 1001 किलोग्राम लड्डुओं का भोग लगाया गया।

**40 स्थानों पर हुआ ध्वजायात्रा का स्वागत :** हनुमान ध्वजयात्रा भिखारीपुर से जैसे ही आगे बढ़ी, रास्ते में जगह- जगह भक्तों ने यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। नेवादा, सुंदरपुर, नारियां, लंका, रविदास



गेट, संकटमोचन तिराहे पर विभिन्न संस्थाओं, समितियों एवं व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया। यहां पीने के लिए पेयजल, शर्बत, फलाहार आदि की व्यवस्था भी की गई थी।

### 40 हजार श्रद्धालु हुए शामिल

हनुमान ध्वजयात्रा में पूर्वांचल भर से 40 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने विश्व कल्याणार्थ संकट मोचन हनुमान जी के चरणों मे 11 हजार ध्वजाएं अर्पित की। 25 फीट की विशाल मुख्य ध्वजा समिति के अध्यक्ष रामबली मौर्य द्वारा अर्पित की गई, जिसके बाद श्रद्धालु हनुमान जी के चरणों में ध्वज अर्पित कर खुद को धन्य करते रहे। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक महा चालीसा पाठ कर प्रभु के समक्ष अपनी अर्जी लगाई।

भिखारीपुर तिराहे से संकट मोचन मंदिर तक पूर्वांचल भर के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं का हुजूम देख लगा मानो आस्था का ज्वार उमड़ गया हो। भक्तों का हुजूम इस कदर रहा कि 5.25 किलोमीटर की यह यात्रा पूरी करने में 4 घंटे से ज्यादा का समय लग गया।

# पूर्णिया में तेजस्वी पर भड़के पप्पू यादव, बताया 'बिच्छू'

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**पूर्णिया:** बिहार में दूसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। सभी प्रत्याशी क्षेत्र में जनता को रिझाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इस बीच एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप भी जारी है। इसी क्रम में पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव ने आरजेडी और तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा है। आरजेडी की आलोचना करते हुए पप्पू यादव ने बिना नाम लिए तेजस्वी यादव को बिच्छू तक कह दिया।

**तेजस्वी पर किया कटाक्ष :** तेजस्वी यादव द्वारा एनडीए या इंडिया को वोट करने के दिए गए बयान के बाद पप्पू यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि बिच्छू का काम काटना है। साधु का काम है माफ करना। हमें किसी के माल नहीं चाहिए। उन्हें अपने पिता लालू प्रसाद यादव से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी योद्धा हैं और राजा भी हैं, हम रंक हैं और रंक के मुंह से राजा के बारे में कुछ भी कहना उचित नहीं होगा।



**तेजस्वी पर बीजेपी के लिए काम करने का आरोप :** पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश है लेकिन तेजस्वी का लक्ष्य कुर्सी है। उन्हें संविधान बचाने से कोई मतलब नहीं है। वह तो बीजेपी का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीशे के घर में रखकर तेजस्वी पत्थर फेंकने का काम कर रहे हैं। अब तो खुलेआम एनडीए को वोट देने की अपील करते हैं। इससे उनकी मानसिकता समझ में आ रही है। बता दें कि किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में होगी होगी।

### पूर्णिया में तेजस्वी का 'राजद को नहीं तो एनडीए को वोट दो' का बयान हताशा भरा, पप्पू यादव की कड़ी चुनौती



**पटना।** पहले चरण के मतदान के बाद अब दूसरे चरण के मतदान में महज कुछ दिन बचे हुए हैं. इस बीच सियासी बयानबाजी ने पहले से ही गरम वातावरण में और अधिक तुर्शी ला दी है. बिहार में एक अलग ही बयार चल रही है. पूर्णिया में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने जनता से यहां तक कह दिया कि राजद की प्रत्याशी बीमा भारती को वोट दें, या फिर एनडीए को ही वोट दे दें. वह लड़ाई को दोतरफा बनाने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि वहां पप्पू यादव भी मैदान में हैं और उनको जनता का खूब समर्थन मिलने की खबरें भी आ रही हैं. तेजस्वी का इशारा उनकी ही तरफ था, हालांकि उसी सभा में कुछ लोगों ने पप्पू यादव जिंदाबाद के नारे भी लगा दिए.

**तेजस्वी ने आपा खोया :** ये जो पूर्णिया की सभा में विचित्र सी स्थिति बनी, उससे भी अधिक मनोरंजक बात तो मीसा भारती ने कही है. पटना में हाल ही में उन्होंने कहा कि इंडिया और एनडीए दोनों ही एक ही हैं, दोनों देश बचाने को लड़ रहे हैं. तो, वो जो रेखा होती थी कि हमारी पार्टी दूसरी पार्टी से अच्छी या अलग, उस रेखा को ही राजद मिटाने का प्रयास कर रही है. इस कोशिश के पीछे इरादा दरअसल ये है कि भाजपा को वोट देनेवाले राष्ट्रवादी भी उनको वोट देने लगें, जाति के नाम पर जो वोट मिलता है, वो तो उनको मिलेगा ही. ये जो वोटों का दूसरा सेगमेंट है, वह भी उनको मिल जाए. अगर बिहार की ताजा स्थिति को देखें तो 40 से 50 फीसदी की आबादी वह है, जो 25 या उसके आसपास के आयुवर्ग में है. ये जातिवाद के नाम पर उतना नहीं झुकते. राजद के पास जो वोटबैंक था, वह माय (मुस्लिम और यादव) समीकरण पर वोट देता था. नए हालात में राजद को मुश्किल हो रही है. अगर पूर्णिया की बात करें, तो वहां डेढ़ लाख यादव वोटर्स हैं.

## यूपी में तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में 100 प्रत्याशी

### तीसरे चरण में 07 मई, 2024 को होगा मतदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों के नाम वापसी के पश्चात 100 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी से जियाऊर्रहमान, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी सौलत अली, जनता शासन पार्टी से जयगमुल इस्लाम, लोग पार्टी से पवन कुमार, पीस पार्टी से डॉ. राशिद, किसान क्रान्ति दल से सन्तोष, निर्दलीय प्रत्याशियों में अनुज वार्ष्णेय, तौफीक अहमद, महेन्द्र सिंह, मो. वसीम पुत्र मो. फरीद, वसीम पुत्र मु. शमीम हैं। हाथरस (सुरक्षित) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से अनूप प्रधान बाल्मीकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर वाल्मिकी, बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह, राष्ट्र उदय पार्टी से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, निर्दलीय प्रत्याशियों में जयपाल माहौर, दिनेश सांई, मुन्नालाल जाटव, रवि कुमार, राजपाल सिंह हैं। आगरा (सुरक्षित) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बहुजन समाज पार्टी से पूजा अमरोही, भारतीय जनता पार्टी से प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल, समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द कर्दम, पीपल्स पार्टी ऑफ इण्डिया (डेमोक्रेटिक) से आराम सिंह, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से कुलदीप कुमार, आदर्श समाज पार्टी से चन्द्र पाल, लोकप्रिय राष्ट्रवादी पार्टी से जितेन्द्र गौतम, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से सर्वेश कुमार, निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनूराम अम्बेडकरी, पूजा, महेन्द्र सिंह हैं। फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, इंडियन नेशनल कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार, बहुजन समाज पार्टी से पं. रामनिवास शर्मा, प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से गिर्राज सिंह धाकरे, राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेद प्रकाश, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता तोमर, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से होतम सिंह निषाद तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में कल्लन कुम्हार, डॉ. रामेश्वर सिंह हैं।

# राजद और कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया : राजनाथ

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**भागलपुर।** भागलपुर के कहलगांव में मंगलवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनडीआई गठबंधन पर जमकर हमला बोला। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राजद के हुक्म और हुकूमत को आपने लंबे समय तक देखा है। इनकी सारी शक्ति इसी में खर्च हो जाती है। इन्होंने गांव देहात को पिछड़ा बनाकर रखा है। देश और बिहार के जनता को इन लोगों ने मूर्ख बनाकर रखा है। जो सपना बाबा भीमराव अंबेडकर और कपूर्री ठाकुर ने देखा था। अगर उसे सचमुच कोई पूरा कर रहा है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कांग्रेस के लोग हिंदू मुसलमान को धर्म के आधार पर समाज को बांट कर अपनी सरकार बनना चाहते हैं। राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करनी चाहिए। राजनीति अगर करनी चाहिए तो देश बनाने के लिए करनी चाहिए। हमारी सरकार ने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया। पक्का मकान अगर मिला है तो सभी धर्म के लोगों को मिला है। किस धर्म के लोगों को राशन देना चाहिए और किस धर्म को नहीं देना चाहिए हमारी सरकार ने ऐसा नहीं किया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार को इन लोगों ने बर्बाद किया है। खासकर राजद और कांग्रेस ने बिहार को बर्बाद किया है। सारे देशों में बिहार की चर्चा है कि वहां जंगल राज है। मुख्यमंत्री और मंत्री भारत में जेल जा रहे है। क्या यह काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। बिहार की जनता ने इस बार फैसला कर लिया है कि अगर किसी के साथ रहेगी तो वह भारतीय जनता पार्टी के साथ रहेगी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि राजद के लोग कहते हैं कि लालटेन जल रही है और जलती रहेगी लेकिन मैं कहता हूं कि लालटेन अब भभक रही है। उसका तेल खत्म हो गया है। जल्दी बुझ भी जायेगी। मौके पर विधायक और एनडीए गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 27 अप्रैल से 29 जून के मध्य चलेगी आनंद विहार टर्मिनल- अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल

### आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक शनिवार और सोमवार को व अयोध्या कैंट से रविवार व मंगलवार को चलेगी

### मुरादाबाद के सीनियर डीसीएम ने दी जानकारी



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने बताया कि ग्रीष्म काल में यात्रियों की सुविधा हेतु आरक्षित विशेष रेलगाड़ी संख्या 04096/04095 आनंद विहार टर्मिनल-अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल का संचालन 27 अप्रैल से 29 जून तक किया जाएगा, इस अवधि में दोनों ट्रेन 19-19 फेरे लगाएंगी। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि 27 अप्रैल से 29 जून के मध्य ट्रेन संख्या 04096 आनंद विहार टर्मिनल-अयोध्या कैंट आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक शनिवार और सोमवार को चलेगी, वहीं ट्रेन संख्या 04095 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल अयोध्या कैंट से रविवार व मंगलवार को चलेगी। दोनों ट्रेनों में स्लीपर कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी कम द्वितीय श्रेणी कोच शामिल हैं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04096 आनंद विहार टर्मिनल-अयोध्या कैंट आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 9 बजे प्रस्थान करेगी जो गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ होते हुए उसी दिन रात्रि 8 बजे अयोध्या कैंट पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 04095 अयोध्या कैंट-आनंद विहार टर्मिनल अयोध्या कैंट से सुबह 9 बजे चलेगी जो लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद होते हुए उसी दिन रात्रि 10 बजकर 30 मिनट पर आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी।

### जीआरपी ने ट्रेनों में रेल यात्रियों का सामान व मोबाइल चुराने के दो आरोपित दबोचे

**मुरादाबाद।** राजकीय रेलवे पुलिस मुरादाबाद के प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि मंगलवार को ट्रेनों में रेल यात्रियों का सामान मोबाइल फोन चुराने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर जीआरपी राजेंद्र शर्मा ने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपित में पहला आरोपित थाना कटघर के रहमत नगर करुला निवासी इरशाद और दूसरा आरोपित थाना मझोला के जयंतीपुर निवासी शानू है। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि उन्होंने बीती 1 अप्रैल को शहीद एक्सप्रेस में महिला यात्री का पर्स चोरी किया था। आरोपितों के पास से एक मोबाइल व 3300 रुपये नकद बरामद किया गया।

मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की बढ़ सकती है मुश्किलें

# इंदौर हाई कोर्ट ने दिये जांच के आदेश




**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**इंदौर।** मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और इंदौर भाजपा के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय की मुसीबत बढ़ सकती है। दरअसल, खरगोन जिले में 10 अप्रैल 2022 को रामनवमी पर हुई हिंसा के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया था। विजयवर्गीय ने इसे खरगोन का वीडियो बताते हुए अल्पसंख्यक वर्ग पर टिप्पणी भी की थी। इस मामले को लेकर कांग्रेस के प्रवक्ता और इंदौर के नेता अमिनुल सूरी ने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने तिलक नगर पुलिस को 90 दिन में जांच कर मामला दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

### कांग्रेस नेता ने हाई कोर्ट में दाखिल की थी याचिका

कांग्रेस नेता डॉ. अमिनुल सूरी ने 16 अप्रैल 2022 को तिलक नगर थाने में पूरे मामले की शिकायत की थी। उन्होंने अपनी शिकायत में लिखा था कि कैलाश विजयवर्गीय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तेलंगाना के वीडियो को खरगोन का बताया और इसका जो कैप्शन दिया वह अल्पसंख्यकों को भड़काने व शांति भंग करने वाला है। सूरी की इस शिकायत के साल भर बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया, तो उन्होंने इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका की सुनवाई के दौरान इंदौर हाईकोर्ट ने पुलिस को 90 दिनों के अंदर जांच कर एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

### दिग्विजय सिंह पर हुई थी एफआईआर

खरगोन की इसी हिंसा को लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के खिलाफ भी पुलिस ने भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, सतना, इंदौर, बैतूल आदि जिलों में 9 केस दर्ज किए। तब दिग्विजय ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था, जिसका कैप्शन था कि क्या खरगोन प्रशासन ने हथियारों के साथ जुलूस निकालने की इजाजत दी थी? सिंह के खिलाफ इस वीडियो की शिकायतों में इसे बिहार का बताया गया था।

शरद पवार ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा

# भारत में कोई नया पुतिन तैयार हो रहा है!



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की। अमरावती में अपने भाषण के दौरान शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और पुतिन के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में हमने रूस के एक शासक का वर्णन पढ़ा है। रूस का प्रशासन, रूस की सरकारी व्यवस्था और उस शख्स का नाम है पुतिन। आज इस देश की जनता चिंतित है कि क्या इस देश में मोदी के रूप में कोई नया पुतिन तैयार हो रहा है।

### सत्ता पक्ष के सांसदों को लेकर बयान

अमरावती में अपने भाषण के दौरान शरद पवार ने कहा, सत्ता पक्ष के सांसद हमसे फुसफुसाते रहते हैं कि वहां हर मंगलवार को पार्टी की बैठक होती है और उस मीटिंग में कोई चर्चा नहीं होती। लोग अपनी राय नहीं रख सकते। मोदी साहब बोलेंगे, अपने विचार रखेंगे, वो सुनेंगे और सबलोग चले जाएंगे।

### अमरावती से चुनावी मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस उम्मीदवार बलवंत वानखेड़े के लिए अमरावती में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शरद पवार ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मुझे चिंता है कि भारत को नया पुतिन न मिल जाए। इस दौरान पवार भाजपा सांसदों के उन बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई कि बीजेपी प्रचंड बहुमत से इसलिए आना चाहती है, क्योंकि वह सत्ता में आकर संविधान को बदल देगी। शरद पवार ने कहा, देश में तानाशाही की कोशिश को नाकाम करने के लिए संविधान को मजबूत किया जाना चाहिए।

### अमरावती से पहली बार चुनाव लड़ रही बीजेपी

बता दें कि अमरावती लोकसभा सीट से बीजेपी पहली बार चुनाव लड़ रही है, इसलिए बीजेपी ने इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है। यहां से नवनीत राणा बीजेपी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। छह विधायकों वाले संसदीय क्षेत्र में तीन कांग्रेस के विधायक हैं, जबकि बच्चू कडू के प्रहार जनशक्ति पार्टी के दो और नवनीत के पति रवि राणा निर्दलीय विधायक हैं। सांसद नवनीत राणा के खिलाफ कांग्रेस ने पार्टी के ही विधायक बलवंत वानखेड़े को चुनाव मैदान में उतारा है।

### यहां से बच्चू कडू ने भी उतारे उम्मीदवार

बीजेपी-शिंदे सेना को समर्थन देने वाले बच्चू कडू ने नवनीत राणा को टिकट देने का शुरू से ही विरोध किया, लेकिन बीजेपी ने उन्हें ही टिकट दिया। इससे नाराज बच्चू कडू ने अपनी पार्टी से दिनेश बूब को उतारा दिया। इस क्षेत्र में बूब की छवि कट्टर हिंदूवादी की है। वे शिवसेना के शहर प्रमुख भी रहे हैं। बूब लंबे समय तक अमरावती महानगरपालिका में नगरसेवक थे।

# दिल्ली में टल सकता है मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव




**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली नगर निगम मेयर चुनाव पर खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है। अगले हफ्ते 26 अप्रैल को दिल्ली नगर निगम मेयर चुनाव घोषित किए गए हैं। इसी दिन लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की वोटिंग भी होनी है। वहीं दिल्ली की सभी 7 सीटों पर 25 मई को एक साथ वोटिंग की जाएगी। लेकिन आम चुनाव से पहले दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव होना है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के चलते मेयर चुनाव टल सकता है. नियम के मुताबिक आचार संहिता लागू रहने की स्थिति में मेयर चुनाव की बैठक बुलाने के लिए एउक की इजाजत लेनी होती है। लेकिन जानकारी के मुताबिक अभी तक एमसीडी अधिकारियों को इसके लिए एनओसी नहीं मिली है। बता दें कि आम आदमी पार्टी से महेश खिंची ने मेयर पद के लिए और रविन्द्र भारद्वाज ने डिप्टी मेयर के लिए नामांकन भरा है। वहीं बीजेपी से किशन लाल मेयर पद के लिए और डिप्टी मेयर के तौर पर नीता बिष्ट ने नामांकन भरा है। 18 अप्रैल को आप पार्टी और बीजेपी के कुल 6 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं लोकसभा चुनाव के चलते देशभर में आचार संहिता लगी हुई है। इसी के चलते ये माना जा रहा है कि मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव पर वोटर्स का कुछ प्रभाव पड़ सकता है। माना जा रहा है कि मेयर चुनाव में लोकसभा चुनाव का प्रभाव पड़ सकता है। निगम के कानून के मुताबिक उपराज्यपाल ही निगम के मुख्य प्रशासक होता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री मौजूदा समय में जेल में बंद हैं। ऐसे में मेयर चुनाव में ये भी एक पेंच फंसा हुआ है। ऐसे में ये भी सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या जेल में ही केजरीवाल को फाइल भेजी जाएगी।

# मुंबई एयरपोर्ट से गोल्ड-हीरे के साथ तस्कर गिरफ्तार



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**मुंबई।** एयरपोर्ट पर सुरक्षा अधिकारियों से बचने के लिए तस्कर एक से बढ़कर एक शातिराना तरीके का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन बच नहीं पाते। एक बार फिर सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई हवाई अड्डे पर 6.46 करोड़ रुपये के हीरे और सोना बरामद किया है। इसे सुरक्षा एजेंसियों की नजरों से से बचाने के लिए तस्कर ने नूडल्स के पैकेट में छिपाए थे। इसके अलावा सोना भी बरामद किया गया है जिसे इनरवियर या शरीर के अंदर छिपाकर तस्करी की कोशिश हो रही थी।

### वीकेंड में बरामद किए गए हैं हीरे और सोने

रिपोर्ट के मुताबिक सीमा शुल्क विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार (22 अप्रैल) देर रात जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया कि सप्ताहांत में चार यात्रियों के पास से 4.44 करोड़ रुपये मूल्य का 6.815 किलोग्राम से अधिक सोना और 2.02 करोड़ रुपये के हीरे जब्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों द्वारा मुंबई से बैंकॉक की ओर जा रहे एक भारतीय नागरिक की तलाशी लेने पर उसके ट्रॉली बैग के अंदर नूडल्स के पैकेट में छिपाए गये हीरे बरामद हुए थे। वह हीरे की तस्करी करने के प्रयास में था। अधिकारी ने बताया कि बाद में यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया।

### किसी ने शरीर के अंदर तो किसी ने इनरवियर में छिपाया सोना

कस्टम विभाग के अधिकारी ने बताया कि इसी तरह कोलंबो से मुंबई की यात्रा कर रहे एक विदेशी नागरिक को मुंबई हवाई अड्डे पर रोका गया। उसने अपने इनरवियर में कुल 321 ग्राम सोना छुपाया हुआ था। विज्ञप्ति में बताया गया कि इसी तरह दस भारतीय नागरिकों को भी रोका गया था और उनके पास से कुल 6.199 किलोग्राम सोना बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत 4.04 करोड़ रुपये थी। उन्होंने सोने को अपने मलाशय और सामान में सोना छुपाया हुआ था। इन सभी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई हो रही है। इनसे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि ये अवैध तरीके से हीरे और सोने को कहां से लिए थे और किसके पास पहुंचाने वाले थे। इनके अन्य साथियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

# मुंबई और केरल के बाद अब दिल्ली-एनसीआर में भी बढ़ने लगे मम्प्स बीमारी के मामले



**नई दिल्ली।** मुंबई और केरल के बाद अब दिल्ली झ एनसीआर में भी मम्प्स बीमारी के मामले बढ़ने लगे हैं। इस बीमारी को गलसुआ के नाम से भी जाना जाता है। डॉक्टरों का कहना है कि यह एक संक्रामक बीमारी है। जो एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। बीते कुछ सप्ताह से दिल्ली-एनसीआर के अस्पतालों में इस डिजीज के केस आ रहे हैं। बच्चों में ये बीमारी फैल रही है। इस बीच सवाल उठता है कि ये डिजीज दिल्ली-एनसीआर में क्यों फैल रही है? आइए इस बारे में डॉक्टरों से जानते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि मम्प्स बीमारी पैरामायोक्सो वायरस की वजह से होती है। यह वायरस मुंह के पैरोटिड ग्लैंड यानी जो ग्लैंड लार बनाता हैं, उसे प्रभावित करता है। इस बीमारी के कारण मरीज के गालों में सूजन आ जाती है। इस सूजन की वजह से मुंह फूला हुआ दिखाई देता है। सूजन का असर कानों तक भी जाता है। इस वजह से कुछ बच्चों को सुनने में समसया भी होने का खतरा रहता है।

# पीएम मोदी के मंगलसूत्र वाले बयान पर भड़कीं महबूबा



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने पीएम मोदी के मंगलसूत्र छीनने और ज्यादा बच्चों वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी वाले कभी मंगलसूत्र की बात करते हैं, कभी कहते हैं कि कांग्रेस सब कुछ मुसलमानों को देगी. बीजेपी सिर्फ हिन्दू मुस्लिम को लड़ाने में लगी हुई है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में पीएम मोदी के बयान पर कहा कि बीजेपी वाले कभी मंगलसूत्र की बात करते हैं, कभी कहते हैं कि कांग्रेस सबकुछ ले जा कर मुसलमानों को देगी, मतलब एक सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है. सांप्रदायिक माहौल क्यों बनाया जा रहा है यह बताते हुए महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जिसका मतलब है कि एनडीए को, बीजेपी को पता चल चुका हैं जो इंडिया ब्लॉक हैं वह आगे बढ़ रहा है। महबूबा मुफ्ती ने इंडिया ब्लॉक की जीत की उम्मीद जताते हुए कहा कि परिणाम इंडिया ब्लॉक के हक में होंगे, सबको हैरान करने वाले होंगे। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि एक युवा जानता हैं कि अगर उसको रोजगार कोई दे सकता हैं तो इंडिया ब्लॉक ही दे सकता हैं, अगर महंगाई कम करेगा तो इंडिया ब्लॉक करेगा, बीजेपी केवल हिंदू मुस्लिम को लड़ाने में लगी हुई है।

दूसरे चरण में हाई प्रोफाइल नेताओं की अग्निपरीक्षा

# दांव पर लगी अशोक गहलोत और वसुंधरा की विरासत

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव में राजस्थान की 12 सीटों पर पहले चरण में चुनाव हो चुके हैं। अब बारी दूसरे चरण में 13 सीटों की है। राजस्थान का यह फाइनल चरण है। 26 अप्रैल को वोटिंग होनी हैञ दूसरे चरण की 13 सीटों पर 152 उम्मीदवार मैदान में हैं। बीजेपी लगातार दो लोकसभा चुनाव से क्लीन स्वीप कर रही है। इसके चलते उसके सामने फिर से सभी सीटें जीतने की चुनौती है। वहीं, कांग्रेस इस बार अपना खाता खोलने के लिए बेताब नजर आर रही है। राजस्थान के अंतिम और फाइनल चरण के लोकसभा चुनाव में दो पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे भी मैदान में हैं। इसमें अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे अपने-अपने बेटों को जिताने के लिए उनकी सीटों पर डेरा जमाए हुए हैं। इसके अलावा दूसरे चरण में कुछ हाईप्रोफाइल सीटें ऐसी हैं, जहां मुकाबला रोमांचक है। कई बड़े नामों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इसके चलते राजस्थान चुनाव के दूसरे चरण की सीटों पर सभी की निगाहें लगी हुई हैं। देखना है कि 2024 के चुनाव में राजस्थान का सियासी ऊंट किस करवट बैठता है। राजस्थान के दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारा सीट पर वोटिंग होगी। बीजेपी इन सभी 13 सीटों पर चुनावी मैदान में है जबकि कांग्रेस 12 सीटों पर लड़ रही है।

# नामांकन में सबसे अमीर उम्मीदवार बने तेदेपा के चंद्रशेखर पेम्मासानी



**गुंटूर।** गुंटूर लोकसभा सीट से तेलुगु देशम पार्टी के डॉ चंद्र शेखर पेम्मासानी अब तक के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। अपने चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपये की चल-अचल घोषित करके चंद्र शेखर सुर्खियों में आ गए हैं। डॉ. चंद्र शेखर ने अपने चुनावी हलफनामे में 5,785 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति घोषित की है जो संभावित रूप से उन्हें मौजूदा चुनावी दौड़ में सबसे धनी प्रत्याशियों में से एक बनाती है। उनके द्वारा दायर हलफनामे के अनुसार, उनकी व्यक्तिगत संपत्ति 2,448.72 करोड़ रुपये जबकि उनकी पत्नी श्रीरत्ना कोनेरू के पास 2,343.78 करोड़ रुपये और बच्चों के पास लगभग 1,000 करोड़ रुपये की संपत्ति है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में लगभग 717 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सबसे अमीर उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष पर हैं।

# भड़काऊ भाषण मामले में नितेश राणे और गीता जैन के खिलाफ दर्ज किया गया मामला

**ठाणे।** महाराष्ट्र पुलिस ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने भाजपा विधायकों नितेश राणे और गीता जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने जांच में पाया कि दोनों ने जनवरी में ठाणे जिले में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान आपत्तिजनक भाषण दिए थे। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने पिछले हफ्ते संबंधित पुलिस आयुक्तों से निजी रूप से इस बात का सत्यापन करने को कहा था कि क्या दोनों नेताओं ने आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषण दिया था। लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने आज अदालत को बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि इस साल जनवरी में मीरा भायंदर (ठाणे जिले में) हुई सांप्रदायिक हिंसा के दौरा राणे और जैन द्वारा दिए गए भाषण अपमानजनक थे। वेनेगांवकर ने कहा कि राणे पर मुंबई के मलवानी, मानखुर्द और घाटकोपर इलाकों रैलियों में नफरती भाषण देने का आरोप है। उन्होंने बताया कि जैन पर मीरा भायंदर में एक रैली में नफरती भाषण देने का आरोप है।

# दर्दनाक हादसा, पुलिस गाड़ी पर पलटा पत्थरों से भरा ट्रेलर, तीन कांस्टेबलों की मौत

**रामपुर।** नीमकाथाना पाटन की रामपुर घाटी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक पत्थरों से भरा ओवरलोड ट्रेलर पुलिस की गाड़ी पर पलट गया। हादसे में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाटन पुलिस रामपुरा गांव में आ रही थी। इस दौरान रामपुरा की घाटी के पास पुलिस की गाड़ी पर पत्थरों से भरा ओवरलोड ट्रेलर पलट गया। हादसे में गाड़ी में सवार दो पुलिसकर्मी कांस्टेबल महिपाल और भंवरलाल की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल शीशराम ने भी अस्पताल में दम तोड़ दिया। ट्रेलर के नीचे दबने से पुलिस की गाड़ी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी से बाहर निकाला। सूचना पर पाटन थाना पुलिस नीमकाथाना डीएसपी अनुज दल सहित पुलिस के अनेक अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

# अलीबाग बना सितारों का अड्डा अमिताभ बच्चन ने खरीदा प्लॉट



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**अलीबाग।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन करोड़ों की जमीन खरीदकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। कुछ समय पहले उन्होंने अयोध्या में जमीन खरीदी थी। अब अमिताभ बच्चन ने एक और नई जमीन खरीदी है। इस जमीन की कीमत भी करोड़ों में है। ऐसा देखा जा रहा है कि अमिताभ बच्चन पिछले कुछ समय से नई प्रॉपर्टी खरीदने में खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। हालांकि ये जमीनें किस मकसद से खरीदी गई हैं, इसका क्या उपयोग किया जाना है, इसको लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं हो सका है. लेकिन कुछ ही समय के भीतर उन्होंने दूसरी बार प्लॉट खरीदा है। अमिताभ बच्चन ने ये जो दूसरी जमीन खरीदी है, वह मुंबई के निकट अलीबाग के पास है, जो कि सितारों का अड्डा बनता जा रहा है। यह प्लॉट करीब 10 हजार स्क्वॉयर फीट का है. इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। जानकारी के मुताबिक अमिताभ बच्चन ने पिछले ही हफ्ते द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा से ये जमीन रजिस्ट्री कराई है।

### अयोध्या में राममंदिर के पास भी खरीदी जमीन

बिग बी अमिताभ बच्चन ने पिछले दिनों अयोध्या में भी जमीन खरीदी थी। खास बात ये कि अमिताभ बच्चन ने अयोध्या में भी इसी बिल्डर से जमीन खरीदी थी। ये जगह अयोध्या के राम मंदिर से बहुत करीब है। यहां भी उन्होंने करीब 10 हजार स्क्वॉयर फीट की जगह खरीदी, जिसकी कीमत 14.5 करोड़ रुपये है। पिछले साल अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपनी बेटी श्वेता नंदा को जुहू स्थित प्रतीक्षा बंगला उपहार में दे दिया था। उन्होंने इस बंगला को 1975 में रिलीज हुई शोले की सफलता के तुरंत बाद खरीदा था।

# 788 ट्रेनों पर किसान आंदोलन का असर, 352 कैंसिल, कई के बदले रूट



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**अंबाला।** किसानो के रेल रोको आंदोलन के चलते अंबाला मंडल से गुजरने वाली 788 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। 152 मेल एक्सप्रेस और 200 पैसेंजर ट्रेन मिलाकर कुल 352 ट्रेनें रद्द की जा चुकी है। कई ट्रेनें शॉर्ट टर्मिनेट हुई हैं और आधे रास्ते में ही उन्हें रद्द कर दिया गया। इससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है, क्योंकि उनके पास कहीं और जाने के लिए ट्रेनों का विकल्प नहीं है। कई ट्रेनों के रूट बदले गए हैं, जो चंडीगढ़ से होकर पंजाब व जम्मू जा रही हैं। रेल अधिकारी के अनुसार ट्रेनों के प्रभावित होने का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। अंबाला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ जमा हो चुकी है। लम्बी दूरी के यात्री अपने छोटे बच्चों के साथ स्टेशन पर ही रुकने को मजबूर है। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ रही हैं और स्टेशन में भी अव्यवस्था फैल रही है।

### क्यों आंदोलन कर रहे हैं किसान !

केंद्र सरकार ने किसानों से फसलों की खरीद से जुड़े कानून में बदलाव करने के लिए कृषि बिल पेश किया था। इस बिल के जरिए हो रहे बदलावों से किसान खुश नहीं थे। इस वजह से आंदोलन की शुरूआत हुई। पहले सिर्फ पंजाब हरियाणा के किसान सड़क पर थे, लेकिन बाद में अन्य राज्यों के किसान भी इसमें शामिल हुए और सरकार को यह बिल वापस लेना पड़ा। इसके बाद किसानों का आंदोलन रुका, लेकिन कुछ समय बाद फिर किसान सड़कों पर आ गए। किसानों की मांग उन किसानों को जेल से छोड़ने की है, जिन्हें आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया गया था। किसान चाहते हैं कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य के कानून बनाए जाएं। किसानों का कर्ज माफ किया जाए और आंदोलन में जिन किसानों की जान गई है।

ऑरेंज कैप
विराट कोहली
आरसीबी
379 रन, 8 मैच

पर्पल कैप
जसप्रीत बुमराह
एमआई
13 विकेट, 8 मैच




## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | एनआर | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 0 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | +0.914 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | +0.529 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | +0.123 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | −1.055 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | −0.227 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | −0.477 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | −0.292 |
| बेंगलुरु | 8 | 1 | 7 | 0 | 2 | −1.046 |

# चेन्नई ने लखनऊ को दिया 211 रनों का लक्ष्य

**आईपीएल** ऋतुराज ने खेली नाबाद शतकीय पारी, दुबे ने लगाया तूफानी अर्धशतक



### ऋतुराज का शतक

कप्तान ऋतुराज ने 56 गेंद पर अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने 18वें ओवर में यश ठाकुर की गेंद पर चौका लगाकर शतक पूरा किया। यह इस सीजन का छठा शतक रहा। 18 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर तीन विकेट पर 178 रन है। ऋतुराज 58 गेंद पर 107 रन और शिवम दुबे 18 गेंद पर 39 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों के बीच अब तक 37 गेंद पर 77 रन की साझेदारी हो चुकी है।

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**चेन्नई।** आज आईपीएल 2024 के 39वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से है। यह मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जा रहा है। दोनों का पिछला मुकाबला भी एक-दूसरे के खिलाफ था। उस मैच में लखनऊ ने चेन्नई के खिलाफ आठ विकेट से जीत हासिल की थी। चेन्नई की टीम इस हार का बदला लेने उतरी है। लखनऊ के कप्तान राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। चेन्नई ने लखनऊ के सामने 211 रन का लक्ष्य रखा है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 210 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंद में 108 रन की पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे ने 27 गेंद में 66 रन बनाए। धोनी ने एक गेंद खेली और चार रन बनाए। उन्हें पारी की आखिरी गेंद पर बल्लेबाजी का मौका मिला और चौका लगाया। ऋतु ने अपनी पारी में 12 चौके और तीन छक्के लगाए। वहीं, शिवम ने अपनी पारी में तीन चौके और सात छक्के लगाए। ऋतु के आईपीएल करियर का यह दूसरा शतक रहा। वहीं, दुबे ने नौवां अर्धशतक लगाया। 16 ओवर के बाद चेन्नई ने तीन विकेट गंवाकर 154 रन बना लिए हैं। शिवम ने इस ओवर में यश ठाकुर की गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़े। यश के इस ओवर में चेन्नई ने 19 रन बटोरे। ऋतुराज अपने दूसरे आईपीएल शतक के करीब हैं।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स 210/4 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे के राहुल बो मैट हेनरी | 1 | 3 | 0 | 0 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 108 | 60 | 12 | 3 |
| डैरिल मिचेल के दीपक हुड्डा बो यश ठाकुर | 11 | 10 | 1 | 0 |
| रवींद्र जडेजा के राहुल बो मोहसिन खान | 16 | 19 | 2 | 0 |
| शिवम दुबे रनआउट (डी कॉक/स्टोइनिस) | 66 | 27 | 3 | 7 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** (बा0,लेबा2,वा2,नोबा0,पी0) 4 रन कुल 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन, **विकेटों का पतन:** 1-4, 2-49, 3-101, 4-205, **गेंदबाजी:** मैट हेनरी 4-0-28-1, मोहसिन खान 4-0-50-1, रवि बिश्नोई 2-0-19-0, यश ठाकुर 4-0-47-1, स्टोइनिस 4-0-49-0, क्रुणाल पांड्या 2-0-15-0

लखनऊ की पारी शुरू हो चुकी है। क्विंटन डिकॉक और कप्तान केएल राहुल क्रीज पर आए। चेन्नई के लिए पहले ओवर में दीपक चाहर गेंदबाजी के लिए आए। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर डिकॉक को बोल्ड किया। लखनऊ को शून्य पर पहला झटका लगा। चाहर की गेंद डिकॉक के बल्ले का किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी। फिलहाल राहुल और मार्कस स्टोइनिस क्रीज पर हैं। एक ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर एक रन पर एक विकेट है। चार ओवर के बाद लखनऊ ने एक विकेट गंवाकर 29 रन बना लिए हैं। फिलहाल कप्तान केएल राहुल 10 गेंद में 12 रन और मार्कस स्टोइनिस 11 गेंद में 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। क्विंटन डिकॉक खाता नहीं खोल सके थे। उन्हें दीपक चाहर ने आउट किया था। लखनऊ को पांचवें ओवर में 33 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। मुस्तफिजुर रहमान ने केएल राहुल को ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों कैच कराया। राहुल 14 गेंद में 16 रन बना सके। पांच ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 33 रन है। फिलहाल देवदत्त पडिक्कल और मार्कस स्टोइनिस क्रीज पर हैं।

## आशी, स्वप्निल ने थ्रीपी ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** आशी चौकसी और स्वप्निल कुसाले मंगलवार को यहां राइफल/पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) के क्वालीफिकेशन में क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में पहले स्थान पर रहे। आशी ने महिलाओं की थ्रीपी ओएसटी में विश्व स्तरीय 590 का स्कोर बनाया और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा (583) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। तोक्यो ओलंपियन अंजुम मोदगिल 581 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस कोटा धारक श्रीयंका सदांगी 575 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। निश्चल ने भी श्रीयंका के बराकर स्कोर किया लेकिन कम 'इनर 10' के स्कोर से पीछे रह गईं। पुरुषों के थ्रीपी वर्ग में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जहां स्वप्निल ने पहले 'नीलिंग और प्रोन पोजीशन' में 199 के दो शानदार स्कोर के साथ दूसरों को पीछे छोड़ा। उन्होंने कुल 592 अंक बनाये।

## मानदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद ओलंपिक ट्रायल में शॉटगन निशानेबाज को दी गयी अनुमति

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के चयन ट्रायल के मानदंडों को लेकर आदलती लड़ाई लड़ रहे भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने हाल ही में एक निशानेबाज के लिए नियमों में बदलाव किया है, जिसे कम स्कोर के बावजूद ट्रायल में भाग लेने की अनुमति मिल गई है। ट्रैप निशानेबाज करण शॉटगन चयन ट्रायल के लिए एनआरएआई के मानदंड से दो अंकों से चूक गए, लेकिन उन्हें प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई। इसके उलट पिछले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान समान स्कोर हासिल करने वाले कई अन्य निशानेबाजों के नामों पर विचार नहीं किया गया। एनआरएआई ने नवंबर में जारी एक पत्र में 'शॉटगन चयन मानदंड 2024 और शॉटगन स्पर्धा के लिए ओलंपिक चयन मानदंड 2024 के अनुसार चयन ट्रायल' की घोषणा की थी।

## भारतीय टीम मालिक पर लगा श्रीलंकाई लीग में मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो।** अनधिकृत लीजेंड्स क्रिकेट लीग में एक टीम के मालिक और भारतीय नागरिक योनी पटेल पर उनके हमवतन पी आकाश के साथ मैच फिक्सिंग के लिए आरोप तय किए जा रहे हैं। कोलंबो मजिस्ट्रेट अदालत के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले शुक्रवार को अदालत ने पटेल की जमानत की अर्जी खारिज कर दी थी और दोनों पर लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। इन भारतीयों पर लीजेंड्स क्रिकेट लीग में मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप है जिसका आयोजन आठ से 19 मार्च तक मध्य कैंडी जिले के पाल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में किया गया। फाइनल में राजस्थान किंग्स ने न्यूयॉर्क सुपर स्ट्राइकर्स को हराया। पटेल इस टूर्नामेंट में कैंडी स्वैम्प आर्मी टीम के मालिक हैं।

## सेविला के खिलाफ हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ीं

**सेविले (स्पेन)।** सेविला के खिलाफ स्पेनिश लीग में सोमवार को 1-2 की हार के बाद मालोर्का की मुश्किलें बढ़ गई हैं और टीम पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। लीग तालिका की निचली तीन टीम रेलीगेशन का सामना करेंगी और मालोंका अभी सेल्टा विगो के साथ संयुक्त रूप से निचली चौथी टीम है। दोनों टीमों के नीचे से तीसरे स्थान पर चल रहे केडिज से छह अंक अधिक हैं जबकि चार दौर खेले जाने बाकी हैं। मालोर्का को रविवार को केडिज का सामना करना है। इस जीत से सेविला की टीम 37 अंक के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गई है और उसका एक और साल शीर्ष लीग ला लीगा में खेलना लगभग तय हो गया है।

## गुकेश की जीत विश्व शतरंज में बड़ा बदलाव : गैरी कास्परोव

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने विश्व चैंपियनशिप के लिए चुनौती पेश करने वाला सबसे युवा खिलाड़ी बनने के लिए भारत के किशोर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश की सराहना करते हुए कहा कि टोरंटो में भारतीय भूचाल आया और यह जीत विश्व शतरंज में बड़े बदलाव का संकेत है। सत्रह साल के गुकेश ने 40 साल पहले कास्परोव के बनाए रिकॉर्ड को तोड़ा। रूसी का यह खिलाड़ी जब 22 वर्ष का था तब उन्होंने 1984 में विश्व खिताब के लिए हमवतन अनातोली कारपोव से भिड़ने के लिए क्वॉलिफाइ किया था और वह उस समय के सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। कास्परोव ने अतीत में रूस के दबदबे का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए एक्स पर लिखा, बधाई हो! टोरंटो में भारतीय भूचाल शतरंज की दुनिया में बदलाव का संकेत है क्योंकि 17 वर्षीय डी गुकेश सर्वोच्च खिताब के लिए चीन के चैंपियन डिंग लिरेन का सामना करेंगे। यह जीत गुकेश को साल की आखिरी तिमाही में मौजूदा विश्व चैंपियन लिरेन के खिलाफ मुकाबले का हकदार बनाती है। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने भारत में शतरंज संस्कृति को जन्म दिया और देश इस ग्रैंडमास्टर की सफलता का लाभ उठा रहा है जिसमें हजारों युवा शतरंज को अपना रहे हैं।

## रोहन बोपन्ना समेत 4 खिलाड़ियों को मिला पद्म श्री अवॉर्ड

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के 4 खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया। यह भारत का चौथा सबसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना को उन्हें हाल ही में मियामी ओपन जीतने के लिए पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बोपन्ना मेंस डबल में यह ग्रैंड स्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। उन्होंने 43 साल 329 दिन की उम्र में इस टाइटल को जीता था। इसके पहले उन्होंने हांगझाउ एशियन गेम्स के मिक्सड डबल में भारत को गोल्ड मेडल जीतने में मदद की थी। भारत के लिए हॉकी खेलते हुए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीत चुके हरबिंदर सिंह को भी राष्ट्रपति भवन में इस अवॉर्ड से नवाजा गया। बता दें कि हरबिंदर सिंह 1964 ओलंपिक में गोल्ड और 1968 और 1972 ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। इसके अलावा वह इंटरनेशनल कोच भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति मुर्मू द्रौपदी मुर्मू ने रोहन बोपन्ना के अलावा पैरा स्विमर सतेंद्र सिंह लोहिया को भी पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया। सतेंद्र सिंह लोहिया कई इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भारत के लिए मेडल जीत चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांगजन को बढ़ावा और मजबूती देने का काम किया है। खेल के क्षेत्र में पद्म श्री पाने वालों की लिस्ट में भारत की मशहूर आर्चरी कोच पूर्णिमा महतो का भी नाम शामिल है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आर्चरी में उनके योगदान के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया।



## मनिका को पछाड़ भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं श्रीजा

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की मिश्रित युगल चैंपियन श्रीजा अकुला मंगलवार को नवीनतम आईटीटीएफ रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंची और मनिका बत्रा को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी बन गईं। नवीनतम रैंकिंग में श्रीजा को एक स्थान का फायदा हुआ जबकि पिछले कुछ समय से भारत की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका दो स्थान के नुकसान से 39वें पायदान पर खिसक गईं। इस साल 25 साल की श्रीजा ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर कॉरपस क्रिस्टी और डब्ल्यूटीटी फीडर बेरूत टूनामेंट में क्रमशः जनवरी और मार्च में खिताब जीते। वह गोवा में डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची। श्रीजा ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अनुभवी अचंता शरत कमल के साथ मिलकर मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता था। यशस्विनी घोरपड़े और अर्चना कामत क्रमशः 99वें और 100वें स्थान पर बरकरार हैं। शरत रैंकिंग में 37वें स्थान के साथ शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। जी साथियान और मानव ठाकर ने क्रमशः 60वें और 61वें स्थान पर एक दूसरे की जगह ली है। कुछ महीने पहले शीर्ष रैंकिंग के भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई नवीनतम सूची में और नीचे 64वें स्थान पर खिसक गए हैं। भारत पहले ही पेरिस ओलंपिक की टीम स्पर्धाओं के लिए क्वालीफाई कर चुका है।

## स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को लॉरेस पुरस्कार

**मैड्रिड।** पिछले साल पहली बार महिला फुटबॉल विश्व कप जीतने वाली स्पेन की टीम को सोमवार को लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में दो और पुरस्कार मिले। स्पेन की महिला फुटबॉल टीम को 2023 के लिए दुनिया की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम चुना गया जबकि मिडफील्डर एताना बोनमाती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। समारोह का आकर्षण नोवाक जोकोविच रहे जिन्हें साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। अमेरिका की जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को वापसी करने वाली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। रीयाल मैड्रिड के फॉरवर्ड ज्यूड बेलिंगहैम को 'ब्रेकथ्रू पुरस्कार' मिला जबकि दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को उनके फाउंडेशन की बदौलत 'स्पोर्ट फोर गुड अवार्ड' से नवाजा गया। जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन में खिताब जीतने के साथ रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

## स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल ने लिया संन्यास

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बेहतरीन पुरूष स्क्वाश खिलाड़ियों में शामिल सौरव घोषाल ने सोमवार को पेशेवर सर्किट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया। पेशेवर सर्किट में 22 साल खेलने वाले घोषाल ने इंचियोन और हांग्झोउ एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में उनके नाम तीन पदक हैं। उन्होंने ग्लासगो में 2022 विश्व युगल चैंपियनशिप में मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने 22 साल पहले पीएसए विश्व टूर पर अपनी यात्रा शुरू की थी। उस समय मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं इतने लंबे समय तक पेशेवर स्क्वाश खेलूंगा। जब मैंने दुनिया भर में यात्रा की और कुछ बड़े मंचों खेलते हुए मैंने सोचा कि यह कभी खत्म नहीं होगा। 37 साल के सौरव घोषाल ने कहा, हर चीज का एक अंत होता है। यह संदेश लिखते समय मैं भावुक हो रहा हूं। यह खेल इतने सालों से मेरा जुनून, मेरा काम और मेरी पहचान रहा है। इसलिए गर्व और दुख की मिश्रित भावनाओं के साथ मैं पीएसए से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं।



### सौरव घोषाल की उपलब्धियां

कोलकाता में जन्में घोषाल दुनिया के शीर्ष 10 में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अप्रैल 2019 में करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल की और छह महीने तक उसे बनाये रखने में सफल रहे। घोषाल ने 2003 में पीएसए में डेब्यू करने के बाद से 18 फाइनल में पहुंचकर 10 पीएसए खिताब जीते हैं। उन्होंने पीएसए टूर पर अपने 511 मैचों में से 281 जीते हैं। घोषाल के नाम 13 राष्ट्रीय खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने इसमें से आखिरी खिताब 2020 में जीता था।

### घोषाल का सफर जारी रहेगा

घोषाल का खेल हालांकि अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है और वह भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं प्रतिस्पर्धी स्क्वाश को पूरी तरह से अलविदा नहीं कह रहा हूं। मैं कुछ और समय तक भारत के लिए खेलना चाहूंगा। उम्मीद है कि मेरे अंदर संघर्ष करने की कुछ क्षमता बाकी है और मैं अपने देश के लिए कुछ और हासिल कर सकता हूं। तब तक, धन्यवाद।



## मार्केट सूचकांक

### भारतीय

| सूचकांक | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|
| निफ्टी | 22368.00 | +31.60 |
| सेंसेक्स | 73738.45 | +89.83 |

### अमेरिका

| सूचकांक | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|
| नैस्डेक | 15,434.90 | +152.89 |
| डाओ जोंस | 38,349.45 | +109.47 |

### यूरोप

| सूचकांक | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|
| FTSE (BRITAIN) | 8,040.20 | +12.85 |
| CAC (FRANCE) | 8,077.86 | +37.88 |

### एशिया

| सूचकांक | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 (JAPAN) | 37,552.16 | +113.55 |
| शंघाई (CHINA) | 3,021.98 | -22.62 |

### कमोडिटी

| वस्तु | इकाई | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|---|
| सोना | 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | 70,740.00 | -480.00 |
| चांदी | प्रति किलो | 80,153.00 | -426.00 |
| अल्यूमीनियम | प्रति किलो | 0.00 | -242.95 |
| तांबा | प्रति किलो | 832.10 | -12.15 |
| लेड | प्रति किलो | 0.00 | -189.70 |
| जिंक | प्रति किलो | 0.00 | -252.10 |
| मेंथा तेल | प्रति लीटर | 0.00 | -950.00 |

### मुद्रा

| मुद्रा | इकाई | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|---|
| डॉलर | प्रति रुपये | 83.3325 | -0.0540 |
| पाउंड | प्रति रुपये | 103.2403 | +0.2575 |
| यूरो | प्रति रुपये | 88.9010 | +0.0566 |
| दीनार | प्रति रुपये | 270.4396 | -0.0604 |
| रियाल | प्रति रुपये | 22.2168 | -0.0148 |
| ऑस्ट्रेलियन डॉलर | प्रति रुपये | 53.7745 | -0.0085 |
| सिंगापुर डॉलर | प्रति रुपये | 61.1099 | -0.1110 |
| दिरहम | प्रति रुपये | 22.6904 | -0.0140 |

### क्रूड ऑयल

| क्रूड | इकाई | मूल्य | बदलाव |
|---|---|---|---|
| डब्ल्यूटीआई क्रूड | बैरल/ यूएस $ | 81.17 | -0.73 |
| ब्रेंट क्रूड | बैरल/ यूएस $ | 86.33 | -0.67 |
| मरबन क्रूड | बैरल/ यूएस $ | 86.98 | -0.21 |

एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर बैन लगाने के बाद

# सरकार ने हांगकांग-सिंगापुर से मांगा विवरण

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** मसाला कंपनियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है. हांगकांग की खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था ने लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर बैन लगाने के बाद अब सरकार भी हरकत में आ गई है.मसाला निर्यात करने वाली देशी कंपनियों के मसले पर भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा है. दोनों देशों ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों पर प्रतिबंध लगा दिया है.

वाणिज्य मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग दोनों में भारतीय दूतावासों को इस मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है. मंत्रालय ने भारतीय कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट से भी विवरण मांगा है, जिनके उत्पादों पर कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के कारण प्रतिबंध लगाया गया है.




### एमडीएच और एवरेस्ट के 4 मसालों पर बैन

गौरतलब है कि हांगकांग की खाद्य सुरक्षा निगरानी संस्था ने लोकप्रिय भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि उनमें कैंसर पैदा करने वाला रसायन पाया गया था. खाद्य सुरक्षा केंद्र (सीएफएस) ने 5 अप्रैल को घोषणा की कि उसने तीन एमडीएच उत्पादों झ मद्रास करी पाउडर, मिश्रित मसाला पाउडर, और सांभर मसाला झ और एवरेस्ट के फिश करी मसाला में एथिलीन ऑक्साइड, एक कैंसरजन के रूप में वर्गीकृत कीटनाशक का पता लगाया है.

### कंपनियों से मांगा गया ब्यौरा

कंपनियों से ब्यौरा मांगा गया है. वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि अस्वीकृति का मूल कारण और संबंधित निर्यातकों के साथ सुधारात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और जिन निर्यातकों की खेप खारिज कर दी गई है उनका विवरण सिंगापुर और हांगकांग स्थित दूतावासों से मांगा गया है. अधिकारी ने बताया कि सिंगापुर फूड एजेंसी और सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और खाद्य एवं पर्यावरण स्वच्छता विभाग, हांगकांग से भी विवरण मांगा गया है. मंत्रालय के अधिकारी ने उल्लेख किया कि सिंगापुर और हांगकांग को मसाला शिपमेंट में एथिलीन ऑक्साइड के अनिवार्य परीक्षण के मुद्दे पर चर्चा के लिए एक उद्योग परामर्श भी निर्धारित है.

# आर्थिक मोर्चे पर अच्छी खबर, अप्रैल में बिजनेस एक्टिविटी 14 साल के हाई पर

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

नई दिल्ली। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों सेक्टरों में मजबूती के दम पर अप्रैल में भारत की व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार जारी रहा। सर्विस पर्चेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स मार्च के 61.2 से बढ़कर अप्रैल में 61.7 हो गया, जबकि मैन्युफैक्चरिंग पर्चेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स 59.1 पर अपरिवर्तित रहा। इससे ओवरऑल इंडेक्स 62.2 पर पहुंच गया, जो जून 2010 के बाद सबसे ज्यादा है। इंडेक्स प्रारंभिक सर्वेक्षण परिणामों पर आधारित हैं और फाइनल पीएमआई डेटा अगले सप्ताह प्रकाशित किया जाएगा। 50 से ऊपर की रीडिंग पिछले महीने की तुलना में विस्तार का संकेत देती है, जबकि इससे नीचे की रीडिंग गतिविधि में संकुचन का संकेत देती है। एचसीबीसी की भारत की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने एक बयान में कहा, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नए ऑर्डर बढ़ने से अप्रैल में सेवाओं की वृद्धि में तेजी आई। उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग मार्जिन में भी सुधार देखा गया क्योंकि कंपनियां मजबूत मांग की स्थिति के कारण ग्राहकों पर ऊंची कीमतों का भार शिफ्ट करने में सक्षम थीं। भंडारी ने कहा, मजबूत मांग के कारण अप्रैल में कुल मिलाकर भविष्य के कारोबारी आउटलुर में और सुधार हुआ। भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 7 फीसदी से ज्यादा बढ़ने के लिए तैयार है, जिससे यह दुनिया में सबसे तेजी से विस्तार करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी। मजबूत वृद्धि ने केंद्रीय बैंक को मूल्य स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने का मौका भी दिया है। फ्क्क इस महीने की शुरूआत में अपने सख्त नीतिगत रुख पर कायम रहा और लगातार सातवीं बैठक में बेंचमार्क दर को अपरिवर्तित रखा।

एचसीबीसी ने कहा कि बढ़ती मांग ने वित्तीय वर्ष की शुरूआत में और ज्यादा रोजगार सृजन का समर्थन किया। जहां सेवा प्रदाताओं ने मार्च की तुलना में मामूली गति से अतिरिक्त कर्मचारियों को काम पर रखा है, वहीं माल उत्पादकों ने लगभग डेढ़ साल में वर्कफोर्स को सबसे बड़ी सीमा तक बढ़ाया है।

## मौसम खराब रहा तो देश में बढ़ सकती है महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने बुलेटिन में चेताया

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** प्रतिकूल मौसम के कारण महंगाई बढ़ने का खतरा हो सकता है। साथ ही वैश्विक स्तर पर लंबे समय से जारी तनावपूर्ण स्थिति से कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के अप्रैल के बुलेटिन में यह कहा गया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 4.9 प्रतिशत हो गई। इससे पहले पिछले दो महीनों में यह औसतन 5.1 प्रतिशत रही थी। रिजर्व बैंक अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति पर पहुंचते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंताओं का हवाला देते हुए फरवरी, 2023 से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। बुलेटिन में पब्लिश आर्टिकल अर्थव्यवस्था की स्थिति में कहा गया कि 2024 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि की गति बरकरार रही है और विश्व व्यापार का आउटलुक पॉजिटिव हो रहा है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बॉन्ड प्रतिफल और कर्ज की ब्याज दर बढ़ रही है। ब्याज दर में कमी को लेकर जो संभावनाएं थी, वह कमजोर पड़ी हैं। लेख में कहा गया, मजबूत निवेश मांग और उत्साहित व्यापार और उपभोक्ता धारणाओं के साथ भारत में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की वृद्धि दर में तेजी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो रही हैं।

# सोने की ताबड़तोड़ खरीदारी कर रहा चीन! भारत को छोड़ा पीछे

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** नई दिल्लीः चीन जमकर सोने की खरीदारी में लगा हुआ है। गोल्ड खरीदने में चीन ने इस साल भारत को भी पीछे छोड़ दिया है। चीन इस समय सोना खरीदने वाले देशों में पहले नंबर पर है। बीते समय में भारत दुनिया का सबसे ज्यादा सोना खरीदने वाला देश बना हुआ था। हालांकि अब चीन इस मामले में भारत से आगे निकल गया है। भारत और चीन के बीच सबसे ज्यादा सोना खरीदने के मामले में मुकाबला चलता रहता है। पिछले वर्षों को देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा सोना या तो भारत खरीदता है या फिर चीन। चीन के सोना खरीदने के बीच गोल्ड की कीमतों में रेकॉर्ड तेजी बनी हुई है। इस साल सोने की कीमत 2,400 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंचकर वैश्विक बाजारों को आकर्षित कर रही है। चीन की ओर से सोने की खरीदारी को भी कीमतों में उछाल की एक वजह माना जा रहा है। चीन में आभूषण, बार और सिक्कों की खपत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। चीन में गोल्ड की ज्वैलरी की डिमांड 10 फीसदी बढ़ी है, जबकि भारत में 6 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, चीनी बार और सिक्कों में निवेश 28 फीसदी तक बढ़ गया है।



### खूब हो रही खरीदारी

चीन में एक ओर सेंट्रल बैंक लगातार 17 महीने से गोल्ड खरीदते जा रहा है। वहीं दूसरी ओर लोगों ने चीनी नव वर्ष के मौके पर खूब सोना खरीदा है। जनवरी-मार्च के दौरान लोगों की सोने की खरीद पिछले साल से 34 फीसदी ज्यादा रही है। चीन दुनिया में सबसे ज्यादा सोने का उत्खनन करता है, लेकिन इसके बाद भी उसे बाहर से भारी पैमाने पर खरीदना पड़ता है। पिछले 2 साल में चीन ने अन्य देशों से 2,800 टन से ज्यादा सोना खरीदा है। यह अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व के कुल स्वर्ण भंडार के एक तिहाई के बराबर है।

## कर्नाटक, गुजरात स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के मामले में अव्वल, यूपी और बिहार की यह सच्चाई आई सामने

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** देश में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के मामले में कर्नाटक और गुजरात सबसे अव्वल रहे हैं, यह दावा आईईईएफए व एम्बर की एक संयुक्त रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के बारे में कहा गया है कि उन्हें क्लीन एनर्जी अपनाना के मामले में अपनी कोशिशें बढ़ाने की जरूरत है। शोध संगठन इंस्टीट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस (आईईईएफए) और स्वच्छ ऊर्जा थिंक टैंक एम्बर की संयुक्त रिपोर्ट में मंगलवार को यह बात कही गई। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि कर्नाटक और गुजरात ने सभी आयामों में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। इन राज्यों ने अपने बिजली क्षेत्रों में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को प्रभावी ढंग से जोड़ा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन कम करने में मजबूत प्रगति हुई है। दूसरी ओर झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों को सुधार की जरूरत है। यह रिपोर्ट ऐसे वक्त में जारी हुई है जब भारत के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की लहर चल रही है। इसके कारण बिजली मंत्रालय 260 गीगावाट की अनुमानित अधिकतम बिजली मांग की तैयारी कर रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में सौर ऊर्जा जैसी अधिक स्वच्छ ऊर्जा के लिए अनुकूल स्थितियां पैदा होती हैं। आईईईएफए के निदेशक (दक्षिण एशिया) और रिपोर्ट में योगदान करने वाले लेखक विभूति गर्ग ने कहा कि चक्रीय मौसमी परिस्थितियों के साथ ही तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत में हर साल अधिकतम बिजली की मांग बढ़ रही है।

## रिलायंस, जेएसडब्ल्यू समेत सात ने बैटरी संयंत्र के लिए पीएलआई योजना के तहत आवेदन किया

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी सहित सात कंपनियों ने बैटरी विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आवेदन किया है। सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसे इन कंपनियों से 3,620 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 10 गीगावाट क्षमता वाले संयंत्र स्थापित करने के लिए आवेदन मिले हैं। सूची में शामिल अन्य बोलीदाताओं में एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, अमारा राजा एडवांस्ड सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, अन्वी पावर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, लुकास टीवीएस लिमिटेड और वारी एनर्जीज लिमिटेड शामिल हैं। भारी उद्योग मंत्रालय की इस साल 24 जनवरी को जारी एक वैश्विक निविदा के जवाब में कुल 70 गीगावाट क्षमता वाले विनिर्माण संयंत्रों के लिए बोलियां मिली हैं। मंत्रालय ने कहा, इस योजना को उद्योग से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली क्योंकि प्राप्त बोलियां 10 गीगावाट की विनिर्माण क्षमता से सात गुना अधिक थीं। मंत्रालय ने 10 गीगावाट उन्नत रासायन सेल (एसीसी) विनिर्माण के लिए पीएलआई की फिर से बोली लगाने की घोषणा की थी। बोली से पहले बैठक 12 फरवरी को हुई थी। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 अप्रैल थी और तकनीकी बोलियां मंगलवार को खोली गईं।

# आईकिया पर लगा जुर्माना, 20 रुपये का बैग बेचने के चक्कर में कंपनी को लग गया चूना

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** दिग्गज होम फर्निशिंग कंपनी आईकिया (क्ड्डएअ) को जबरदस्ती बैग बेचने के चक्कर में कार्रवाई का सामना करना पड़ा है. उपभोक्ता अदालत ने स्वीडन की फर्नीचर रिटेल कंपनी आईकिया 20 रुपये का बैग बेचने के बदले में कंज्यूमर को 3000 रुपये वापस करने का आदेश सुनाया है. इसमें 1000 रुपये हर्जाना और 2000 रुपये न्यायिक खर्च के बदले भुगतान करने को कहा गया है.

**कस्टमर को अपने बैग नहीं ले जाने देती है कंपनी :** इस मामले में आईकिया ने अदालत से कहा कि वह कारोबार करने के लिए किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल नहीं है. कंपनी किसी तरह के छिपे हुए चार्ज भी नहीं लेती है. हमें सभी प्रोडक्ट और बैग से जुड़ी जानकारियां अपने स्टोर्स में कई जगह लिखी हुई हैं. इन्हें बिलिंग के टाइम छिपाकर नहीं जोड़ा जाता है. हालांकि, अदालत ने इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि हर तरह के प्रोडक्ट को डिलीवर करने की कॉस्ट विक्रेता को ही वहन करनी पड़ेगी. इसलिए आईकिया की ओर से दिए जा रहे तर्क स्वीकार नहीं किए जा सकते. अदालत ने यह भी कहा कि आईकिया उपभोक्ताओं को अपने बैग भी नहीं ले जाने देती है.




### आईकिया को देने होंगे 3000 रुपये

दरअसल, संगीता बोहरा नाम की एक कस्टमर ने आईकिया से 6 अक्टूबर, 2022 को कुछ सामान खरीदा था. बिलिंग काउंटर पर उन्हें कंपनी ने एक 20 रुपये का बैग भी चार्ज कर दिया. संगीता यह मामला लेकर बेंगलुरु के कंज्यूमर कोर्ट चली गईं. इस मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि आईकिया को उपभोक्ता को ब्याज सहित 20 रुपये लौटाने होंगे. साथ ही 3000 रुपये क्षतिपूर्ती के तौर पर भी देने होंगे. कंज्यूमर कोर्ट ने कहा कि आईकिया (क्ड्डएअ क्ल्र्) ने जो बैग कस्टमर को दिया, उस पर कंपनी का लोगो था. अदालत ने इसे कारोबार करने का गलत तरीका करार दिया है.

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 250 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 250 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 213 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 161 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 156 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 158.5 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

### कोक प्राइस

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 345 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 330 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 320 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 315 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# चॉकलेट खाना और कॉफी पीना पड़ेगा महंगा

### क्राइसिस में आई इंडस्ट्री

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** अगर आप भी चॉकलेट खाने या कॉफी पीने के शौकीन हैं तो इस खबर से आपको झटका लग सकता है. दरअसल, आपकी फेवरेट चॉकलेट और कॉफी पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है, जिस कारण जल्द ही आपको इसके लिए बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है. भारी डिमांड और कमजोर सप्लाई के कारण कोको की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिसका सीधा असर चॉकलेट और कॉफी पर पड़ेगा. जानकारों का मानना है कि इस समय कोको इंडस्ट्री क्राइसिस में है जिसका असर डिमांड पर पड़ सकता है.

**लगातार बढ़ रही हैं कीमतें :** इकॉनमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी वजह है कि कोको, कॉफी, पाम ऑयल और चीनी की कीमतें पिछले क्वॉर्टर में बढ़ी हैं. इस समय कोको और कॉफी की कीमतें ऑल टाइम हाई पर हैं. पाम ऑयल की कीमत में भी सालाना आधार पर 10% की बढ़ोतरी हुई है. कोको की कीमतों में इस तेज बढ़ोतरी के पीछे की वजह दुनिया के सबसे बड़े कोको उत्पादक आइवरी कोस्ट से सप्लाई को लेकर चिंता बताई जा रही है.



### कोको बटर की कीमत 300 प्रतिशत पार

लगातार कोको की कीमतें बढ़ने से चॉकलेट निर्माता कंपनियां मिल्क चॉकलेट का प्रोडक्शन रोक रहे हैं. साथ ही डार्क चॉकलेट की कीमतें बढ़ा रहे हैं. कोको की कीमतें 45 वर्षों में अपने हाई लेवल पर हैं. केवल एक वर्ष के दौरान इस कमोडिटी की कीमतों में150% से अधिक की बढ़ोतरी हो गई हैं. जबकि कोको बटर की कीमत तो 300% से ऊपर है. कोको किसानों के लिए भी ये समय काफी मुश्किल भरा है, डिमांड में तेजी और सप्लाई में अभूतपूर्व कमी से उनको काफी नुकसान हो रहा है.

### कोको इंडस्ट्री के सामने ये है चुनौतियां

- कोको की बढ़ती मांग और घटती आपूर्ति
- कोको के पेड़ों को कोको तैयार करने में एक साल लगना
- पुराने पेड़ों से कम कोको का उत्पादन होना
- दुनिया के ज्यादातर कोको बागानों में उत्पादन की क्षमता कम होना
- कोको उद्योग संकट में होना
- दुनिया भर में चॉकलेट निमार्ताओं के संयंत्रों को बंद होना
- कहां-कहां होता है कोको का प्रोडक्शन
- पूरी दुनिया में हर साल कोको का प्रोडक्शन करने वाले किसान लगभग पांच मिलियन टन कोको बीन्स का उत्पादन करते हैं.
- अगर सबसे बड़े कोको उत्पादक की बात करें तो उद्यझ्ी ह्लिक्ष्ज्ञ्इी और घाना इसमें सबसे आगे हैं, जो दुनिया भर में कोको प्रोडक्शन का लगभग 60% पैदा करते हैं.
- इसके बाद 9% के साथ इक्वाडोर का नंबर आता है.

# धनबाद कोक/ कोयला मंडी

### हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 12,000 |
| लो एश 30% | 13,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 12,000 |
| 65% FC | 14,500 |
| 70% FC | 16,500 |

नोट :*कर अतिरिक्त

### प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1650 |
| रायगढ़ | 1450 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1050 |
| विशाखापतनम | 2600 |
| होसपेट | 4200 |
| नागपुर | 2600 |
| फरीदाबाद | 3000 |
| बटाला | 3500 |
| अहमदाबाद | 2800 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2650 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 3000 |
| चेन्नई | 3800 |
| राउरकेला | 1250 |

# भारतीयों की यूरोप यात्रा को आसान बनाएगा शेंगेन वीजा



■ **यूरोपीय संघ के नए नियमों से मिलेगी राहत**

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारत से यूरोपीय संघ के देशों की यात्रा करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब आप पांच साल के लिए मल्टीपल एंट्री वाले शेंगेन वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। दरअसल इस संबंध में भारतीयों के लिए यूरोपीय संघ द्वारा कुछ नियमों में बदलाव किया गया है।

### ऐसे मिलेगा शेंगेन वीजा

*तीन वर्षों के भीतर दो वीजा प्राप्त करने और उनका वैध रूप से उपयोग करने वाले भारतीय नागरिकों को अब दो साल के लिए बहु-प्रवेश (मल्टीपल एंट्री) शेंगेन वीजा जारी किया जाएगा। इसके बाद अगर पासपोर्ट की वैधता शेष है, तो शेंगेन वीजा की सीमा को दो साल से बढ़ाकर पांच साल कर दिया जाएगा। बयान में आगे कहा गया है कि वीजा मानदंडों में यह बदलाव यूरोपीय संघ और भारत के बीच मजबूत संबंधों को देखते हुए लिया गया है।*

### शेंगेन क्षेत्र में कौन कौन से देश आते हैं !

*शेंगेन वीजा की मदद से आप 180 दिन की अवधि में अधिकतम 90 दिनों के प्रवास के लिए शेंगेन क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से यात्रा कर सकते हैं। बशर्ते आप शेंगेन क्षेत्र में जाकर नौकरी ना कर रहे हों। बता दें कि शेंगेन क्षेत्र में 29 यूरोपीय देश शामिल हैं, जिनमें बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, डेनमार्क, जर्मनी, एस्टोनिया, ग्रीस, स्पेन, फ्रांस, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, हंगरी, माल्टा, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवेनिया, स्लोवाकिया, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड, फिनलैंड और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं।*

### भारतीयों के लिए किया गया नियमों में बदलाव

*यूरोपीय संघ के भारतीय राजदूत हर्वे डेल्फिन ने कहा कि यह नई व्यवस्था से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। उन्होंने बताया कि भारत के लोगों के लिए इस वीजा के लिए 18 अप्रैल को कुछ नियमों में परिवर्तन किया गया। ये नियम वर्तमान वीजा के मानकों से कुछ अलग हैं।*

# ब्रिटेन की संसद से पास हुआ रवांडा शरणार्थी विधेयक

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की संसद ने रवांडा शरणार्थी विधेयक को पारित कर दिया है। इस विधेयक के तहत ब्रिटेन की सरकार अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले लोगों को अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। यह विधेयक बीते दो साल से अटका हुआ था और इसे अदालत में भी चुनौती दी गई। आखिरकार तमाम परेशानियों के बाद अब यह बिल कानून बनने वाला है। ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने बताया कि संसद से रवांडा विधेयक पारित हो गया है और कुछ ही दिनों में ये कानून बन जाएगा।

### क्या है रवांडा शरणार्थी विधेयक और क्यों हो रहा था इसका विरोध !



*ब्रिटेन में अवैध रूप से आने वाले शरणार्थियों खासकर आपराधिक गैंग्स द्वारा छोटी नौकाओं में जिन लोगों को ब्रिटेन भेजा जाता था, उन्हें रोकने के लिए रवांडा शरणार्थी विधेयक लाया गया था। इस विधेयक के तहत अवैध रूप से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को ब्रिटेन की सरकार अफ्रीकी देश रवांडा भेजेगी। रवांडा ये शरणार्थी ब्रिटेन की नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। जिन लोगों के आवेदन स्वीकार हो जाएंगे, उन्हें ब्रिटेन बुलाकर नागरिकता दे दी जाएगी।*

### अभी भी कानूनी चुनौतियां नहीं हुई हैं खत्म

*ब्रिटेन की संसद से रवांडा विधेयक पारित हो चुका है, लेकिन अभी भी सरकार को इसे लेकर कानूनी चुनौतियों का सामना २२२करना पड़ सकता है। दरअसल इस विधेयक को यूरोपीय अदालत में चुनौती दी जा सकती है क्योंकि ब्रिटेन अभी भी यूरोपीय कन्वेंशन ऑन ह्युमन राइट्स का सदस्य देश है और यूरोपीय अदालत ने पहले भी इस विधेयक पर रोक लगाई थी। ऐसे में संभव है कि आगे भी यूरोपीय कोर्ट इसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है।*

## संक्षिप्त खबर

### एरिजोना में हुए सड़क हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के एरिजोना में लेक प्लेजेंट के पास दो कारों के बीच टक्कर होने से दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। दोनों ही छात्र भारत के थे। वे अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के तौर पर पंजीकृत थे। पेरिया पुलिस के अनुसार, 'स्टेट रूट- 74' के ठीक उत्तर में कैसल हॉट स्प्रिंग्स रोड पर 20 अप्रैल को शाम करीब छह बजकर 18 मिनट दो कारों के बीच टक्कर हो गई। पुलिस ने एक बयान में कहा, यह पता लगाया जा रहा है कि वाहनों में टक्कर कैसे हुई । उसने बताया कि सड़क हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया की मृतकों की पहचान 19 वर्षीय निवेश मुक्का और 19 वर्षीय गौतम पारसी के रूप में की गई है। उसने बताया कि दोनों भारतीय थे।

### भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र की समन्वयक नियुक्त किया गया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने भारत की गीता सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र का रेजिडेंट समन्वयक नियुक्त किया है। संयुक्त राष्ट्र ने एक बयान में बताया कि सभरवाल ने सोमवार को अपना पद संभाला। उसने बताया कि सभरपाल के पास सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी से काम करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी और डेटा का इस्तेमाल करते हुए जलवायु परिवर्तन, स्थायी शांति, शासन एवं सामाजिक नीति के क्षेत्र में काम करने का लगभग 30 वर्षों का अनुभव है। संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि मेजबान सरकार की मंजूरी से सभरवाल को इंडोनेशिया में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है। सभरवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "अभी जकार्ता में पहुंची हूं। मैं एसडीजी की दिशा में काम करने के लिए क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल देश में संयुक्त राष्ट्रीय की रेजिडेंट समन्वयक के तौर पर 26 संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के सहयोग से इंडोनेशिया सरकार और इंडोनेशिया के लोगों की सेवा करने के लिए उत्सुक हूं। यह मेरे लिए सम्मान की बात है।

# मानवाधिकार उल्लंघन पर रिपोर्ट : पाकिस्तान चीन बेनकाब, ड्रैगन के निशाने पर उइगर

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी है, जिसमें पाकिस्तान के हालातों की पोल खुल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में मानवाधिकारों की दुर्गति हो रही है, जिनमें हत्याएं, अपहरण और मनमाने ढंग से हिरासत में रखने सहित अन्य मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ऐसे दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारियों के खिलाफ शायद ही कभी कार्रवाई करे।

### मानवाधिकार के प्रति सम्मान को बढ़ाना होगा

अमेरिकी रिपोर्ट में विभिन्न देशों के मानवाधिकारों के हनन पर प्रकाश डाला गया। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि मानवाधिकार के प्रति सम्मान को बढ़ाना होगा और स्वतंत्रता की रक्षा करना होगा। अमेरिका हमेशा दुनिया भर में मानवीय गरिमा और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष वालों का समर्थन करेगा।

**पाकिस्तान में कुछ महत्वपूर्ण मानवाधिकार मुद्दों में गैरकानूनी या मनमानी हत्याओं की विश्वसनीय रिपोर्टें शामिल हैं.....**

- हत्याएं और अपहरण
- सरकार या उसके एजेंटों द्वारा अपमानजनक व्यवहार
- कठोर और जीवन-घातक जेल की स्थितियां
- मनमाने ढंग से हिरासत
- राजनीतिक कैदी
- दूसरे देश में व्यक्तियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दमन।
- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मीडिया की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध
- पत्रकारों के खिलाफ हिंसा



- इंटरनेट की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध
- धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध
- पश्तून और हजारा समुदायों के सदस्यों को निशाना बनाकर हिंसा
- यहूदी विरोधी भावना से प्रेरित हिंसा

# एनईपी और पीएम मोदी के विजन से सुधरा भारत में उच्च शिक्षा प्रदर्शन

■ **भारतीय विवि में 54% बढ़ा शोध कार्य**

**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश रैंकिंग संस्थान क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) के संस्थापक नुंजियो क्वाक्वेरेली के मुताबिक जी-20 देशों में भारत के विश्वविद्यालयों की औसत रैंकिंग में साल-दर-साल 14 फीसदी अहम सुधार हुआ है।क्वाक्वेरेली ने एक पोस्ट में लिखा कि अनुसंधान के मामले में भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ा है। 2017 से 2022 तक इसके अनुसंधान उत्पादन में 54 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे भारत इस क्षेत्र में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने भारत की उच्च शिक्षा की प्रगति के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को श्रेय देते हुए पीएम नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों की भी अहम बताया। उन्होंने पीएम के साथ मुलाकात को याद करते हुए कहा कि बातचीत के दौरान स्पष्ट हो गया था कि पीएम मोदी के पास भारतीय शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की भावुक प्रतिबद्धता है, जो एनईपी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में परिलक्षित होती है।क्वाक्वेरेली ने 10 अप्रैल को प्रकाशित नवीनतम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत के विश्वविद्यालयों के प्रदर्शन के संबंध में यह उल्लेख किया है।

## यूएसए : एडल्ट स्टार को पैसे देकर मुंह बंद कराने का मामला

# वकीलों का आरोप- ट्रंप ने चुनाव के दौरान तोड़ा कानून



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं लेकिन इससे पहले रिपब्लिकन उम्मीदवार और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ डाउनटाउन कोर्ट में गुप्त धन से संबंधित मामले में सुनवाई हो रही है। इस दौरान वकीलों ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने एक एडल्ट स्टार को गुप्त धन के भुगतान के मामले को क्यों छुपाया और कैसे 2016 के चुनाव अभियान के दौरान कानून तोड़ा। किसी भी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर इस तरह का पहला आपराधिक मुकदमा चल रहा है।

### अभियोजन पक्ष ने लगाए यह आरोप

*सुनवाई के दौरान वकील मैथ्यू कोलांगलो ने बताया कि ये पूरी तरह से साजिश और धोखेबाजी से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार करने के लिए एक आपराधिक योजना बनाई। इस मामले में डोनाल्ड ट्रंप के वकील भी अपनी दलीलें कोर्ट में रखेंगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले यह ट्रंप के चार आपराधिक मुकदमों में से एकमात्र मुकदमा हो सकता है, जिस पर सुनवाई होनी है। अगर ट्रंप इस मामले में दोषी करार दिए जाएंगे तो उनकी उम्मीदवार पर खतरा पैदा हो सकता है।*

### स्टार्मी डेनियल को दिए 130,000 डॉलर

*सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कहा कि ट्रंप के पूर्व वकील माइकल कोहेन ने स्टॉर्मी डेनियल को 130,000 डॉलर का भुगतान किया था। ऐसा इसलिए क्योंकि स्टॉर्मी डेनियल ट्रंप के साथ अवैध संबंधों को लेकर चुप्पी साधे रखें। इस मामले में ट्रंप ने डेनियल के साथ संबंधों से इनकार किया है।आगे कहा गया है कि 2016 के चुनाव के दौरान ट्रंप ऐसे ही कुछ मामलों का सामना कर रहे थे।*

# ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलन मस्क को बताया घमंडी अरबपति



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने मंगलवार को अरबपति कारोबारी एलन मस्क को 'घमंडी' बता दिया। बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक पादरी के साथ हुई चाकूबाजी की घटना के वीडियो को एक्स से न हटाए जाने को लेकर अल्बानीज मस्क पर भड़क गए।

### क्या है मामला !

*दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में एक चर्च में कुछ ही दिनों पहले एक चाकूबाजी की घटना हुई थी। यहां एक 16 साल के लड़के ने चर्च के एक पादरी पर इस्लाम की आलोचना का आरोप लगाते हुए उसे चाकू मार दी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तौर से वायरल हुआ। बाद में ऑस्ट्रेलिया के दूरसंचार नियामकों ने एक्स से इस वीडियो से जुड़े कुछ पोस्ट्स और कमेंट्स हटाने के लिए कहा। हालांकि, एक्स की तरफ से इस मामले में कार्रवाई न किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दूरसंचार नियामक का आदेश मानने को कहा। बाद में एक्स ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से पूरी तरह हटाने की जगह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में स्थित यूजर्स के लिए हटाया।*

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम की मस्क को खरी-खरी

*इसी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को जिम्मेदार होना चाहिए, लेकिन मस्क इस हिंसा से भरी सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म पर रखने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इस घमंडी अरबपति, जो सोचता है कि वह कानून और आम शालीनता से भी ऊपर है, से निपटने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे।*

# ब्लैक समर से भी बड़ी अगलगी: 2023 में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया का आठ करोड़ 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जल गया



**एजेंसी। 23 अप्रैल**

**डार्विन।** यह सुनकर आश्चर्य हो सकता है कि 2023 में ऑस्ट्रेलिया को जंगल की सबसे बड़ी आग का सामना करना पड़ा। एक दशक से अधिक समय में यह जंगल की आग का सबसे बड़ा मौसम था। यह आग 2019-20 की ब्लैक समर कही जाने वाली जंगल की आग से भी आठ गुना बड़ी आग थी। ब्लैक समर ने दक्षिण-पूर्व ऑस्ट्रेलिया में एक करोड़ हेक्टेयर का क्षेत्र जला डाला था। मेरे शोध से पता चलता है कि 2023 की आग ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में आठ करोड़ 40 लाख हेक्टेयर से अधिक रेगिस्तान और सवाना को जला दिया। यह पूरे न्यू साउथ वेल्स से बड़ा है, या यूनाइटेड किंगडम के आकार से तीन गुना अधिक है। इन आग के पैमाने को समझना कठिन है। जिस गति से ये आग फैली वह भी अविश्वसनीय थी। सितंबर और अक्टूबर के कुछ ही हफ्तों में, उत्तरी क्षेत्र और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के बार्कली, तनामी और ग्रेट सैंडी रेगिस्तान में एक करोड़ 80 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई। मैंने इस महीने कैनबरा में अंतर्राष्ट्रीय अग्नि व्यवहार और ईंधन सम्मेलन में 2023 की आग पर यह शोध प्रस्तुत किया। मैंने इन आग के पैमाने का वर्णन किया, वे क्यों घटित हुईं, और ऑस्ट्रेलिया के दूरस्थ लेकिन पारिस्थितिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा में मदद करने के लिए आग को कैसे बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है। ऐसा क्यों हुआ? आग और बारिश का गहरा संबंध है। बारिश से घास में वृद्धि होती है और जब यह सूख जाती है, तो घास आग का ईंधन बन जाती है।




वर्ष 6 अंक 11 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं आवाज प्रकाशन प्रा. लि.ओम भवन, झौंसागढ़ी, दुमका रोड, नजदीक गौशाला, देवघर 814112 से प्रकाशित। संपादक - अमित कुमार सिन्हा। स्थानीय संपादक उदय शंकर खवाड़े* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7319894441, फैक्स (06432) 240300 RNI No. JHAHIN/2019/78205 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awazdesk@gmail.com